



www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही




रांची | 30 सितंबर, 2025, मंगलवार, वर्ष 10, अंक 340, आश्विन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00











# पंडालों में मां की झलक पाने के लिए उमड़ा आस्था का सैलाब

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सात्विक जनों को अभय देने वाली मां महिषासुर मर्दिनी धरा पर उतर आयी हैं। उनके मनोहारी रूप से जग में उजियारा है। झारखंड का कण-कण भी मां भवानी के घुंधरुओं की झनकार से गूंज रहा है। घरो, मंदिरों और पंडालों में स्थापित मिट्टी कलश में सप्तधान्य, सप्तमृतिकाएं फूल गयी हैं। जई की बालियां संक्षिप्त बालु कणों की ओट से झांकने लगी हैं। सनातनी का तन-मन मां की श्रद्धा और भक्ति से सराबोर है। नित्य पूजा-अर्चना और पाठ की मधुर सवरलहरियां कानों में मिश्री धोल रही है।

व्रत-उपवास कर श्रद्धालु जहां मां के श्रीचरणों में श्रद्धा के पुष्प चढ़ा रहे, वहीं दुर्गोत्सव के उल्लास का भी भरपूर आनंद उठा रहे। गली-कूचों से लेकर चौक-चौराहों तक विविध थीम पर आधारित माता रानी का एक से बढ़ कर एक पंडाल जहां बरबस ही आकर्षित कर रहा, तो विद्युत सज्जा का भी अलग ही आकर्षण है। चकरी काटती रंग-बिरंगी रोशनी से से दमकते आदिशक्ति के दरबार के क्या ही कहने। शिल्पकला के बेजोड़े भव्य दरबार में विराजी मां और अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की मोहनी रूप देखते ही बन रही है।

सोमवार नवरात्र महासप्तमी पर मां के दर्शन को दर्शनार्थियों का सैलाब उमड़ा। सांझ ढलते सड़क से लेकर पूजा पंडालों तक भक्तों का रेला सा लगा रहा। भक्त आते अपने इष्ट का दर्शन कर भक्ति के मेले में खो से जाते। जैसे-जैसे रात गहराती गयी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास दुर्गोत्सव का रंग भी चटक होता गया। अब विजयदशमी तक कुछ ऐसा ही आलम चहुंओर छाया रहेगा।



## निशा पूजा संपन्न आज महाअष्टमी व्रत

रांची। सोमवार शाम 4.30 बजे से ही अष्टमी शुरू हो गयी, जो मंगलवार 6.30 बजे शाम तक रहेगी। इसलिए निशा पूजा रात में ही संपन्न हो जायेगी। अष्टमी का विशेष महत्व है। महाअष्टमी का व्रत मंगलवार को होगा। कुआंरी भोजन कराया जायेगा। महिलाएं सिंदूर, बिंदी आदि चढ़ायेंगी। इसकी तौयारी जोरों पर है। सुबह से ही पंडाल में भीड़ जुटने की उम्मीद है। मंगलवार को जोपहर 1.44 अष्टमी है। इसके बाद नवमी शुरू हो जायेगा। शाम में संधि पूजा होगी। एक अक्तूबर को महा नवमी की पूजा होगी। इस दिन दोपहर 2.36 तक नवमी है।






# एसीबी ने विनय सिंह के हजारीबाग और गुमला के शो रूम पर छापा मारा

**नेक्सजेन शोरूम को अस्थायी रूप से किया सील**

**आजाद सिपाही टीम।**

**गुमला/हजारीबाग।** एसीबी की टीम ने भूमि घोटाला केस में जांच आगे बढ़ाते हुए कारोबारी विनय सिंह के हजारीबाग और गुमला के ठिकानों पर छापा मारा। हजारीबाग स्थित महिंद्रा नेक्सजेन के शोरूम को सील कर दिया है। शोरूम के बाहर नोटिस भी चिपका दिया है। वहीं, सोमवार को गुमला में लोहरदगा रोड स्थित महिंद्रा नेक्सजेन के शोरूम में सोमवार की सुबह 10 बजे छापेमारी की।


**दस्तावेज लेकर गयी टीम:** हजराबीगा में रविवार दिन भर चली जांच के बाद शाम को एसीबी टीम वापस लौट गयी थी। सोमवार सुबह टीम ने शोरूम को सील कर दिया। एसीबी में दर्ज कांड संख्या 9/25 में यह कारवाई की है। वहीं एसीबी टीम अपने साथ सात कंप्यूटरएक लैपटॉप और जरूरी दस्तावेज अपने साथ लेकर गये हैं।

## सुबह 10 बजे पहुंची टीम

एसीबी की टीम ने शहर के लोहरदगा रोड स्थित महिंद्रा नेक्सजेन के शोरूम में सोमवार की सुबह 10 बजे छापेमारी की। टीम ने चार घंटे तक छापामारी की और आवश्यक दस्तावेज जब्त कर लिया। लोहरदगा रोड स्थित नेक्सजेन महिंद्रा शॉ रूम और सिसई रोड स्थित वर्क शॉप को सील कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक एसीबी की टीम एपने साथ जरूरी कागजात भी ले गयी।









# हर दुकान पर लगना चाहिए स्वदेशी का बोर्ड: मोदी

**प्रधानमंत्री ने दिल्ली के कार्यकर्ताओं को दी जिम्मेदारी**

**दिल्ली में भाजपा के नये कार्यालय का किया उद्घाटन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली भाजपा के नये कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा है कि लोगों जागरूक करने की जरूरत है। दिल्ली में मिनी इंडिया बसता है। गर्व से कहो यह स्वदेशी है। स्वदेशी का बोर्ड हर दुकान पर लगना चाहिए। यह दायित्व भाजपा



कार्यकर्ताओं का है। जीएसटी का फायदा सामान्य व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले अगर एक सामान्य परिवार अपनी रोज की जरूरतों पर साल में 1 लाख रुपये अगर खर्च करता था, तो उसे करीब 25 हजार रुपये टैक्स देना पड़ता था। हम 2017 में जीएसटी लेकर आये, तो सामान सस्ते हुए, टैक्स भी कम हुआ और अब नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स के बाद एक लाख के खर्च पर उस परिवार को सिर्फ 5-6 हजार रुपये ही टैक्स देना पड़ेगा। इनकम टैक्स और जीएसटी इन दोनों को मिला लें तो हर साल देशवासियों के करीब ढाई लाख करोड़ रुपये की बचत होने वाली है। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली के लोगों की अपेक्षा को पूरा करने के लिए दिल्ली भाजपा और सरकार कठिन परिश्रम कर रही है। मोदी ने कहा कि भाजपा की स्थापना को 45 साल हो गये हैं। जिस बीज से भाजपा आज इतना बड़ा वट वृक्ष बना, उसका रोपण अक्टूबर 1951 में हुआ था।







आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 30 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# एशिया कप में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को कहीं का न छोड़ा

## बीसीसीआइ ने लताड़ा, कहा- भारत आनी चाहिए एशिया कप ट्रॉफी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** एशिया कप 2025 फाइनल में पाकिस्तान को हराकर खिताब जीतने वाली टीम इंडिया को ट्रॉफी भले ही नहीं मिली हो, लेकिन अब इस विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। दरअसल, एसीसी (एशियन क्रिकेट काउंसिल) अध्यक्ष और पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) चेयरमैन मोहसिन नकवी पर आरोप है कि उन्होंने विजेता ट्रॉफी और मेडल अपने होटल के कमरे में ले गये। इस पर बीसीसीआइ ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि ट्रॉफी भारत भेजी जानी चाहिए, क्योंकि खिताब जीतने वाली टीम उसकी असली हकदार है।

बता दें कि तिलक वर्मा की शानदार अर्धशतकीय पारी और कुलदीप यादव गेंदबाजी की बदौलत टीम इंडिया ने रविवार को खेले गये एशिया कप फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर खिताब जीत लिया। यह उसकी टी20 फॉर्मेट की दूसरी और एशिया कप की कुल नौवीं फाइनल में जीत रही।

**मैच के बाद भारत ने किया ट्रॉफी लेने से इनकार :** एशिया कप 2025 जीतने के बाद टीम इंडिया ने एसीसी अध्यक्ष और पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। इसे लेकर पूरी रात ड्रामा चला। इस दौरान नकवी स्टेज पर ही इंतजार करते रहे। मोहसिन नकवी से भारतीय टीम ने ट्रॉफी क्यों नहीं ली, इस पर अब बीसीसीआइ सचिव देवजीत सैकिया का बयान सामने आया है। सैकिया ने कहा, भारत एक ऐसे देश के साथ युद्ध की स्थिति में है और उसी देश के एक नेता को हमें ट्रॉफी सौंपनी थी... हम ऐसे व्यक्ति से ट्रॉफी स्वीकार नहीं कर सकते, जो उस देश का प्रतिनिधित्व करता है, जो हमारे देश के खिलाफ युद्ध छेड़े हुए है। इसलिए हमने वह ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। सैकिया ने आगे कहा, इसका मतलब यह नहीं है कि वह व्यक्ति हमारी ट्रॉफी और पदक, जो हमारी टीम को मिलने चाहिए, उन्हें अपने होटल के कमरे में ले जाये। यह बिल्कुल अस्वीकार्य है और हमें उम्मीद है कि उनमें इतनी समझ होगी कि वे जल्द से जल्द वह ट्रॉफी भारत भेज दें। इससे कम से कम नैतिकता का कुछ स्तर तो बहाल होगा। हम आज (एशिया कप फाइनल) के पुरस्कार वितरण समारोह में उस व्यक्ति के व्यवहार के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराने जा रहे हैं।

### प्रधानमंत्री फ्रंट फुट पर खेलते हैं : सूर्या



**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया दी है। सूर्या ने कहा, अच्छा लगता है, जब देश का लीडर फ्रंट फुट पर बल्लेबाजी करता है। उन्होंने कहा, यह ऐसा है, जैसे वह खुद स्ट्राइक लेकर रन बना रहे हैं। यह देखकर बहुत अच्छा लगा और जब सर सामने खड़े हों, तो निश्चित रूप से खिलाड़ी खुलकर खेलेंगे। बता दें कि भारत की जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, ऑपरेशन सिंदूर खेल के मैदान पर जारी।

### मोदी के पोस्ट पर बौखला गये पाकिस्तान के गृह मंत्री



**इस्लामाबाद।** पीएम मोदी के बयान पर भड़के पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ मोहसिन नकवी ने जवाब दिया है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, अगर युद्ध ही आपका गौरव मापने का पैमाना है, तो इतिहास में पाकिस्तान के हाथों आपकी शर्मनाक हार पहले से दर्ज है। कोई भी क्रिकेट मैच उस सच्चाई को नहीं बदल सकता। खेल में युद्ध को घसीटना केवल आपकी डिस्परेशन को दिखाता है, जो कि खेल की मूल भावना का अपमान करता है।

### भारतीय टीम ने ट्रॉफी के बिना ही जीत का जश्न मना डाला

**दुबई।** भारतीय टीम को जब ट्रॉफी नहीं दी गयी, तो कप्तान सूर्यकुमार यादव ने साथी खिलाड़ियों के सामने खाली हाथ ही ऐसी मुद्रा बनायी, मानो वे ट्रॉफी लेकर आ रहे हों। बाकी खिलाड़ियों ने भी इसे ही असली ट्रॉफी मानकर सेलिब्रेट किया।

**भारत और पाकिस्तान की टीम अलग-अलग खड़ी रही :** नकवी जैसे ही प्रेजेंटेशन स्टेज पर आये, स्टैंड में बैठे भारतीय प्रशंसकों ने 'भारत माता की जय' के नारे लगाने शुरू कर दिये। इधर, भारतीय टीम अवॉर्ड लेने नहीं गयी, तो करीब एक घंटे तक स्टेज पर कन्फ्यूजन बना रहा। जहां भारतीय खिलाड़ी ग्राउंड पर बैठे थे, तो वहीं पाकिस्तानी टीम अलग-थलग खड़ी हुई थी।

# ब्रिक्स देशों को लामबंद करने में जुटा भारत

## टैरिफ पर जयशंकर के प्लान से बौखलाये ट्रंप

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली।** टैरिफ को लेकर भारत-अमेरिका के बीच तनाव बना हुआ है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ब्रिक्स कभी पसंद नहीं आया। वह इस मंच को अमेरिकी प्रभुत्व के लिए चुनौती की तरह देखते हैं। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक से इतर ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों का मिलना अमेरिका को जाहिर तौर पर रास नहीं आयेगा, लेकिन ट्रंप की मौजूदा नीतियों और संरक्षणवाद को देखते हुए जरूरी है कि भारत विकल्पों की तलाश तेजी से करे।

**ब्रिक्स देशों से भारत का आह्वान :** इस बैठक में विस्तारित ब्रिक्स देशों के सहयोग को और गहराने पर जोर दिया गया।

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि ब्रिक्स देशों को वैश्विक व्यापार व्यवस्था पर हो रहे दबाव और चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।

जयशंकर ने अपने बयान में अमेरिका का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि जब बहुपक्षीय व्यवस्था दबाव में है, तब ब्रिक्स ने हमेशा विवेकपूर्ण और सकारात्मक बदलाव की आवाज उठायी है।

**ब्रिक्स देशों को लामबंद कर पायेगा भारत :** ब्रिक्स में अब 10 देश हैं। मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका ने मिलकर इसका गठन किया था।

लेकिन 2024 में पांच नये सदस्य देश मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, और संयुक्त अरब अमीरात इससे जुड़ गये। इससे ब्रिक्स एक शक्ति के रूप में उभर कर सामने आया है। ट्रंप ब्राजील से भी खफा हैं, जो ब्रिक्स का पहला सदस्य देश है। ब्राजील भी अमेरिका की नीतियों से परेशान है और टैरिफ से निपटने के रास्ते खोज रहा है।

बहरहाल, न्यूयॉर्क में ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका और दूसरे सदस्य देशों की मेजबानी भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने की। उन्होंने अमेरिका का नाम नहीं लिया, लेकिन टैरिफ और संरक्षणवाद के रूप में उन्होंने मौजूदा वैश्विक व्यापार के सामने खड़ी जिन चुनौतियों का नाम लिया, वे सीधे तौर पर वॉशिंगटन से जुड़ती हैं। उन्होंने ब्रिक्स देशों से वैश्विक व्यापार प्रणाली की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करने का आह्वान किया।

### टैरिफ की सबसे ज्यादा मार कौन झेल रहा

सवाल है टैरिफ की सबसे ज्यादा मार कौन झेल रहा है। इस समय ब्रिक्स की अध्यक्षता ब्राजील के पास है और अगले साल भारत को मिलनी है। ये दोनों ही देश अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ और जुर्माने का सामना कर रहे हैं। ब्राजील से ट्रंप वहां के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो को सजा दिये जाने से नाराज हैं, तो भारत से उनके खफा होने की वजह रूसी तेल की खरीद है। वैसे यह संयोग नहीं कि ट्रंप की नीतियों ने अनुचित ढंग से ब्रिक्स के सदस्यों पर सबसे ज्यादा असर डाला है।

### डॉलर का दबदबा खत्म होने का डर सता रहा

अब थोड़ा अर्थव्यवस्था का गणित समझ लेते हैं। वैश्विक जीडीपी में ब्रिक्स की हिस्सेदारी 40 फीसदी है। दुनिया की आधी आबादी इन देशों में रहती है और विकास के मामले में इसने जी-7 को पीछे छोड़ दिया है। ये आंकड़े ट्रंप के लिए चिंताजनक साबित हो रहे हैं। उन्हें यह भी चिंता है कि ब्रिक्स के सदस्य देश जिस तरह एक-दूसरे के साथ व्यापार में अपनी मुद्रा का इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे डॉलर का दबदबा खत्म हो सकता है। हालांकि भारत का स्पष्ट कहना है कि यह मंच पश्चिम के विरोध का नहीं है और डॉलर की वैकल्पिक मुद्रा लाने की भी कोई योजना नहीं है।

### दूसरे मंचों से नये रास्ते खोजे जायें

ऐसे में संयुक्त राष्ट्र से इतर ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों के इस बैठक की जरूरत थी, क्योंकि अमेरिका के साथ भारत की ट्रेड डील की बात अब भी रूसी तेल पर अटकी हुई है। जो गतिरोध पहले थे, यानी रूस से तेल खरीद, व्यापार में असंतुलन, वे अभी भी बने हुए हैं। ऊपर से नये वीजा नियमों की वजह से भी भारतीय आइटी पेशेवरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में विश्लेषकों का मानना है कि यह ठीक है कि अमेरिका के साथ बातचीत के जरिये मसलों को हल करने की कोशिश की जाये, लेकिन साथ में दूसरे मंचों का भी इस्तेमाल कर नये रास्ते खोजे जायें।

# सम्राट चौधरी पर प्रशांत किशोर का विस्फोटक आरोप

## हत्या का आरोपी मंत्री बना हुआ है, नीतीश सरकार से बर्खास्तगी और गिरफ्तारी की मांग

**अशोक चौधरी को 5 दिन का अल्टीमेटम, नहीं तो 500 करोड़ के भ्रष्टाचार का खुलासा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** जनसुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें छह हत्याओं का आरोपी बताया और नीतीश सरकार से उनकी बर्खास्तगी और गिरफ्तारी की मांग की। प्रशांत किशोर ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं की गयी, तो वो राज्यपाल से मिलकर इस मामले को उठायेंगे।

**चर्चित शिल्पी-गौतम बलात्कार और हत्या का भी जिक्र :** उन्होंने लालू प्रसाद के शासनकाल के चर्चित शिल्पी-गौतम बलात्कार और हत्या मामले का भी जिक्र करते हुए पूछा, क्या सम्राट चौधरी उस मामले में संदिग्ध थे या नहीं? क्या इस मामले में सीबीआइ जांच हुई थी और उनका सैंपल लिया गया था? उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी बिहार सबसे चर्चित शिल्पी हत्याकांड में संदिग्ध अभियुक्त थे। उस समय सम्राट चौधरी राष्ट्रीय जनता दल में थे। साधु यादव के साथ इन्हें भी अभियुक्त बनाया गया था। इस केस की जांच सीबीआइ ने भी की। सीबीआइ की टीम ने सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार से पूछताछ की थी। उनका सैंपल भी लिया था। लेकिन उस वक्त लालू प्रसाद यादव सरकार में थे। उन्होंने साधु यादव को बचाने के लिए पूरा केस खत्म करवा दिया। लेकिन बिहार की जनता इस केस के बारे में जानती है। पीके ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार सम्राट चौधरी को गिरफ्तार करवायें या फिर जिन पर हत्या का आरोप है, उनको जेल से बाहर करवा दें।

**कांग्रेस नेता सदानंद सिंह की हत्या का आरोप :** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर प्रशांत किशोर ने बड़ा आरोप लगाया कि सम्राट चौधरी का पहला नाम सम्राट कुमार मौर्य है। 1998 में कांग्रेस के बड़े नेता सदानंद सिंह की हत्या कर दी गयी। इस हत्या का आरोप सम्राट चौधरी पर लगा कि इन्होंने बम मारकर सदानंद सिंह समेत छह लोगों की हत्या कर दी। इसके बाद केस हुआ। सम्राट चौधरी जेल गये। छह महीने बाद नाबालिग होने के नाम पर वह जेल से निकले। **मंत्री अशोक चौधरी पर हमला तेज :** प्रशांत किशोर ने बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी पर अपना हमला तेज करते हुए वैभव विकास ट्रस्ट के वित्तपोषण पर गंभीर सवाल उठाये। उन्होंने दावा किया कि जब से अशोक चौधरी की बेटी की सगाई ट्रस्ट की सदस्य अनीता कुणाल के बेटे से हुई है, तब से ट्रस्ट करीब 100 करोड़ की जमीन खरीद चुका है। प्रशांत किशोर ने कहा कि तारापुर में 1995 में छह लोगों की हत्या हुई थी, जो सभी कुशवाहा जाति के थे। यह बिहार में जातीय राजनीति करने वालों के लिए सबक होना चाहिए। सम्राट चौधरी कहते हैं कि मैं कुशवाहा हूं। प्रशांत किशोर ने आरोप लगाया कि मगर छह लोगों की हत्या से जुड़ा तारापुर मामला संख्या 44/1995 में सम्राट चौधरी अभियुक्त हैं।

### मानहानि नोटिस वापस लें, नहीं तो खुलासा करेंगे : प्रशांत किशोर

प्रशांत किशोर ने ट्रस्ट के लोगों से इस 100 करोड़ की खरीदारी का स्रोत बताने को कहा। इन लोगों में किशोर कुणाल, अनीता कुणाल और जिया लाल आर्य शामिल हैं। उन्होंने अशोक चौधरी से पांच दिन में 100 करोड़ के मानहानि नोटिस वापस लेने, सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और इस्तीफा देने की मांग की। प्रशांत किशोर ने कहा, अगर इस्तीफा नहीं देंगे तो हम उनका राजनीतिक घेराव करेंगे और राज्यपाल से कार्रवाई की मांग करेंगे और 500 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का खुलासा करेंगे। अशोक चौधरी ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाये जाने पर प्रशांत किशोर को 100 करोड़ के मानहानि का नोटिस भेजा था। किशोर ने आरोप लगाया कि अशोक चौधरी ने 20 हजार करोड़ रुपये के ठेके दिये हैं और पांच प्रतिशत कमीशन लिया।

# चाकुलिया का प्राचीन दुर्गा मंदिर, जहां बेटी की कामना से आते हैं श्रद्धालु

**हिंदू धर्म में नारी को बताया गया शक्ति स्वरूपा, सृष्टि की जननी और पालनहार**

दीपक कुमार





**बोकारो (आजाद सिपाही)।** नारी शक्ति के प्रति सम्मान, समानता और श्रद्धा की धार्मिक परंपरा की एक ऐसी ही मिसाल बोकारो जिला स्थित चांस प्रखंड के चाकुलिया गांव में स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में देखने को मिलती है। प्राचीन दुर्गा मंदिर अपनी अनूठी मान्यता और परंपरा के लिए प्रसिद्ध है। लगभग 175 वर्ष पूर्व स्वर्गीय कालीचरण दुबे ने पुत्री प्राप्ति की कामना से इस मंदिर में मां दुर्गा की आराधना शुरू की थी। आश्चर्य की बात है कि तब से लेकर आज तक यह मंदिर पुत्री प्राप्ति हेतु विशेष कामना के लिए प्रसिद्ध है। वर्तमान 21वीं सदी के दौर में भी जहां बेटियों को अक्सर बोझ समझा जाता है और उनका जीवन कठिन बना दिया जाता है। वहीं, चाकुलिया का यह मंदिर एक अलग संदेश देता है। लोग यहां पुत्री प्राप्ति की कामना लेकर आते हैं। दुबे परिवार के पुजारी मनोहर दुबे बताते हैं कि उनके पूर्वजों ने पुत्री की प्राप्ति हेतु मिट्टी के घर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना की थी। मनोकामना पूर्ण होने पर पुत्री का नाम भवानी रखा गया। तभी से लेकर आज तक ग्रामीणों के अलावा दूर दराज के श्रद्धालु के यहां आते हैं। स्थानीय पत्रकार ब्रह्मदेव दुबे बताते हैं कि यहां घट स्थापना की परंपरा भी अद्भुत है। मंदिर स्थापना के समय जिस तांबे के लोटे से पहली बार घट स्थापना हुई थी, उसी लोटे से आज भी घट स्थापित कर पूजा की शुरूआत की जाती है। इसे परिवार और गांव की आस्था का प्रतीक माना जाता है। करीब 13 वर्ष पूर्व यहां मां सिद्धिदात्री मंदिर की स्थापना की गयी। यहां रोज पूजा होती है और विशेष अवसरों पर भक्तों की उम्र पड़ती है यह मंदिर समाज को या विशिष्ट संदेश देता है कि बेटियां वरदान हैं, बोझ नहीं। यहां की परंपरा हमें याद दिलाती है की संतान में पुत्री उतनी ही महत्वपूर्ण है जितना की पुत्र।

हिंदू धर्म में नारी को आदिकाल से पूजनीय और सम्माननीय माना गया है, और उन्हें देवी का दर्जा दिया गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नारी को शक्ति स्वरूपा बताया है, जो सृष्टि की जननी और पालनहार है। यही वजह है कि कन्या पूजन में छोटी कन्याओं को देवी दुर्गा का रूप मानकर उनकी पूजा की जाती है। ताकि घर-परिवार में सुख-समृद्धि, शांति और सौभाग्य आ सके। यह अनुष्ठान नारी शक्ति के प्रति सम्मान का प्रतीक है और समाज में स्त्री सम्मान और समानता को बढ़ावा देता है।

### कन्या पूजन का धार्मिक महत्व

**दिव्य ऊर्जा का प्रतीक:** छोटी कन्याएं मासूमियत, पवित्रता और दिव्य ऊर्जा का प्रतीक होती हैं।

**मां दुर्गा का स्वरूप:** प्रत्येक कन्या में माता दुर्गा का दिव्य रूप निवास करता है, इसलिए उनकी पूजा करके मां दुर्गा की नौ शक्तियों की आराधना की जाती है।

**सुख-समृद्धि का आशीर्वाद:** कन्या पूजन से घर में सुख, शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा आती है।

**नारी शक्ति का सम्मान:** यह अनुष्ठान समाज में नारी शक्ति और पवित्रता के प्रति सम्मान व्यक्त करता है।

**नैतिकता और विवेक:** यह भक्तों को सद्गुण अपनाने और जीवन में नैतिकता व विवेक के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

**सामाजिक संदेश:** कन्या पूजन हमें याद दिलाता है कि बेटियां सिर्फ परिवार की शोभा नहीं, बल्कि शक्ति और ज्ञान का प्रतीक हैं, जिससे समाज में नारी सम्मान और समानता का संदेश जाता है।

**आध्यात्मिक और प्रतीकात्मक अनुष्ठान :** महाअष्टमी और महानवमी को किये जाने वाले कन्या पूजन की चर्चा विशेष रूप से देवी भागवत पुराण और मारकंडेय पुराण में की गयी है। इन ग्रंथों के अनुसार कन्याओं को देवी दुर्गा का प्रत्यक्ष स्वरूप मानकर उनकी पूजा करने से व्यक्ति को सभी पापों से मुक्ति मिलती है और मां दुर्गा की असीम कृपा प्राप्त होती है। शास्त्रों में कन्याओं को शुद्धता, मासूमियत और दिव्य शक्ति का प्रतिरूप बताया गया है।

### कन्या पूजन अनुष्ठान

कन्या पूजन, कन्या भोज व कुमारी पूजा पवित्र अनुष्ठान है। जिसे नवरात्रि पर्व के आठवें और नौवें दिन किया जाता है।

इसमें मुख्य रूप से नौ बाल-कन्याओं की पूजा की जाती है, जो देवी दुर्गा (नवदुर्गा) के नौ रूपों का प्रतिनिधित्व करती हैं

### नवरात्रि व्रत का समापन कन्या पूजन से

कन्या पूजन स्त्री शक्ति का सम्मान है। कन्याओं को अन्न, वस्त्र और उपहार देकर यह संदेश दिया जाता है कि नारी ही सृष्टि की जननी और पालनहार है। हिंदू धर्म में नवरात्रि का पर्व विशेष महत्व रखता है। यह पर्व हमें प्रेरित करता है कि सिर्फ त्योहारों में नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में स्त्रियों को उचित स्थान देने को प्रेरित करता है। देवी की उपासना सिर्फ मंदिर में या कन्या पूजन तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं को समानता और गरिमा देना ही सच्ची पूजा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 31.8 °c | 22.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.39 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.40 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 30 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने पंडालों में मां का आशीर्वाद लिया



**सुख, शांति और समृद्धि की कामना की**

**गिरिडीह परिसदन में सुनी लोगों की समस्याएं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन 29 सितंबर को गांडेय पहुंची, जहां उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और स्थानीय लोगों से मुलाकात की।

विधायक कल्पना सोरेन ने पहले तो गांडेय क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों और राज्यवासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने इस दौरान लोगों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं भी दीं। पूजा पंडालों में दर्शन करने के बाद, कल्पना सोरेन ने गिरिडीह परिसदन पहुंची, जहां वे स्थानीय आमजनों से भेंट की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने उनसे मिलकर अपनी समस्याएं साझा कीं।

जिसके बाद विधायक ने लोगों की समस्याओं और शिकायतों को तत्काल संज्ञान में लिया और समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किये।

भाकृअनुप- केंद्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006, ओड़िशा, भारत
ICAR-CENTRAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA
भाकृअनुप ICAR
CRRI Estd. 1946

विज्ञापन संख्या / Advt. No. 32/YP-II/2025-26 दिनांक/Date: 29.09.2025

प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु सूचना/Notice for Walk-In-Interview

प्रधान अन्वेषक, **ईएपी-404** योजना के तहत सभी योग्य उम्मीदवारों को **एक (01) यंग प्रोफेशनल-II (वाई.पी-II)** के चयन हेतु को भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., कटक, उड़ीसा में प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु आमंत्रित करते है। अधिक जानकारी के लिए कृपया भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., की वेबसाइट **https://icar-crri.in/walk-in-interview-3/** पर जाएं।

P.I. of the project **EAP-404**, invites all the eligible candidates for walk-in-interview for the post of **One (01) Young Professional-II (YP-II)** at ICAR-CRRI, Cuttack, Odisha. For further details please visit to ICAR-CRRI website: **https://icar-crri.in/walk-in-interview-3/.**

प्रधान अन्वेषक/Principal Investigator

# 2 अक्तूबर को मोरहाबादी में होगा रावण दहन

## 70 फीट के पुतले के साथ लेजर शो और रंगीन आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रहेगा

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रावण का पुतला दहन करेंगे, सांसद संजय सेठ कुंभकरण का और पूर्व मंत्री सीपी सिंह मेघनाद का पुतला करेंगे दहन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दशहरा उत्सव चरम पर है। इस बार 70 फीट ऊंचा रावण, 65 फीट कुंभकरण और 60 फीट के मेघनाथ के पुतले तैयार किये गये हैं। जबकि सोने की लंका 30गुणा 30 फुट की होगी। मोरहाबादी मैदान में 2 अक्टूबर को रावण दहन का आयोजन किया गया है। गयाजी जिले से आयी 21 सदस्यीय टीम ने एक महीने की मेहनत से इन पुतलों को तैयार किया है। जिसमें बांस, कपड़ा, कागज से बने इन पुतलों को वाटरप्रूफ बनाया गया है। इस बार भी रिमोट कंट्रोल से रावण दहन होगा। सोमवार को कडरू स्थित पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल, राजेश खन्ना, राजेश मेहरा, सौरभ खन्ना, अरुण चावला ने कडरू में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिहार के मुहम्मद मुस्लिम ने तीनों पुतले को तैयार किये हैं।

**बाहुबली हनुमान लोगों को देंगे दर्शन :** मैदान के चारों ओर चार विशाल हनुमान की झलक श्रद्धालुओं को दिखाई देगी। उत्तर प्रदेश से आयी झांकियां भी लोगों को आकर्षित करेंगी। आयोजकों ने बताया कि इस बार रावण दहन में 6 मिनट का लेजर शो के साथ रंग-बिरंगी आतिशबाजी और साउंड इफेक्ट्स का विशेष इंतजाम किया गया है।

**रांची में रावण दहण का इतिहास :** रांची में रावण दहन सामूहिक चंदा से 1948 में किया गया था। जो रांची कॉलेज में 10 फीट का रावण बनाया गया था। इसके बाद 1953 में दिल्ली में इसकी शुरूआत हुई। 1950 से 1955 तक रावण के पुतलों का निर्माण रेलवे स्टेशन स्थित खजुरिया तालाब के पास रेस्ट कैंप (शरणार्थी शिविर) में होने लगा।

1960 से लगातार मोरहाबादी मैदान में रावण दहन होते आ रहा है। पंजाबी हिंदू बिरादरी के आयोजकों ने मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतलों सहित सोने की लंका का भी निर्माण करवाया, जो आज भी जारी है।

### हेमंत सोरेन करेंगे रावण दहन

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रावण का पुतला दहन करेंगे। पूर्व मंत्री सीपी सिंह मेघनाद का और सांसद संजय सेठ कुंभकरण का पुतला दहन करेंगे। रावण दहण कार्यक्रम में आतिशबाजी, मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस वर्ष पुतलों की लंबाई रावण-70 फुट, कुंभकर्ण-65 एवं मेघनाथ-60 फुट के होंगे।

### कोलकाता के कलाकार होंगे शामिल

आयोजन में स्थानीय लोक कलाकारों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के कलाकार भी शामिल होंगे। जिसमें राम की जीवंत मूर्ति, रावण वध की जीवंत झांकी सहित मनमोहक सांस्कृतिक की प्रस्तुति की जायेगी। पायरो फायर वर्क्स, मुंबई एवं कोलकाता की टीम द्वारा भव्य आकाशीय आतिशबाजी होगी। इस वर्ष बिहार के बक्सर जिले के मो जलील अहमद आतिशबाज (मो आसीक अंसारी रिकूं) के द्वारा जमीनी आतिशबाजी की जायेगी।

## मां महागौरी



देवी माँ का आठवाँ स्वरुप है महागौरी। महागौरी का अर्थ है झ्र वह रूप जो कि सौन्दर्य से भरपूर है, प्रकाशमान है झ्र पूर्ण रूप से सौंदर्य में डूबा हुआ है। प्रकृति के दो छोर हैं झ्र एक माँ कालरात्रि जो अति भयावह, प्रलय के समान हैं, और दूसरा माँ महागौरी जो अति सौन्दर्यवान, देदीप्यमान, शांत हैं झ्र पूर्णत: करुणामयी, सबको आशीर्वाद देती हुईं। यह वह रूप है, जो सब मनोकामनाओं को पूरा करता है। यह भौतिक नहीं, बल्कि लोक से परे आलौकिक रूप है, सूक्ष्म से भी सूक्ष्म रूप। इसकी अनुभूति के लिए पहला कदम ध्यान में बैठना है। ध्यान में आप ब्रह्मांड को अनुभव करते हैं। इसलिए बुद्ध ने कहा है, ह्लआप बस देवियों के विषय में बात ही करते हैं। जरा बैठिए और ध्यान करिए। ईश्वर के विषय में न सोचिए। शून्यता में जाइए, अपने भीतर। एक बार आप वहां पहुँच गए, तो अगला कदम वह है जहाँ आपको विभिन्न मंत्र, विभिन्न शक्तियाँ दिखाई देंगी, वह सभी जागृत होंगी। बौद्ध मत में भी, वे इन सभी देवियों का पूजन करते हैं। इसलिए, यदि आप ध्यान कर रहे हैं, तो सभी यज्ञ, सभी पूजन अधिक प्रभावी हो जाएँगे। नहीं तो उनका इतना प्रभाव नहीं होगा। यह ऐसे ही है, जैसे कि आप नल तो खोलते हैं, परन्तु गिलास कहीं और रखते हैं, नल के नीचे नहीं। पानी तो आता है, पर आपका गिलास खाली ही रह जाता है। या फिर आप अपने गिलास को उलटा पकड़े रहते हैं। 10 मिनट के बाद भी आप इसे हटाएँगे, तो इसमें पानी नहीं होगा क्योंकि आपने इसे ठीक प्रकार से नहीं पकड़ा है। सभी पूजाएँ ध्यान के साथ शुरू होती हैं, और हजारों वर्षों से इसी परम्परा का अनुसरण किया जा रहा है। ऐसा पवित्र आत्मा के सभी विविध तत्वों को जागृत करने के लिए, उनका आह्वान करने के लिए किया जाता है। हमारे भीतर एक आत्मा है। उस आत्मा की कई विविधताएँ हैं, जिनके कई नाम, कई सूक्ष्म रूप हैं और नवरात्रि इन्हीं सब से जुड़ी है। इन सभी तत्वों का इस धरती पर आह्वान, जागरण और पूजन करना ही नवरात्रि पर्व का ध्येय है।

### माँ महागौरी की पूजा में कौन से मन्त्र का जप करें?

*ॐ ऐं ह्रीं क्लीं महागौर्ये नमःह्व के जप से आप माँ दुर्गा के आठवें स्वरुप माँ महागौरी की पूजा कर सकते हैं ।*



## उज्जीवन बैंक शाखा ने जरूरतमंदों को कराया भोजन



झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। दुर्गापूजा की सप्तमी के अवसर पर उज्जीवन बैंक शाखा ने कोडरमा रेलवे स्टेशन स्थित प्यार बांटते चलो कार्यक्रम के तहत जरूरतमंदों को दोपहर का भोजन कराया गया। इस दौरान पूड़ी, सब्जी और बुंदिया सहित प्रसाद का वितरण लगभग 150 लोगों के बीच किया गया। समिति के मधुसूदन दारुका ने कहा कि दुर्गापूजा पर जरूरतमंदों के बीच भोजन कराने से जो सुकून मिलता है, वह अद्वितीय है। जबकि शाखा प्रबंधक पीयूष पुष्कर ने कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे कार्यक्रम उज्जीवन बैंक की प्राथमिकता हैं और आगे भी इस तरह की पहलें जारी रहेंगी। मौके पर बिट्टू कुमार, शिवांगी बड़गवे, विनय कुमार, सूरज कुमार, विशाल कुमार, राजेश कुमार, उदय कुमार, रंजीत कुमार आदि मौजूद थे। सप्तमी पर लोगों की आंखों में खुशी देखी गयी।

## महिलाओं के बीच सिलाई मशीन और प्रमाण पत्र वितरण



केरेडारी (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना ने अपने सामुदायिक विकास-सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) कार्यक्रम के अंतर्गत चट्टी बरियातु पंचायत भवन में परियोजना प्रभावित गांवों की 60 महिलाओं को सिलाई मशीनें और सिलाई प्रशिक्षण पूर्णता प्रमाणपत्र वितरित किये। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करना है। इस अवसर पर संस्कृति महिला समिति की उपाध्यक्ष राखी गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा की यह पहल केवल मशीनों के वितरण तक सीमित नहीं है बल्कि यह महिलाओं के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन की ओर एक मजबूत कदम है। जब एक महिला आत्मनिर्भर बनती है तो पूरा समाज प्रगति करता है। कार्यक्रम में पंचायत की सरपंच अनिता देवी और मुखिया झरीलाल महतो भी विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने इस प्रयास की सराहना की और महिलाओं से आग्रह किया कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं और अपने हुनर को रोजगार में परिवर्तित करें। चट्टी बरियातु कोल परियोजना के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे कई विकासपरक कार्यक्रम जारी रहेंगे जिससे स्थानीय समुदाय का सतत विकास सुनिश्चित हो सके।

## दुर्गा पूजा को लेकर उपायुक्त ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

कोडरमा (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर सोमवार को उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गयी। उपायुक्त ने सभी दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी अपने-अपने कार्यस्थल पर उपस्थित रहेंगे और सतर्क और अलर्ट मोड में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान श्रद्धालुओं और आमजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए तत्परता से कार्य किया जाये। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना तत्काल वरीय पदाधिकारी और संबंधित थाना प्रभारी को दी जाये, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उपायुक्त ने सभी वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे गांव स्तर तक के सभी छोटे-बड़े पूजा पंडालों का नियमित निरीक्षण करें। सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें, जिनकी मॉनिटरिंग दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी नियमित रूप से करें। फायर सेफ्टी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये और सभी निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन किया जाये। साथ ही, सोशल मीडिया पर भी नजर रखने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और इसका सख्ती से पालन किया जाये। उपायुक्त ने दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों को पूजा समितियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पेट्रोलिंग गाड़ियां नियमित रूप से भ्रमण करती रहें और पंडालों में लगे सीसीटीवी कैमरों की सतत मॉनिटरिंग की जाये। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, पुलिस उपाधीक्षक रतिभान सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले में दुर्गोत्सव की उमंग



कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले में दुर्गोत्सव का उत्साह चरम पर है। चौक चौराहों, गांव, मुहल्लों में मां के गीत और भजन बज रहे हैं। दुर्गोत्सव का उमंग सभी में छाया हुआ है। नित्य दिन विभिन्न पूजा पंडालों और मंडपों में दुर्गा सप्तशती का पाठ हो रहे है, वैदिक मंत्रोच्चारण से आदि शक्ति मां दुर्गे की पूजा अर्चना होने से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। सोमवार को महासप्तमी के मौके पर मां का पट खुलने के बाद, भक्तों की भीड़ पूजा पंडालों में उमड़ रही है। भक्त मां का दर्शन कर स्वयं को निहाल मान रहे है। हर कोई मां के समक्ष झोली फैला कर अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना और मां की आराधना में लगे हुए है। इधर विभिन्न पूजा पंडालों को देखने लोगों की भीड़ उमड़ रही है। झुमरीतिलैया में महाराणा प्रताप चौक, अड्डी बंगला, बेलाटांड़, विशुनपुर आदि जगहों पर आकर्षक पंडाल बने हैं।

## शिविर में 32 लोगों ने किया रक्तदान

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में कोडरमा सदर अस्पताल परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मरीजों के बीच फल वितरण भी किया गया। शिविर में कुल 47 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 32 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है। इससे किसी का जीवन बचाया जा सकता है और समाज में सहयोग और सेवा की भावना को बल मिलता है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, राजकुमार यादव, जिला महामंत्री शिवेंद्र नारायण, मीडिया प्रभारी मनोज कुमार झुन्नू, पूर्व मीडिया प्रभारी चन्द्रशेखर जोशी, हरि पंडित सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। रक्तदान करने वालों में भोला यादव, रमेश यादव, राम पुनीत पंडित, सुजीत मेहता, मनोज साव, बिशेश्वर, दीपक वर्णवाल, संजय साव, प्रिंस सिंह, सुनील मेहता, शिवपूजन भारती, महेंद्र मेहता, आशीष कुमार मेहता, कीर्ति राज, आकाश रावत, साकेत, कुलदीप साव, इम्तियाज, वाजिद, शाकिर, पुलकित साव, अमरदीप जी, मिथिलेश यादव, मनोज कुमार दास, ऋषभ सिंह, शुभम कुमार, सूरज कुमार सिंह, चंद्रदेव यादव, अनूप कुमार यादव, रामदेव मोदी, सुनील शर्मा और आकाश कुमार शामिल रहे।

## हजारीबाग में दुर्गा पूजा पर जिला प्रशासन अलर्ट

# पूजा पंडालों के आसपास पैनी नजर डीसी और एसपी ने संभाली कमान



**सुरक्षा और आम लोगों की सुविधा को लेकर कई दिशा-निर्देश जारी किये गये**

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। दुर्गा पूजा को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में हैं। हर दिन जिला प्रशासन अलग -अलग तरह से पूजा पंडाल का निरीक्षण कर स्थानीय प्रशासन और कमिटी के लोगों को दिशा निर्देश दे रही है। किसी भी स्थिति में विधि व्यवस्था न बिगड़े और श्रद्धालुओं को पूजा पंडाल तक जाने में किसी प्रकार के दिक्कत का सामना न करना पड़े इसको लेकर पुलिस 24*7 कार्य कर रही है। डीसी शशि प्रकाश सिंह और एसपी अंजनी अंजन खुद मोटरसाइकिल पर सवार होकर शहर के पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान ट्रैफिक स्थिति को भी देखा। साथ सड़कों पर उतरकर रक्षक टीम के साथ विभिन्न पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा और आम लोगों की सुविधा को लेकर कई दिशा-निर्देश भी जारी किये। खास बात यह रही कि इस बार जिला प्रशासन और पुलिस अफसर मोटरसाइकिल से सड़कों पर निकलकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए, कहा कि पहले कभी उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक इस तरह सीधे सड़कों पर नहीं उतरे थे। प्रशासन की सक्रियता से लोगों में भरोसा और सुरक्षा का माहौल बना है, जिससे दुर्गा पूजा के मौके पर श्रद्धालु बिना किसी डर के उत्सव का आनंद ले सकें।

### इचाक के पंडालों का भी किया निरीक्षण

हजारीबाग। डीसी शशि प्रकाश सिंह और एसपी अंजनी अंजन सोमवार को इचाक पहुंच पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। डुमरौन पहुंच वहां पूजा पंडाल को देखा और कमिटी के लोगों से जानकारी ली। इस दौरान कई दिशा निर्देश भी दिये। पूजा पंडाल में सीसीटीवी, फायर सेफ्टी, भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था, वॉलेंटियर समेत अन्य व्यवस्था की जानकारी ली। इसके अलावा प्रखंड के अन्य पूजा पंडालों की भी जानकारी ली। कहा कि पूजा में भाईचारगी बनी रहे यह हम सबों को ध्यान रख कर त्योहार मनाना है। मौके पर एसपी अमित कुमार, एसडीओ बैजनाथ कामती, सीओ रामजी गुप्ता, इंस्पेक्टर जगलाल मुंडा, इचाक थाना प्रभारी राजदीप कुमार समेत कई पदाधिकारी और कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।

## बड़कागांव में घरेलू विवाद ने लिया भयावह रूप

# नशे से धुत युवक ने की भाभी की हत्या

**दो भतीजे को छुरा मारा, रांची में जूझ रहे जीवन-मृत्यु के बीच**

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव थाना क्षेत्र के बादम-डम्भाडीह गांव में शुक्रवार से शुरू हुआ घरेलू विवाद रविवार की रात 8 बजे भयावह हिंसा में बदल गया। इस विवाद में एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल होकर रांची के अस्पताल में जीवन-मृत्यु की लड़ाई लड़ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, डम्भाडीह निवासी अनिल मिश्रा की मां द्वारा पाली गयी गाय की हत्या अनिल की पत्नी पूनम देवी द्वारा किये जाने को लेकर उत्पन्न हुआ। बताया गया कि शुक्रवार को अनिल मिश्रा की पत्नी पूजा मिश्रा ने किसी आघातकारी वस्तु से गाय को मार डाला। इस घटना को लेकर सास और बहू में तीखी कहासुनी हुई, जिसके बाद विवाद ने पारिवारिक झगड़े का रूप ले लिया। मामला थाना पहुंचा। रविवार के शाम पुलिस पहुंच कर दोनों भाई के बीच मान मनोवल कराया गया। पुलिस के जाने के बाद अनिल मिश्रा ने शराब पी और घर आने के बाद भाग-भाग कर छुरा से भाभी और भतीजे पर हमला बोलते हुए घायल करते चला गया, जिससे विकास मिश्रा की पत्नी राधा देवी (40) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं भतीजे सूरज मिश्रा (20) और रवि मिश्रा (15) गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर हरली गांव के पूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष त्रिवेणी महतो और अन्य ग्रामीण ने सभी को बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग और फिर रांची ले जाया गया। घटना के बाद आरोपी अनिल मिश्रा और उसकी पत्नी पूजा मिश्रा फरार हो गये। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने जल्द ही गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। इधर घायल एक युवक का ऑपरेशन संपन्न हो चुका है, लेकिन दूसरे का ऑपरेशन आर्थिक संकट के कारण रुका हुआ है। परिवार की वित्तीय स्थिति अत्यंत दयनीय है और समय पर सहयोग न मिलने पर दोनों की जान को गंभीर खतरा है। ऐसी स्थिति में पुलिस निरीक्षक और थाना प्रभारी ने मानवीय पहल करते हुए स्वयं आर्थिक सहयोग प्रदान किया। साथ ही सामाजिक संगठनों, स्थानीय लोगों और दानदाताओं से भी मदद की अपील की गयी। इस संबंध में बादम रुद्दी पंच बहिनी मंदिर के पुजारी विकास मिश्रा ने पत्नी और पुत्र पर हमले में बड़कागांव पुलिस को फर्द ब्यान देते हुए अनिल मिश्रा और उसकी पत्नी पूनम देवी पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## किसानों पर हाथियों का कहर जारी

# धान और खीरा की फसलों को किया नष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



टाटीझरिया। ऐसा लगता है मानो जंगली हाथियों को टाटीझरिया प्रखंड से ज्यादा ही लगाव हो गया है। यही कारण है कि वे यहां से निकल नहीं रहे हैं। रविवार को भी शाम ढलते ही वे फिर पानीमाको नव प्राथमिक विद्यालय का दरवाजा तोड़, चावल और अन्य मध्याह्न भोजन के समान को चट कर गये। उसके बाद धरमपुर के मंडरिया में जंगल से निकले और धान की खेतों में घुसकर मजे से फसलों को खाया और पैरों तले दबाकर रख दिया। जिसमें लीलो यादव, कैलाश यादव, घुटारी यादव, महेंद्र यादव के खेत में घुसकर पूरी तरह से धान को नष्ट कर दिया। वहीं बगल में लगे खीरा के फसलों को भी बर्बाद कर दिया। जहां जिस खेत में 30 की संख्या में हाथी घुस जाये तो उस खेत की स्थिति कैसी होगी, यह विचारणीय प्रश्न है। उन्हें भगाने वाली टिम भी अब विवश दिखता है। किसान प्रशासनिक पदाधिकारियों को कोसते नहीं थक रहे हैं। एक समूह में 7 हाथी थे, उनमें से पिछले दिनों 24 हाथियों के दल में 6 हाथी जा मिले, एक हाथी बिछड़ कर गोधीया के जंगल में ही रह गया। वह अकेला हाथी रविवार को गोधीया में जमकर उत्पात मचाया। उसने हेमन महतो, दिनेश्वर महतो, मुंशी महतो, किशुन महतो, तुलसी महतो, सूरज कुमार, परमेश्वर महतो, सहदेव महतो, अशोक महतो, काली महतो और महावीर महतो के धान के खेत में घुसकर पूरी फसल को बर्बाद कर दिया। किसानों ने हाथियों द्वारा बर्बाद फसलों की मुआवजा शीघ्र देने की मांग की है।

## युवक ने की आत्महत्या

कोडरमा (आजाद सिपाही)। तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत गुमो में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 25 वर्षीय आकाश शर्मा (पिता केदार शर्मा) के रूप में की गयी है। मृतक के भाई पवन शर्मा ने बताया कि सोमवार को वे झुमरीतिलैया स्थित अपने काम पर गये हुए थे। इसी दौरान शाम के करीब 5 बजे उनके घर से उनके फोन आया कि आकाश ने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया है और काफी आवाज देने पर भी खोल नहीं रहा है। जिसके बाद वे आनन-फानन में अपने घर पहुंचे और आसपास के लोगों के सहयोग से दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। जहां उन्होंने देखा कि आकाश कमरे के अंदर लगे पंखे पर फंदे पर झूल रहा था। उन्होंने उसे फंदे से उतारकर झुमरीतिलैया के निजी क्लिनिक ले गये। जहां चिकित्सक नहीं होने के कारण वे उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि आकाश पिछले कुछ वर्षों से मानसिक रूप से बीमार था, जिसका लगातार इलाज चल रहा था।

# पूजा पंडालों के पट खुलते ही मां के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता

केरेडारी। शारदीय नवरात्र के सातवें दिन नवपत्रिका पूजन व बेलभद्र महाराज और नवदुर्गा के आगमन के साथ ही पूजा पंडालों के पट्ट श्रद्धालु भक्तों के लिए खोल दिये गये जिसके बाद पूजा पंडालों में मां के दर्शन पूजन को लेकर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। इससे पूर्व भक्तों ने पूजा स्थल से गाजे बाजे के साथ झूमते गाते डोली लेकर बेलभद्र महाराज को लाने निकले व वापस आकर वैदिक मन्त्रोचार के साथ पुरोहितों ने स्थापित कराया। वहीं नवरात्र के सातवें दिन मां दुर्गा के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा अर्चना भक्तिभाव के साथ की गयी। प्रखंड वासी अब पूरी तरह से मां की भक्ति में लीन हो चुके हैं। प्रखंड के अलग-अलग जगहों में स्थापित पूजा पंडालों में संध्या आरती में भक्तों की भारी भीड़ हो रही है और आरती के बाद स्थानीय पूजा समिति व कई समाज सेवियों के द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है और रात्रि में भजन कीर्तन भी आयोजित किये जा रहे हैं। पूजा पंडालों को भी आकर्षक तरीके से सजाया गया है जिससे शाम होते ही सतरंगी छटाओं और रंगबिरंगी रौशनी से माता रानी का दरबार जगमगा उठता है।



### महाष्टमी व्रत और संधि पूजा आज

नवरात्र के आठवें दिन मंगलवार को महाष्टमी का व्रत होगा और आज मां दुर्गे के अस्टम स्वरूप महागौरी की पूजा अर्चना भी की जायेगी। वहीं आज दोपहर 1.44 बजे तक अष्टमी तिथि है उसके बाद नवमी शुरू हो जायेगा और इसी समय सन्धि बली होगी। जबकि बुधवार को मां के नवें स्वरूप माता सिद्धदात्री की पूजा अर्चना होगी और नवमी का हवन व नवकन्या पूजन भी होगा। गुरुवार को श्रवणा नक्षत्र में सरस्वती विसर्जन होगा और आज ही विजयादशमी का पर्व भी मनाया जायेगा।

### पर्व को लेकर प्रशासन सजग

प्रखंड क्षेत्र के पेटो, केरेडारी, पचड़ा, सलगा, चट्टी बारियातु और जोरदाग सहित करीब दस से अधिक जगहों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है। पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन भी सजग व चौकस है और पूजा समिति के पदाधिकारियों से भी लगातार संपर्क बनाये हुए है।

## विष्णुगढ़ में केदारनाथ की झलकः रमुवा दुर्गा पंडाल बना श्रद्धा और आकर्षण का केंद्र



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ प्रखंड के सातमाइल स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर रमुआ में भारत के सुप्रसिद्ध केदारनाथ मंदिर के तर्ज पर इस बार पूजा पंडाल का भव्य रूप दिया गया है, जो अपनी नकाशी, भव्यता और रंगीन रोशनी से लोगों का आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। हर कोई पंडाल को ही निहार रहा है। वहीं पूजा पंडाल को सजाने में कारीगरों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा प्रखण्ड के आठ जगहों पर मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। आज सप्तमी के दिन नव पत्रिका प्रवेश के साथ ही मन्दिरों के पट खुले ,पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर मेला का भी आयोजन किया जाता है। पुलिस प्रशासन पूजा पंडालों में सक्रिय रूप से योगदान दे रही है। त्योहार के लेकर प्रशासन लगातार अवैध शराब बिक्री करने वालो के यहां छापेमारी कर रही है। इसके अलावा महामाया मंदिर बनासो में नवरात्रि का आयोजन प्रत्येक वर्ष की तरह आयोजित की जा रही है। नवमी के दिन बकरे की बलि दी जायेगी। जहां भारी भीड़ जुटती है।

## नवरात्रि पर डांडिया कार्यक्रम का आयोजन



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। लीला गुरुकुल तुर्कबाद में नवरात्री के अवसर पर रंगारंग डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर गरबा और डांडिया की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की अध्यक्ष लीलावती देवी के द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलन और आरती कर किया। इसके बाद बच्चों ने कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित सभी लोगों ने खूब सराहा। विद्यालय परिवार ने इसे नवरात्रि पर्व के उत्सव और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का अनोखा प्रयास बताया। निदेशक जितेंद्र प्रसाद ने बच्चों के उत्साह और प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना जागृत होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक कुमार सौरभ पाण्डेय, अजय चौधरी, प्रेम सागर, शशि बर्नवाल, कुमार राजु, शिक्षिका कुमकुम बर्नवाल, पूजा बर्नवाल, विद्या चौधरी, मनीषा चौधरी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## सामूहिक योगदान से होता है कुम्हारटोली में दुर्गा पूजा का आयोजन



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग शहर में कुम्हारटोली स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में शारदीय दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन होता है। 20 हजार आबादी वाले इस मोहल्ले में एक हजार समिति के सदस्य हैं, उनके सहयोग राशि से भव्य आयोजन होता है। प्रति सदस्य 1100 रुपया अपना सहयोग देते हैं। कई सदस्य स्वेच्छा से इससे ज्यादा भी सहयोग करते हैं। यहां सामूहिक नेतृत्व और योगदान से पूजा संपन्न होता है। जिसे जो जवाबदेही मिलती है वे निभाते हैं। माता के दरबार में आने वाले सभी सदस्यों और श्रद्धालुओं का सम्मान होता है, यहां पर उद्घाटनकर्ता या मुख्य अतिथि की परंपरा नहीं है। सभी एक समान समझे जाते हैं। यहां नाम, फोटो, पोस्टर की अनुमति नहीं है। सप्तमी, अष्टमी, नवमी, दशमी सभी दिन प्रसाद वितरण किया जाता है। बुंदिया,खीर,हलवा, निरंतर वितरण होता है। नवमी को 500 कुंवारी कन्या को भोजन कराया जाता है। विजय दशमी को महाभोग खिचड़ा का वितरण होता है। साथ ही विजय दशमी को मां दुर्गा के विसर्जन का शोभायात्रा भजन मंडली के साथ निकलता है और छठ तलाब में समापन होता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु ( महिलाएं पुरुष) शामिल होते हैं।

## नमो वन कार्यक्रम का आयोजन



डोमचांच (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी डोमचांच ग्रामीण मंडल के मसनोडीह शक्ति केंद्र स्थित पचम्बा छठ तालाब के समीप नमो वन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनुप जोशी, मंडल अध्यक्ष महेश वर्मा के नेतृत्व में करीब 200 फलदार पौधे लगाये गये। इनमें आम, अमरूद, जामुन, आंवला, कटहल सहित कई उपयोगी पेड़ शामिल थे। जिलाध्यक्ष अनुप जोशी ने वनों के महत्व और उनसे मिलने वाले बहुमूल्य लाभ पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जंगल से इमारती लकड़ी, गोंद, रबर, मसाले, औषधियां और ईंधन जैसे अनेक संसाधन प्राप्त होते हैं। लाखों लोग भोजन, आश्रय और आय के लिए वनों पर निर्भर रहते हैं। उन्होंने बताया कि वन केवल जीवन का आधार ही नहीं हैं, बल्कि यह मानसिक शांति, शारीरिक सक्रियता और स्वच्छ वातावरण के लिए भी आवश्यक हैं। स्वच्छ वायु प्रदान करने में वन बड़ी भूमिका निभाते हैं। मंडल अध्यक्ष महेश वर्मा ने ग्रामीणों से अपील किया कि वे लगाये गये पौधों की समय-समय पर देखभाल करें, उन्हें पानी दें और जानवरों से सुरक्षित रखें ताकि पौधे हरे-भरे होकर भविष्य में छांव, फल और स्वच्छ वातावरण का स्रोत बन सकें। मौके पर महामंत्री सुनील कुमार भारती, विजय मेहता, जगदीश मेहता, चन्द्रशेखर जोशी,नरेंद्र पाल, चंद्रिका सिंह, चौधरी पासवान, विमल पासवान, महावीर पासवान, अभिषेक कुमार, पंकज सिंह, प्रमिला देवी, बसंती देवी, अंजनी देवी, कंचन देवी, विमला देवी, सुमा देवी, राजेश सिंह, बसंत सिंह, राजू सिंह आदि उपस्थित थे।

## तालाब में डूबने से महिला की मौत

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के दक्षिणी पंचायत अंतर्गत तेलियामारण स्थित बिरहोर कालोनी में बिरहोर महिला की तालाब मे डूबने के कारण मौत हो गयी। मृतका की पहचान 55 वर्षीया मंगरी बिरहोरिन के रूप मे की गयी है। घटना सोमवार दोपहर की है। जानकारी अनुसार मंगरी बिरहोरिन नहाने के लिए बिरहोर क्लोनी के ही बगल मे स्थित मंडई आहर गयी थी। नहाने के क्रम मे ही वो तालाब मे डूब गयी। उसके तालाब मे डूबने की जानकारी मिलते ही बिरहोर कालोनी के लोग तालाब पंहुचे और मंगरी बिरहोरिन को तालाब से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। तत्पश्चात लोग शव को लेकर मृतक के घर आ गए। घटना की जानकारी मिलने पर मरकच्चो थाना प्रभारी नन्दकिशोर तिवारी बिरहोर कालोनी पंहुचे तथा शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए अपने कब्जे मे लेना चाहा लेकिन बिरहोर परिवार के लोग शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाह रहे थे। काफी समझाने बुझाने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 30 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# मां दुर्गा का पट खुलते ही उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़













**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि पर मां दुर्गा के पट खुलते ही शहर के पूजा पंडाल भक्तिमय जयकारों से गूंज उठा। माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और वातावरण देवी गीतों व नारों से गुंजायमान हो गया। रविवार को भक्तों ने मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजन-अर्चना किया। वहीं, सोमवार को भक्तों द्वारा भगवती के सातवें मां कालरात्रि स्वरूप देवी का दर्शन कर पूजन किया। मां के पट खुलते ही उनके दर्शन व पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ उड़ी। शहर के मेन रोड स्थित श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा पहाड़ों के बीच बनाये गये मां दुर्गा की चलंत झांकी देखते ही बन रही थी। वही, शहर के बिजुलिया स्थित आकर्षक पंडाल और विद्युत सज्जा किया। जबकि, पतरातू बस्ती में आकर्षक पंडाल और मां की प्रतिमा के साथ विद्युत सज्जा देखते ही बन रहा था। मिलौनी क्लब में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गयीं। वही, रांची रोड, इफिको, नई सराय हॉस्पिटल कॉलोनी, थाना चौक, विकास नगर, चट्टी बाजार में भी आकर्षक मां की प्रतिमा और विद्युत सज्जा से देखते ही बन रहा था।

## मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने पतरातू बस्ती और चट्टी बाजार पूजा पंडाल का किया उद्घाटन



मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने रविवार को श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति पतरातू बस्ती एवं चट्टी बाजार दुर्गा पूजा पंडाल का विधिवत रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इससे पूर्व उनके आगमन पर समिति के द्वारा उन्हें बुके देकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

## बिजुलिया पूजा पंडाल का सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने किया उद्घाटन



शहर के बिजुलिया पूजा पंडाल का का उद्घाटन गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। इससे पूर्व उनके आगमन पर पूजा समिति के द्वारा उन्हें बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान चल प्रकाश चौधरी ने मां की प्रतिमा पर मत्था टेकर आशीर्वाद लिया। साथ ही राज्य की खुशहाली की कामना की।

## मृतका के परिजनों ने मांडू अस्पताल कर्मियों के खिलाफ स्वास्थ्य मंत्री को लिखा शिकायत पत्र

**मांडू (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य विभाग आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसके लिए करोड़ों रुपये की धन राशि खर्च करती है। ताकि सरकारी अस्पतालों में संसाधनों को लैस किया जा सके। लेकिन चिकित्सकों और कर्मियों की मनमानी के कारण मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू की कुव्यवस्था के कारण 75 वर्षीय वृद्ध सकीना खातून की मौत रविवार को हो गयी। मृतक के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि मरीज के उपचार के लिए केंद्र पर कोई डॉक्टर और नर्स नहीं थे। जिसके कारण मरीज को आनन –फानन में दूसरे स्थान ले जाने की जरूरत पड़ गयी। लेकिन ले जाने के क्रम में रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दी। घटना को लेकर मृतक के पुत्र मुबारक हुसैन ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ सूबे के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को पत्र लिखा है। पत्र में कहा है कि रविवार को मां सकीना खातून की तबीयत बिगड़ गयी थी। जिसे लेकर शाम 5:00 बजे मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गये थे। लेकिन उपचार के लिए केंद्र पर ना डॉक्टर और ना ही स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे। वहां पर मौजूद एक कमी ने बताया कि डॉक्टर साहब बाहर गये हैं आने में थोड़ी लेट होगी। इसके बाद मां की तबीयत बिगड़ती देख इलाज के लिए रामगढ़ ले जाना चाहा, परंतु रास्ते में ही मां ने दम तोड़ दी। घटना की शिकायत सिविल सर्जन को करना चाहा परंतु सिविल सर्जन का मोबाइल बंद पाया। परिजनों ने स्वास्थ्य मंत्री से मांग की है, कि वैसे कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई करें जिससे भविष्य में ऐसी घटना होने से रोका जा सके। गौरतलब है के बीते शुक्रवार को रामगढ़ उप विकास उपयुक्त आशीष अग्रवाल ने मांडू सीएचसी का निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं पर नाराजगी जाहिर करते हुए दुरुस्त करने की हिदायत दिए थे, लेकिन इसका का असर स्वास्थ्य कर्मियों पर नहीं पड़ा नतीजतन रविवार को अस्पताल प्रबंधन के लापरवाही से एक महिला की मौत हो गयी।

## जीएम ने तोपा कोलियरी में दुर्गा पंडाल का किया उद्घाटन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल तोपा कोलियरी में आयोजित दुर्गा पूजा पंडाल माता का पट रविवार की संध्या खुला। वहीं, सीसीएल कुजू जीएम राजीव कुमार सिन्हा ने पूर्जाचना बाद पूजा पंडाल का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। उन्होने माता के दरबार में मत्था टेक कर कोलियरी व कोयला कर्मियों के सुख, शांति, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, महाआरती में सम्मिलित होकर चलायमान मां दुर्गा के हाथों महिषासुर वध और माता की महिमा से अवगत हुए। इधर, पट खुलते हुए भक्तों की भीड़ दर्शन को ले उमड़ पड़े। इससे पूर्व, आचार्य मनोज पांडेय ने आगत अतिथियों को पूजा कराकर रक्षा सूत्र बांधे। इस अवसर पर पूजा समिति अध्यक्ष सह पीओ एमके सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अध्यक्ष कोलियरी मैनेजर चंद्रवीर नारायण, सचिव रामेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष सुरेश महतो, विधायक प्रतिनिधि रामभजन लाल महतो, प्रदीप राम, राजकुमार दास, कोलेश्वर राम, रंजीत सिंह, जयनाथ महतो, रामनाथ महतो, अशोक मुंडा सुरेशचंद्र पटेल, प्रो खिरोधर साहू, अशोक सिंह, अरविंद सिंह, विजय कुमार, मनोज कुमार, बिगन राम, मंगू मांझी, अघनु मांझी, तेजलाल महतो, कामेश्वर गंझु, जतरु बैठा, सचिन कुमार, शनिचरवा मांझी, धनंजय रजवार, फूलों कुमारी, शंकर रजक, निशांत सिंह समेत सैकड़ो की संख्या में धर्मप्रेमी शामिल रहे।

## माता वैष्णों देवी मंदिर में सजायी गयी माता की चौकी, भक्ति गीतों से झूमे श्रद्धालु



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में शारदीय नवरात्रा के अवसर पर पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में सोमवार को मंदिर परिसर में माता की चौकी सजाई गयी। जिसमें नव दुर्गा जागरण मंडली रामगढ़ के भजन गायक चंदन चौधरी ने गणेश वंदना से माता की चौकी का शुभारंभ किया। नव दुर्गा जागरण मंडली के गायक चंदन चौधरी व प्रिया कुमारी ने मेरे सिर पर रख दे मैया अपने दोनों हाथ, कोहिनूर का जलवा है जन्नत का नजारा है, डमरू वाले बाबा जरा डमरु बजा दे, नंगे नंगे पांव चे उपर गया तेरा पुजारी, मां तेरी तुलना किससे करूंगा, तुझ ना और कोई आदि भजन प्रस्तुत किया। इस दौरान सभी श्रद्धालु भक्त झूमने पर मजबूर हो गये और माता रानी के जयकारे लगाकर ओतप्रोत होते नजर आए। इससे पूर्व सजाई गई माता की चौकी में माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव और सचिव महेश मारवाह की मौजूदगी में पंडित किशोर शर्मा द्वारा सभी धार्मिक अनुष्ठानों के मुख्य यजमान हर्ष आनंद व उनकी पत्नी निशु आनंद को विधिवत पूजन कराया गया। इसके बाद माता रानी का जयकारा लगाते हुए मुख्य यजमान द्वारा ज्योत प्रज्वलित किया गया। इस दौरान माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के सचिव महेश मारवाह ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 सितम्बर को हवन व कंजक पूजन किया जायेगा। एक अक्तूबर को प्रात: 8 बजे से भंडारा का प्रसाद वितरण किया जायेगा।

## पूर्व जिप अध्यक्ष ने दुर्गा पूजा पंडाल का किया उद्घाटन



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुलमी प्रखंड के सिरु पंचायत के सिरु गांव में शारदीय नवरात्र के शुभ अवसर पर सोमवार को मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रहमदेव व विशिष्ट अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ,पूर्व प्रमुख रीझु महतो, जिला संगठन सचिव राजकिशोर महतो ने पूजा पंडाल का विधिवत अनावरण किया। दुर्गा पूजा पंडाल का पट खुलने के साथ ही ब्रहमदेव महतो ने मां दुर्गा का दर्शन किये और माथा टेककर आशीर्वाद लिया। इस पावन अवसर पर ब्रहमदेव महतो ने मां दुर्गा से जिला की उन्नति और ग्रामवासियों के सुख, समृद्धि, स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना की। मुख्य अतिथियों ने राज्यवासियों को दुर्गोत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दी। पूजा पंडालों में भक्तिमय वातावरण में माता रानी के जयकारे के बीच उन्होंने मां दुर्गा से समस्त राज्यवासियों और क्षेत्रवाशियों के मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की। श्रद्धा और आस्था का उमड़ रहा सैलाब पूर्व जिप अध्यक्ष ने कहा कि इस बार दुर्गा पूजा के दौरान हो रही लगातार बारिश के बाद भी श्रद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। पूजा पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। हर वर्ष की भांति इस बार भी यहां के भव्य और आकर्षक पंडाल दुर्गोत्सव की शोभा बढ़ा रहे हैं। वर्षों से चली आ रही यह परंपरा हर साल और आगे बढ़े, माता रानी से यही कामना करते हैं। मौके पर मनोहर महतो, रवि महतो, जीवनाथ महतो, राहुल महतो, कमिटी अध्यक्ष संजीव राजा सचिव सुजीत पटेल, कोषाध्यक्ष राजू महतो, विनोद महतो, आजसू छात्र संघ प्रखंड अध्यक्ष अनिल इगनेश, उत्तम कुमार, सुरेश महतो, टेकोचन्द महतो, सीताराम महतो, चिरंजीवी कुमार, दीपेन कुमार, बबलू कुमार, गौतम कुमार, छोटेलाल महतो, पुजारी मनोज महतो आदि कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

## वैदिक मंत्रोंचारण के बीच मां दुर्गा का खुला पट

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू सहित आस पास के क्षेत्रों में दुर्गा पूजा धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को पंडालों के पट खोले गये। साथ ही मां दुर्गा सहित सभी स्थापित देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। सोमवार को पतरातु बस्ती, सांकुल, स्टेशन, मेन रोड, सिनेमा हाल, स्टीम कालोनी, टेरपा, टोकीसुद पारगढ़ा, हफुआ, आदी स्थानों के दुर्गा पूजा पंडालों के पट खोले गये।

# सांसद कालीचरण सिंह ने व्यापारियों और ग्राहकों संग मनाया बचत उत्सव

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**चतरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 195 आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर GST में कटौती की गयी है। इसी उपलक्ष्य में चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चतरा शहर के मुख्य बाजार पहुंचकर व्यापारियों और ग्राहकों के साथ बचत उत्सव मनाया। इस अवसर पर सांसद ने व्यापारियों और ग्राहकों से मुलाकात की और GST में हो रही बचत व लाभ के विषय में जानकारी साझा किया। साथ ही, उन्होंने उपस्थित लोगों को गुलाब का फूल भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में सेल्स टैक्स, सर्विस टैक्स, वैट आदि जैसे अनेक प्रकार के कर आम जनता पर बोझ डालते थे। लेकिन मोदी सरकार ने इन सभी करों को समाप्त कर एक एकीकृत कर प्रणाली जीएसटी लागू की। जिससे देश की कर व्यवस्था सरल और पारदर्शी बन गयी है। उन्होंने कहा कि नवरात्र के पावन अवसर पर, 22 सितम्बर से Next Gen GST लागू किया गया है, जिसमें नए सुधारों के तहत आमजन को विशेष राहत दी गयी है। पहले जहां GST के चार स्लैब थे, अब उसमें सुधार कर केवल 5% और 12% के दो प्रमुख स्लैब रखे गए हैं। इस बदलाव के कारण दवाइयां, खाद्य पदार्थ, और अन्य रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुयें सस्ती हुई हैं, जिससे आम जनता को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिल रहा है। इस मौके पर सिमरिया विधायक उज्जवल दास, भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता, जिला महामंत्री सह जीएसटी में जिला संयोजक मिथिलेश गुप्ता, सह संयोजक जितेंद्र जैन, प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रदीप सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुजीत जायसवाल, विद्यासागर आर्य, सभी जिला कमेटी के पदाधिकारीगण, मोर्चा जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ता, नेता व ग्रामीण शामिल थे।

## सीसीएल जोन अध्यक्ष पहुंचे कुजू

**कुजू(आजाद सिपाही)।** भारतीय मजदूर संघ के सीसीएल जोन के केंद्रीय महामंत्री शशि भूषण सिंह सीसीएल कुजू क्षेत्र पहुंचे। इस दौरान सीसीएल कुजू महाप्रबंधक कार्यालय में जीएम राजीव कुमार सिन्हा और करमा परियोजना में पीओ रामेश्वर मुंडा के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

# मां-बेटा का एक साथ उठा शव, गांव में नहीं जला चूल्हा

**सोसो कलां गांव में मातम, मां बेटा का शव को देख दहाड़े मार रोने लेगे परिजन**

**पोस्टमार्टम के बाद स्थानीय घाट में दोनों का किया गया अंतिम संस्कार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**निर्माणाधीन सड़क के कारण हो रही है दुर्घटना**

रामगढ़ बोकारो एन एच 23 में इन दिनों सड़क मरम्मती का कार्य किया जा रहा है। जिससे सड़क को छील दिया गया है। बताया गया कि सड़क छीलने के बाद जैसे तैसे बिना सूचना बोर्ड के वैसे ही छोड़ दिया है। जिसके कारण रोज सड़क दुर्घटना हो रही है। रविवार की दुर्घटना भी कहीं ना कहीं इसी का एक बड़ा उदाहरण है। इसके कारण मां बेटा काल के गाल में समा गये।

**गोला।** प्रखंड क्षेत्र के सोसो कलां गांव में सोमवार को एक साथ मां बेटा का शव उठा। रविवार दोपहर को मठ वा टांड के समीप सड़क हादसे में दोनों की मौत हो गयी थी। सीमा कुमारी और उनका दो साल का मासूम बेटा रक्षित राज का शव पोस्टमार्टम के बाद दोपहर को गांव लाया गया। शव देखने के बाद परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे। घटना के बाद से ही मृतका का घर लोगों का आना जाना लगा रहा। घटना के बाद पूरे गांव में मातम है। मां बेटा की मौत के बाद गांव का हर कोई सदमे में है। पूरे गांव में सन्नाटा पसरा रहा। यहां तक की चूल्हा तक नहीं जला। दोनों मां बेटा का शव एक साथ रखा गया था। एक ही साथ दोनों को समसान घाट में ले जाया गया। इस हृदय विदारक नजरा को देख मौजूद लोगों के आंखों में आंसू छलक रहे थे। सोसो कलां का अस्मशान घाट में दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। मां को लकड़ी एवं बेटा को मिट्टी दिया गया। गौरतलब हो कि रविवार दोपहर को तेज नाथ महतो अपने पत्नी सीमा कुमारी और दो बेटा रक्षित राज व तेजस कुमार को बाईक में बैठाकर अपने ससुराल करमा गांव जा रहे थे। इसी दौरान एक ट्रक ने बाईक को पीछे से होनी चपेट में ले लिया था। जिससे मौके पर ही उनकी पत्नी सीमा कुमारी की मौत हो गयी थी। वही रक्षित राज गंभीर रूप से घायल हो गया था। रांची ले जाने के क्रम में उसकी भी मौत हो गयी थी। घाट में पूर्व मुखिया बजरंग कुमार महथा, महतो हॉटेल के संचालक राजेश महतो, कालीचरण महतो, विवेक महतो, शिक्षक संजय महतो, विवेक कुमार महतो, रीमा देवी, सुमित्रा देवी, रोहित महतो, दिनेश महतो, संजय महतो, जितेंद्र महतो सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत वशिष्ठ नगर जोरी थाना के दंतार – कुरखेता मुख्य पथ पर सोमवार की अहले सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। कोलवा गांव स्थित पंडरकोला घाटी मोड़ के समीप एक अनियंत्रित हाइवा ने विपरीत दिशा से आ रही बाइक पर सवार तीन युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये, जिनमें से एक की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसा सोमवार सुबह 8:30 बजे हुआ। पत्थर लेकर राजगुरु से दंतार की ओर आ रहा हाइवा अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही बाइक सवारों को टक्कर मार दी। इस घटना में तीनों युवकों को गंभीर चोटें आईं, जबकि महेंद्र गंझू का पैर हाइवा के टायर के नीचे बुरी तरह दब गया। हादसे की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय ग्रामीण, राजद नेता इरफान अंसारी, जेएलकेएम नेता वकील यादव और वशिष्ठ नगर जोरी थाना पुलिस ने तत्परता दिखायी। ग्रामीणों ने एकजुटता दिखाते हुए दो घंटे भारी मशक्कत के बाद टायर के नीचे फंसे घायल को बाहर निकाला।घायल युवकों की पहचान राजगुरु निवासी 30 वर्षीय महेंद्र गंझू, 18 वर्षीय राजेश गंझू और 18 वर्षीय जानकी गंझू के रूप में हुई है। बताया गया कि तीनों युवक दंतार बाजार से यूरिया खाद खरीदकर अपने गांव राजगुरु जा रहे थे, तभी वे इस सड़क हादसे का शिकार हो गये। प्राथमिक उपचार के लिए तीनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र दंतार में भर्ती कराया गया। वहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए तीनों को चतरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। चतरा सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद, महेंद्र गंझू की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें तुरंत बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग भेजा गया है। घटना की सूचना मिलते ही वशिष्ठ नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना करने वाले हाइवा को जब्त कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

## बरकाकाना में स्वच्छता अभियान चलाया गया




**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर परिषद रामगढ़ ने नया नगर बरकाकाना स्थित पूजा पंडाल में स्वच्छता अभियान चला कर आम लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर परिषद रामगढ़ के कार्यपालक पदाधिकारी अजमल हुसैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नप जमादार गुलाम मुतुर्जा ने किया। मुख्य अतिथि अजमल हुसैन ने श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों से मुलाकात कर नप द्वारा किये गये कार्यों को लेकर वातार्लाप किया। मौके पर उपस्थित नप कार्यपालक पदाधिकारी अजमल हुसैन ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता ही सेवा मुहिम में आम लोगों का सहयोग कर दुर्गा पूजा समारोह आयोजित क्षेत्र को स्वच्छ रखना सबों की जिमेवारी है,इसलिए कचरे को कूड़ेदान में ही डाले और प्लास्टिक का उपयोग न करें। मौके पर स्वच्छता प्रवेक्षक रोशन कुमार, सलमान अंसारी, अनुराधा कुमारी, पूजा कुमारी, जमादार सुमित कुमार, वसीम अंसारी, मुमताज अंसारी सहित दर्जनों नप सफाईकर्मी उपस्थित रहे।

**पूर्व मध्य रेल**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना**
**विद्युत/क०वि० विभाग के लिये खुली निविदायें**

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा संख्या :** TRD-OT24-RESET-MAST-25-26, **क्रम सं० : 01. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** Re-setting of masts having critical implantation in CIC Section of Dhanbad Division. कार्य समापन की अवधि – (12) बारह माह, **02. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रूपया 77,58,599.38/- निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य/–, **03. बीड सिक्युरिटि :** 1,55,200/-, **04. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तिथि 16.10.2025 को 11:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि 16.10.2025 को 11:30 बजे, **05. वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक/क०वि०**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

**पीआर/1031/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/25–26/32**

**COURT NOTICE**

(Through Gazette Publication)
In,
The Court of the Principal Judge, Family Court, Seraikella-Kharsawan, at Seraikella.
**Original Suit No. 19/2025**
ISHA KUMARI.........Applicant
V/s.
MUNNA RAJAK......Opp. Party
To,
Munna Rajak
S/o. Girish Rajak
R/o. 50, Ram Nagar Road No. 6 P.O./P.S. Sonari,
Jamshedpur
District - East Singhbhum,
Jharkhand 831011.

Whereas the above named Petitioner has filled this Suit for Dissolution of Marriage, U/S.- 13-1 (i-a) of the Hindu Marriage Act 1955, against you and you are avoided to appear in this Suit, inspite of several notice have been issued against you through Nazarat as well as Registered post notice.

You are hereby directed to appear in my Court on this 04th day of November 2025 at about 10.30 AM, through your duly instructed Lawyer, failing which the suit will be heard and decided ex-parte in your absence.

Given under my hand and seal of this Court, this the 23th day of September 2025 at Seraikella.

संपादकीय

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 30 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in
06

# ब्रिक्स की बैठक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप को ब्रिक्स कभी पसंद नहीं आया। वह इस मंच को अमेरिकी प्रभुत्व के लिए चुनौती की तरह देखते हैं। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक से इतर ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों का मिलना अमेरिका को जाहिर तौर पर रास नहीं आयेगा, लेकिन ट्रंप की मौजूदा नीतियों और संरक्षणवाद को देखते हुए जरूरी है कि भारत विकल्पों की तलाश तेज करे।

**भारत की अपील :** ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका और दूसरे सदस्य देशों की मेजबानी भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने की। उन्होंने अमेरिका का नाम नहीं लिया, लेकिन टैरिफ और संरक्षणवाद के रूप में उन्होंने मौजूदा वैश्विक व्यापार के सामने खड़ी जिन चुनौतियों का नाम लिया, वे सीधे तौर पर वॉशिंगटन से जुड़ती हैं। उन्होंने ब्रिक्स देशों से वैश्विक व्यापार प्रणाली की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करने का आह्वान किया।

**टैरिफ की सबसे ज्यादा मार :** इस समय ब्रिक्स की अध्यक्षता ब्राजील के पास है और अगले साल भारत को मिलनी है। ये दोनों ही देश अमेरिका के 50% टैरिफ का सामना कर रहे हैं। ब्राजील में ट्रंप वहां के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो को सजा दिये जाने से नाराज हैं, तो भारत से उनके खफा होने की वजह रूसी तेल की खरीद है। वैसे यह संयोग नहीं कि ट्रंप की नीतियों ने अनुचित ढंग से ब्रिक्स के सदस्यों पर सबसे ज्यादा असर डाला है।

**ग्लोबल जीडीपी में ब्रिक्स की हिस्सेदारी 40% है, दुनिया की आधी आबादी इन देशों में रहती है और ग्रोथ के मामले में इसने जी7 को पीछे छोड़ दिया है। ये आंकड़े ट्रंप की चिंता बढ़ाते हैं।**

**ट्रंप का डर :** ग्लोबल जीडीपी में ब्रिक्स की हिस्सेदारी 40% है, दुनिया की आधी आबादी इन देशों में रहती है और ग्रोथ के मामले में इसने जी7 को पीछे छोड़ दिया है। ये आंकड़े ट्रंप की चिंता बढ़ाते हैं। उन्हें यह भी फिक्र है कि ब्रिक्स के सदस्य देश जिस तरह एक-दूसरे के साथ व्यापार में अपनी मुद्रा का इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे डॉलर का दबदबा खत्म हो सकता है। हालांकि भारत का स्पष्ट कहना है कि यह मंच पश्चिम के विरोध का नहीं है और डॉलर की वैकल्पिक मुद्रा लाने की भी कोई योजना नहीं है।

**बातचीत भी चलती रहे :** फिर भी इस बैठक की जरूरत थी, क्योंकि अमेरिका के साथ भारत की ट्रेड डील की बात अब भी रूसी तेल पर अटकी हुई है। जो गतिरोध पहले थे - यानी रूस से तेल खरीद, व्यापार में असंतुलन - वे अभी भी बने हुए हैं। ऊपर से नये वीजा नियमों की वजह से भी भारतीय प्रफेशनल्स को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में यह ठीक है कि अमेरिका के साथ बातचीत के जरिये मसलों को हल करने की कोशिश की जाये, लेकिन साथ में दूसरे मंचों का भी इस्तेमाल कर नये रास्ते खोले जायें।

अभिमत
आजाद सिपाही

**रूस से तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत का अनुचित अतिरिक्त शुल्क लगाने के बाद, जिसमें रूस से ज्यादा तेल खरीदने वाले चीन को छोड़ दिया गया, यह दावा करनेसे लेकर कि अमेरिका का भारत के साथ विशेष संबंध है और एच-1बी वीजा देने के लिए 1,00,000 अमेरिकी डॉलर या लगभग 90 लाख रुपये का भारी शुल्क लगाने तक, ट्रंप सभी को चिंतित कर रहे हैं। एच-1बी वीजा पर उनके नवीनतम निर्णय ने उस योजना को लगभग समाप्त कर दिया है, जो उच्च कुशल श्रमिकों, मुख्यतः आइटी पेशेवरों को अमेरिका में काम करने का अवसर प्रदान करती थी।**

# एच-1बी वीजा: भारत के लिए चुनौतियां और अवसर

**विपिन पब्बी**




भारत के साथ व्यवहार करते समय, अप्रत्याशित और अलग-थलग रहने वाले ट्रम्प कभी नरम तो कभी गर्म रहे हैं। रूस से तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत का अनुचित अतिरिक्त शुल्क लगाने के बाद, जिसमें रूस से ज्यादा तेल खरीदने वाले चीन को छोड़ दिया गया, यह दावा करनेसे लेकर कि अमरीका का भारत के साथ विशेष संबंध है और एच-1बी वीजा देने के लिए 1,00,000 अमेरिकी डॉलर या लगभग 90 लाख रुपये का भारी शुल्क लगाने तक, ट्रंप सभी को चिंतित कर रहे हैं।

एच-1बी वीजा पर उनके नवीनतम निर्णय ने उस योजना को लगभग समाप्त कर दिया है, जो उच्च कुशल श्रमिकों, मुख्यतः आइटी पेशेवरों को अमरीका में काम करने का अवसर प्रदान करती थी।

एक अनुमान के अनुसार, ऐसे अधिकांश पेशे, लगभग 70 प्रतिशत, भारत से थे। शुल्क में इस बढ़ोतरी को कंपनियां या एच-1बी वीजा के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति शायद ही वहन कर पायें।

**उदाहरण के लिए, चीन ने वैश्विक आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) पेटेंट का लगभग 70 प्रतिशत हासिल कर लिया है। हमें इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अभी बहुत कुछ करना होगा लेकिन एआइ के शानदार उदय को देखते हुए, हमें उभरती तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करना होगा।**

ट्रंप प्रशासन का तर्क था कि बड़ी कंपनियां भारतीयों और अन्य लोगों को बाजार दरों से कम पर रोजगार दे रही हैं, जबकि अमेरिकियों को रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे हैं। यह फैसला और हाल के दिनों में लिये गये कुछ अन्य नीतिगत फैसले देश के लिए खुद को जख्म देने वाले साबित हो सकते हैं, जिसका निर्माण अप्रवासियों ने किया है। भारत के लिए ऐसे फैसलों के नतीजे चुनौतियों के साथ-साथ अवसर भी पेश करते हैं, जो भारत के लिए एक बड़ा बदलाव साबित हो सकते हैं। दशकों से कुछ सबसे प्रतिभाशाली पेशेवर अमेरिका में उपलब्ध बेहतर अवसरों और उनकी तलाश में अमेरिका का रुख करते रहे हैं। ये पेशेवर, जिनमें से अधिकांश करदाताओं के पैसे से सरकारी संस्थानों में पढ़ाई करके, मेजबान देश की अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहे थे। भारत को इनसे जो एकमात्र लाभ हुआ, वह उनके द्वारा विदेश से भेजी गयी धनराशि थी। निरंतर अनिश्चितता और एच-1बी वीजा योजना के लगभग समाप्त हो जाने से इस प्रतिभा पलायन पर कुछ हद तक लगाम लग सकती है हालांकि विदेश में बसने के इच्छुक लोगों के लिए अन्य रास्ते खुले हैं। इसके अलावा ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया जैसे 7 अन्य देशों में भी अप्रवासियों के खिलाफ असंतोष बढ़ रहा है।

**देश की वैंचर कैपिटल फंडिंग में पिछले साल 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।**

हालांकि, पिछले कुछ दशकों में भारत में बहुत कुछ बदल गया है। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के नेतृत्व में आर्थिक उदारीकरण, उसके बाद व्यापार में आसानी और अब आयकर सुधार तथा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार स्वागत योग्य कदम हैं।

भारत अब अच्छे जीवन स्तर और पश्चिमी देशों के समान सुविधाएं भी प्रदान करता है। इसके बुनियादी ढांचे में खास कर शहरी इलाकों में, व्यापक सुधार हुआ है और कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। बैंकिंग और वित्तीय लेन-देन जैसे एकीकृत भुगतान प्रणाली जैसे कुछ क्षेत्रों में, हम अब विकसित देशों से भी बेहतर स्थिति में हैं। अब यह सरकार पर निर्भर करता है कि वह प्रतिभाओं को कैसे बनाए रखती है और आकर्षित करती है। अमेरिका में बढ़ती अनिश्चितता और यूरोपीय देशों में अप्रवासियों के विरोध से उत्पन्न अवसर, सरकार को अत्यधिक कुशल और प्रतिभाशाली पेशेवरों को अपने देश में फलने-फूलने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।

सरकार को स्टार्टअप्स के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं वाले विशेष क्षेत्र स्थापित करने, आसान ऋण और वित्त, नौकरशाही बाधाओं को दूर करके भ्रष्टाचार मुक्त प्रणाली और ऐसे उपक्रमों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने जैसे प्रोत्साहन देने चाहिए। प्रगति की निगरानी और आवश्यक अनुमोदनों को शीघ्रता से पूरा करने या अनुपालन संबंधी मुद्दों से निपटने के लिए समर्पित अधिकारियों की नियुक्ति की जानी चाहिए। सरकार को अनुसंधान और विकास पर जोर देते हुए एक अधिक सामंजस्यपूर्ण आर्थिक और व्यावसायिक वातावरण सुनिश्चित करना चाहिए। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए क्योंकि हम चीन और अन्य देशों से बहुत पीछे हैं। उदाहरण के लिए, चीन ने वैश्विक आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) पेटेंट का लगभग 70 प्रतिशत हासिल कर लिया है। हमें इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अभी बहुत कुछ करना होगा लेकिन ए.आई.के शानदार उदय को देखते हुए, हमें उभरती तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। पिछले कुछ वर्षों में रिवर्स ब्रेन ड्रेन की खबरें आयी हैं, जब अप्रवासियों को यह एहसास हुआ है कि भारत के कुछ हिस्सों में अब समान या बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध हैं और वह भी विदेशों में रहने की लागत के एक अंश पर। कुछ सकारात्मक संकेत पहले से ही दिखाई दे रहे हैं। देश की वेंचर कैपिटल फंडिंग में पिछले साल 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है और देश की अर्थव्यवस्था स्थिर गति से बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वदेशी या वोकल फॉर लोकल पर जोर दिए जाने के साथ ट्रंप के कार्यों से उत्पन्न अनिश्चितता और दुनिया के अन्य हिस्सों से आने वाले अप्रवासियों के खिलाफ माहौल से उत्पन्न चुनौती हमें इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित करेगी।

## कोल्हान की खबरें

### आरआइटी पुलिस दुर्गा पूजा को लेकर सतर्क मजिस्ट्रेट के साथ पंडालों का किया निरीक्षण



आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले के आरआईटी पुलिस ने दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है। सोमवार को आरआइटी प्रभारी संजीव कुमार सिंह एवं मजिस्ट्रेट कैलाश मिश्रा ने क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण में रोड नंबर 7, सहारा सिंडिकेट, रोड नंबर 31-32 एवं ट्रांसपोर्ट क्षेत्र के पंडाल शामिल रहे। उन्होंने भीड़ नियंत्रण के लिए एंट्री-एग्जिट प्वाइंट की जांच की और वाहन पार्किंग हेतु विशेष प्रबंध किए। वहीं मूर्ति विसर्जन को लेकर घाटों की स्थिति का जायजा लिया। साफ-सफाई व लाइटिंग में अनियमितता पायी गयी, जिस पर पूजा समितियों ने नगर निगम के प्रति नाराजगी जतायी। मजिस्ट्रेट मिश्रा ने अधिकारियों को श्रद्धालुओं से शालीन व्यवहार रखने का निर्देश दिया। सुरक्षा के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन एवं एंबुलेंस को अलर्ट पर रखा गया।

### मानगो में युवक को गोली मारने के मामले में तीन नामजद, एक अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। मानगो थाना क्षेत्र के जवाहरनगर रोड नंबर 13 स्थित तैयबा मस्जिद के पास रविवार शाम गोलीकांड में घायल अबसनान रोमी उर्फ बब्बू के बयान पर पुलिस ने तीन नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शाम करीब 5 बजे दो बाइक सवार बदमाशों ने बब्बू को गोली मारकर मौके से फरार हो गए। गोली उसकी कमर में लगी जिसके बाद उसे आनन-फानन में इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।पुलिस ने वसीम,रौनक, शाहरूख उर्फ चूहा बच्चा और एक अज्ञात व्यक्ति को आरोपी बनाया है। प्रारंभिक जांच में घटना की वजह पुरानी रंजिश मानी जा रही है। आरोपी हयातनगर डिमना बस्ती के रहने वाले हैं।

### एटीएम से रुपये निकालने के नाम पर साइबर ठगी, 70 हजार की चपत

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। उलीडीह थाना क्षेत्र के डिमना रोड निवासी मोती सिंह साइबर ठगी के शिकार हो गये। बीते रात केनरा बैंक एटीएम से रुपये निकालने के प्रयास में उन्हें मदद के बहाने एक व्यक्ति ने एटीएम कार्ड बदलकर 70 हजार रुपये उड़ा लिए। बार-बार प्रयास के बाद जब मोती सिंह रुपये नहीं निकाल पाये, तो पीछे खड़े एक व्यक्ति ने मदद की पेशकश की। इसी दौरान उसने कार्ड बदल दिया और मशीन में कार्ड फंसा देने का बहाना कर चला गया। थोड़ी देर बाद मोती सिंह के मोबाइल पर खाते से 70 हजार रुपये निकासी का मैसेज आया। भुक्तभोगी ने तुरंत उलीडीह थाना पहुंचकर मोबाइल नंबर 8409036059 धारक के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

# विधायक संजीव सरदार ने पोटका क्षेत्र में दर्जनों दुर्गा पूजा पंडालों का किया लोकार्पण





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पोटका विधायक संजीव सरदार ने दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर पोटका विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में एक दर्जन से अधिक दुर्गा पूजा पंडालों का विधिवत लोकार्पण किया।मौके पर हाता और कलिकापुर में श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटियों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में विधायक ने फीता काटकर पूजा पंडालों का उद्घाटन किया और श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। श्री सरदार ने कहा हर नारी में मां दुर्गा का वास है। नारी का सम्मान ही शक्ति की सच्ची आराधना है। सुंदरनगर और किताडीह में भी विधायक ने दीप प्रज्जलित कर पूजा का शुभारंभ किया। पूजा समितियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा दुर्गा पूजा केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सकारात्मकता का संदेश देने वाला पर्व है। हरहरगुट्ठु स्थित काली मंदिर समिति द्वारा आयोजित पूजा महोत्सव में भी विधायक ने पंडाल का उद्घाटन किया और पोटका क्षेत्रवासियों के लिए सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। विधायक श्री सरदार ने कहा मां दुर्गा की पूजा तभी सार्थक होगा जब हम समाज में भाईचारे को बढ़ावा दें, महिलाओं का सम्मान करें और अपने कर्मों से अच्छाई फैलायें। इस अवसर पर पूरे पोटका क्षेत्र में उनके लोकार्पण कार्यक्रमों के दौरान स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं का भरपूर समर्थन और उत्साह देंखने को मिला।

# टाटा स्टील यूआइसीएल ने स्वच्छ उत्सव 2025 और पुष्प अपशिष्ट प्रबंधन अभियान शुरू किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** 'स्वच्छता ही सेवा है' अभियान के अंतर्गत टाटा स्टील यूआइसीएल ने जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के सहयोग से स्वच्छ उत्सव 2025 जीरो वेस्ट पंडाल प्रतियोगिता और पुष्प अपशिष्ट प्रबंधन पहल का शुभारंभ किया। इन पहलों का उद्देश्य स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देना। जीरो वेस्ट पंडाल प्रतियोगिता के तहत शहर के दुर्गा पूजा पंडालों को प्रोत्साहित किया जा रहा वे सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करें, कचरे का स्रोत पर ही पृथक्करण करें और रीड्यूस, रीयूज और रीसायकल के सिद्धांतों को अपनायें। पंडालों का मूल्यांकन एक विशेष समिति द्वारा स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक-फ्री पहल और पर्यावरण-अनुकूल सजावट जैसे मानकों के आधार पर किया जा रहा है। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पंडालों को सम्मानित भी किया जायेगा। इस वर्ष कई पूजा समितियों ने शुद्ध रूप से जीरो वेस्ट मॉडल को अपनाकर सजावट की जो पर्यावरण संवेदनशीलता के प्रति जागरूकता का प्रतीक बन रही है। इस अभियान के तहत टाटा स्टील यूआइसीएल ने पुष्प अपशिष्ट प्रबंधन की भी शुरुआत की।

इस पहल के अंतर्गत 10 विशेष वाहन शहर के मंदिरों और पंडालों से फूलों का कचरा एकत्र करेंगे। एकत्र किये गये फूलों से जैविक खाद एवं अन्य उपयोगी उत्पाद तैयार किये जायेंगे, जिससे कचरा प्रबंधन में सुधार और परिपत्र अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। इन पहलों के माध्यम से टाटा स्टील यूआइसीएल ने एक बार फिर स्वच्छ, हरित और सतत जमशेदपुर के निर्माण हेतु अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया है।

### बर्मामाइंस इंस्पेक्टर ने लौटाये 15 लाख के जेवरात, ईमानदारी की हो रही प्रशंसा



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बर्मामाइंस थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिलीप यादव ने ईमानदारी और मानवता की मिसाल पेश की। उन्होंने 15 लाख रुपये के गुम हुए जेवर और इलेक्ट्रॉनिक सामान उसके असली मालिक को लौटाये। इंस्पेक्टर यादव की इस ईमानदारी की पूरे शहर में सराहना हो रही है। घटना बीते 26 सितंबर की है। बिरसानगर निवासी गुरुचरण गोराई का टेंपो से घर लौटते समय ट्यूब कंपनी गेट के पास बैग गिर गया था। बैग में कीमती जेवरात और उपकरण थे। इसकी शिकायत उन्होंने तत्काल बर्मामाइंस थाने में दर्ज करायी। पुलिस की तत्परता से जांच में बैग बरामद कर लिया गया। बैग में एचपी कंपनी का एक लैपटॉप,एक निकोन कैमरा,एक सोने का हार, दो हीरे की अंगूठी,पांच सोने की अंगूठी,चार सोने के झुमके,एक सोने का कान का बटन, दो हीरे का कान का रिंग,एक सोने का लॉकेट शामिल है। बैग वापस मिलने पर गोराई परिवार खुशी से फूले नहीं समा रहे है।इंस्पेक्टर यादव का कहना है यह उनका कर्तव्य था। आम जनता ने उनकी ईमानदारी की तारीफ करते हुए उन्हें सच्चा जनसेवक बताया।

### गम्हरिया हाट बाजार में बिजली खंभा बना खतरा



गम्हरिया (आजाद सिपाही)। हाट बाजार में बिजली आपूर्ति के लिए उपयोग हो रहा एक क्षतिग्रस्त खंभा रस्सी से बांधकर खड़ा किया गया, जो कभी भी बड़ा हादसा कर सकता है। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार पूर्व भी बाजार में आगजनी और शॉर्ट सर्किट की घटनाएं हो चुकी हैं। उसके बावजूद इसके में बिजली विभाग कोई कार्रवाई नहीं रही है। वहीं विद्युत विभाग के अधिकारी अजय हंस ने कहा उन्हें इस स्थान की जानकारी नहीं है और उनकी नियुक्ति हाल ही में हुई है, इसलिए वे इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

### लावा गांव में हाथियों का आतंक, किसानों की फसल बर्बाद, मुआवजे की मांग की



गुवा (आजाद सिपाही)। नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत लावा गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने भारी तबाही मचायी है। बीते देर रात करीब 1 बजे हाथियों ने गांव में धावा बोलते हुए खेतों में खड़ी फसलों को रौंद डाला और एक ग्रामीण के घर को भी नुकसान पहुंचाया। वही हाथियों ने सोंगा बोदरा के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया और उसके बागान में लगी मकई की फसल को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। कालिया चंपिया के तीन खेतों, माका चंपिया के एक खेत और इतावा चंपिया के दो खेतों में लगी फसलें पूरी तरह रौंद दी। ग्रामीणों को जान बचाने के लिए घर छोड़कर भागना पड़ा। रातभर टीन बजाकर और पटाखे फोड़कर हाथियों को गांव से भगाने की कोशिश की गयी। ग्रामीणों का कहना है अगर समय पर वन विभाग हस्तक्षेप नहीं करता, तो नुकसान और भी बड़ा हो सकता था। घटना के बाद ग्रामीणों ने गुवा वन विभाग के रेंजर से संपर्क कर फसलों के नुकसान का सर्वे कराने और उचित मुआवजा देने की मांग की।

# महासप्तमी को पूजा पंडालों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## पट खुलते ही मां दुर्गा के दर्शन के लिए भवनाथपुर, भंडरिया, कांडी, सगमा सहित पूरे गढ़वा जिले में मां दुर्गा की शुरू हुई पूजा

आजाद सिपाही टीम









**गढ़वा/भवनाथपुर/कांडी/सगमा/भंडरिया।** गढ़वा जिला में नवरात्रि का उल्लास पूरे चरम पर है। श्रद्धालु मां दुर्गा के चरणों में अपनी आस्था अर्पित कर सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना कर रहे है। सोमवार को महासप्तमी के दिन सभी पूजा पंडालों में मां दुर्गा का पट विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के बीच खोला दिया गया। मुख्य रूप से स्थानीय मां गढ़देवी मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा सहित सभी पूजा पंडालों में पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। उधर, जिला मुख्यालय के गढ़देवी मंदिर सहित सभी पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर मां के दर्शन किए। पूरे वातावरण में 'या देवी सर्वभूतेषु...' जैसे वैदिक मंत्रों की गूंज और घंटा-घड़ियाल की ध्वनि से श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिल रहा है। महासप्तमी पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं में वैदिक विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद पट खोलकर आम श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मां की झलक प्रस्तुत की गई। दीप, धूप, पुष्प और आकर्षक सजावटों से सजे पंडालों में माता रानी के दर्शन कर भक्तगण भाव-विभोर हो उठे। महिलाएं कलश लेकर पूजा अनुष्ठान में शामिल हुईं। वहीं, युवाओं और बच्चों ने आरती और भजन-कीर्तन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। भक्तिमय संगीत और शंखध्वनि से पूरा माहौल आध्यात्मिक रंग में रंगा नजर आया। कई पूजा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार श्रद्धालुओं की अधिक संख्या को देखते हुए विशेष प्रबंध किए गए हैं। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की भी तैनाती की गई है।

### पट खुलते ही उमड़ी भीड़

शारदीय नवरात्र के सप्तमी तिथि सोमवार को मां दुर्गा का पट खुलते ही भवनाथपुर क्षेत्र में स्थित पूजा पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। माता के दर्शन के लिए भक्तों की उत्सुकता देखते ही बन रही थी। सभी जगहों पर निर्धारित समय पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माता का पट खोला गया। पट खुलते ही माता के जयकारे से वातावरण गूंजित हो उठा। इससे पूर्व प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत बस्ती स्थित अष्टभुजी दुर्गा मंदिर प्रांगण से गाजे बाजे के साथ भक्तिमय वातावरण में कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिला पुरुष श्रद्धालु माथे पर पर कलश उठाकर भवनाथपुर बाजार मुख्य पथ होते हुए नगर भ्रमण करते हुए सर्वेश्वरी समूह आश्रम स्थित नदी तट पर पहुंचे, जहां पुजारी अमरेंद्र पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में नदी का पवित्र जल भरकर पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर कलश की स्थापना की। वहीं टाउनशिप दुर्गा मंदिर, ब्लॉक गेट मंदिर, बुका अमोला टोला दुर्गा मंडप, झुमरी अशोक वाटिका दुर्गा मंडप, अरसली उतरी दुर्गा मंदिर प्रांगण से भी कलश यात्रा निकाली गई, इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने अपने क्षेत्र के नदियों से कलश में जल भरकर मंदिर पहुंचकर कलश की स्थापना की। दूसरी ओर, सोमवार को कांडी प्रखंड क्षेत्र में भी पूजा पंडालों में माता का पट खुलते ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान कांडी के महावीर सह राम जानकी मंदिर के पूजा पंडाल, बाजार स्थित पूजा पंडाल, देवी मंदिर पूजा पंडाल, भास्कर युवा क्लब मझिगावां बस्ती के पूजा पंडाल और जय मां शेरावाली संघ नवयुवक हरिहरपुर पूजा कमेटी की ओर से आयोजित पूजा पंडालो में मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालु उमड़े रहे। इसके अलावा **भंडरिया** शारदीय नवरात्र के अवसर पर सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में मां दुर्गा का पट खोलते ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।महासप्तमी के अवसर पर वैदिक अनुष्ठान के साथ प्रतिमाओं में प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद मां दुर्गा का पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया गया। मां की भव्य झलक पाने को लोग पूजा पंडालों में कतारबद्ध होकर पहुंचे। पंडालों के भीतर दीप, धूप और फूलों से सजी प्रतिमाएं भक्तों को आस्था और भक्ति का अद्भुत अनुभव करा रही थीं। वहीं, भंडरिया, मर्दा कंजिया जोनहीखाड कुरुण तिहारो मदगड़ी बघवार के पूजा पंडाल में इस दिन दुर्गा पूजा बड़े उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।कई पूजा पंडालों में सुबह से ही दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही। महिलाएं कलश लेकर पूजा में शामिल हुईं, वहीं युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक मां की आरती में भाग लिया। भक्तिमय वातावरण में शंखध्वनि और सगींत से हर कोई भाव-विभोर हो उठा। पूजा समितियों के सदस्यों ने बताया कि भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्था की गई है। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने में स्वयंसेवक भी सक्रिय दिखे। मौके पर उपस्थित पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष नारायण प्रजापति, संरक्षक रवि कश्यप आदि थे।

### श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

शारदीय नवरात्र के अवसर पर सोमवार को सगमा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में मां दुर्गा का पट खोलते ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। 'या देवी सर्वभुतेषु रक्षा रुपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः' के वैदिक मंत्रोच्चार और शंख-घंटों की गूंज के बीच श्रद्धालु माता की आराधना में लीन हो गए। महासप्तमी के अवसर पर वैदिक अनुष्ठान के साथ प्रतिमाओं में प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद मां दुर्गा का पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया गया। मां की भव्य झलक पाने को लोग पूजा पंडालों में कतारबद्ध होकर पहुंचे। सगमा, शारदा, सोनडीहा, बीरबल और घघरी सहित कई पूजा पंडालों में सुबह से ही दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही। महिलाएं कलश लेकर पूजा में सम्मिलित हुईं, वहीं युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक मां की आरती में भाग लिया। वातावरण में भक्तिमय संगीत और शंखध्वनि से हर कोई भाव-विभोर हो उठा। पूजा समितियों के सदस्यों ने बताया कि भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्था की गई है। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने में स्वयंसेवक भी सक्रिय दिखे। पूरे प्रखंड में नवरात्र का उल्लास चरम पर है और श्रद्धालु मां दुर्गा के चरणों में अपनी आस्था अर्पित कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

## इनहाउस टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम का तीसरा चरण संपन्न

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय जीएन कान्वेंट(10 प्लस 2) स्कूल में सीबीएसई गाइडलाइन के आलोक में इनहाउस टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम का तीसरा चरण संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक व शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी और उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम एक ऐसा कार्यक्रम है जो शिक्षकों को ऐसी तकनीक और आधुनिक शिक्षण नीतियों से लैस करता है जो उन्हें अपने छात्रों से बेहतर संप्रेषण और आधुनिक तरीके से जुड़ने उन्हें प्रबंधन करने और उन्हें पढ़ने में मदद करती है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सभी छात्र सीख रहे हैं और लाभान्वित हो रहे हैं। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम जब सही तरीके से और सही विषय वस्तु के साथ संचालित किए जाते हैं तो उनमें शिक्षकों को इस हद तक प्रशिक्षित करने की शक्ति होती है कि वह न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि इसके बाहर भी छात्रों पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। वर्तमान परिपेक्ष्य में शिक्षकों को प्रशिक्षित करना मुख्य रूप से इस तथ्य के कारण आवश्यक है कि वर्तमान पीढ़ी के छात्र पारंपरिक शिक्षण विधियों को नहीं समझते। हम आज के छात्रों को कल के तरीके से नहीं पढ़ा सकते हैं। जब शिक्षक यह समझ जाते हैं कि विभिन्न सीखने की शैलियों को कैसे पूरा किया जाए तो वह सैकड़ो और हजारों छात्रों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेंगे। इस प्रशिक्षण के रिसोर्स पर्सन पीजीटी शिक्षक कृष्ण कुमार एवं टीजीटी शिक्षक मुकेश कुमार भारती द्वारा कक्षा प्रबंधन टॉपिक पर गहन तार्किक एवं सुग्राह्य विचार एवं सुझाव व्यक्त किए गए जो अत्यंत ही सरस एवं सराहनीय रहा। मंच का कुशल संचालन शिक्षिका नीरा शर्मा, जबकि धन्यवाद ज्ञापन खुर्शीद आलम ने किया। स्वागतगान दशम कक्षा की छात्राओं द्वारा किया गया जबकि प्रोजेक्टर एवं स्लाइड संचालन श्रेया आनंद ने किया।

## धुरकी-डंडई में बड़ी कार्रवाई, 400 किलो महुआ जब्त

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के धुरकी और डंडई थाना क्षेत्र में उत्पाद विभाग की टीम ने सोमवार को अवैध शराब निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापामारी में करीब 400 किलो जावा महुआ जब्त किया गया। वहीं 65 लीटर तैयार अवैध महुआ शराब को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। अभियान माछपानी कदवा और लवाही गांव में चलाया गया। हालांकि टीम के पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गए। अभियुक्तों की पहचान नहीं हो पाई है, जिसके कारण मामला अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई डीसी दिनेश कुमार यादव के निर्देश पर की गई। अभियान का नेतृत्व उत्पाद अधीक्षक निर्मल कुमार और अवर निरीक्षक निर्मल मरांडी ने किया। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि जिले में अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने बताया कि दुर्गा पूजा पर्व के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए यह विशेष कार्रवाई की गई है।

## बाइक की टक्कर में दो महिलाओं सहित पांच घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के झगड़ाखांड हाई स्कूल के समीप मुख्य पथ सोमवार को दो बाईकों के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर दो महिलाओं सहित कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में खरौंधी थाना क्षेत्र के पायल कुमार, उसके पति विमलेश पासवान, शिला कुमारी पति शैलेश कुमार, श्रीवंशीधर नगर थाना क्षेत्र के उपेंद्र भुइंया एवं जिरहुल्ला निवासी विमलेश राम का नाम शामिल है। सभी घायलों को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से ईलाज हेतु भवनाथपुर सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सक शैलेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल उपेंद्र भुइंया एवं विमलेश पासवान को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया जा रहा कि विमलेश पासवान अपनी पत्नी और रिश्तेदार के साथ बाईक पर सवार होकर यूपी विंढहमगंज से खरौंधी जा रहा था, जबकि उपेंद्र भुइंया और विमलेश राम जिरहुल्ला से भवनाथपुर जा रहे थे, तभी झगड़ाखांड हाई स्कूल के समीप मुख्य पथ पर दोनों बाईकों के आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई।

## महासप्तमी को डंडई में निकली भव्य कलश यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड के सोनेहरा गांव में शारदीय नवरात्र के महासप्तमी को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपने-अपने माथे पर कलश लेकर माता रानी का जयकारा लगा रहे थे। कलश यात्रा सोनेहरा गांव के विभन्न गली एवं मुहल्ला का भ्रमण कराया गया। वहीं, गांव के देव स्थलों का पूजा-अर्चना करते कलश यात्रा त्रिवेणी संगम नदी के तट पहुंचा, जहां पुरोहित संजय कुमार पांडेय द्वारा मां गंगा की विधिवत पूजा अर्चना के साथ आरती उतारी गई। इसके बाद त्रिवेणी संगम नदी से पवित्र जल को उठा कर पंचदेव मंदिर परिसर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा स्थल पहुंच श्रद्धालुओं ने अपने-अपने कलश को स्थापित किया। इसके बाद मां दुर्गा का पट खुलते ही पूजा-अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ने लगी। पूजा समिति के अध्यक्ष शिव कुमार यादव,सचिव मनोज कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष संतोष यादव ने बताया कि महासप्तमी के अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई है। नवरात्र के अष्टमी तिथि दीपदान एवं नवमी को नौ कुमारी कन्याओं का पूजन किया जाएगा। वहीं, दशमी तिथि को पंचदेव मंदिर परिसर में महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा। नवरात्र को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में काफी उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। उधर, विभिन्न पूजा पंडालो में पूजा कमेटी की ओर से मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा व मंदिर के स्वरूप देकर विशाल पूजा पंडाल का निर्माण किया गया है। दुर्गा पूजा को लेकर जगह-जगह मां दुर्गा की भक्ति गीतो से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। सोनेहरा, पंचौर में रामलीला आयोजन किया जा रहा है। वही कई गांवों में नाटक मंचन और रामायण दिखाया जा रहा है।

## मझिआंव में आरएसएस के कार्यवाहकों ने किया पथ संचलन

**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** आरएसएस के स्थापना काल के 100 वर्ष पूरे होने पर खण्ड कार्यवाह राहुल कुमार, जिला अधिकारी एवं सभी स्वयं सेवको के नेतृत्व में पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह पथ संचलन कार्यक्रम ब्लॉक रोड स्थित शिव मंदिर से चल कर मुख्य बाजार होते हुए पुरानी अस्पताल होकर बाइपास रोड में स्थित द अक्षर पब्लिक स्कूल में पहुंचकर विभाग प्रचारक व्यापक जी द्वारा बौद्धिक कार्यक्रम किया गया। इस दौरान आरएसएस के स्वयं सेवक लवकुमार पांडे ने बताया कि आरएसएस की स्थापना 1925 में हुई थी। संघ संपूर्ण विश्व में भारत मां, समाज एवं देश की सेवा करते हुए स्वयं की प्रेरणा से 100 वर्ष पूरा किया। इसके उपलक्ष्य में सर संघ संचालक के निर्देश पर पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## मां दुर्गा के दर्शन कर श्रद्धालु हुए निहाल



**मेराल (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र के सप्तमी को मां दुर्गा के पट खुलते ही भक्त मां के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर निहाल हुए। इस अवसर पर भक्ति की भावना चरम पर थी। पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ रही है। प्रखंड मुख्यालय सहित सभी पंचायतों में सोमवार के विभिन्न पूजा पंडालों में मां दुर्गा दरबार के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। यहां के प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम में भी दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। बस स्टैंड के जय भवानी संघ के आकर्षक पूजा पंडाल में स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर के श्रद्धालुओं की भी भीड़ देखी गई। इसी तरह अस्पताल चौक, पुरानी बाजार, छवआना टोला, मकुना टोला, पुरवारा टोला, बढ़का खलिहान, भुईयां टोला, तेली टोला, नेनुआ मोड देवी मंडप, मुडल टोला तथा चांदनी चौक के दुर्गा पंडाल को आकर्षक बनाया गया है।

## भंडारा का आयोजन

**रंका (आजाद सिपाही)। रंका मां काली युवा संघ दुर्गा मंडप के तत्वाधान में सप्तमी को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह, मोरध्वज कुमार सिंह, महंत बलराम पांडेय, संघ के अध्यक्ष रंजीत सौंडिक, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया ने सामूहिक रूप से किया। भंडारा को सफल बनाने में सचिव सोनू मद्धेशिया , कोषाध्यक्ष मोहित चौधरी , मीडिया प्रभारी अमरेंद्र कुमार आदि की भूमिका रही।**

## धुरकी पुलिस ने गंभीर मामले में नामजद अभियुक्त को दबोचा, न्यायालय में पेश



**धुरकी/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** धुरकी पुलिस ने पोस्को एक्ट और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि यह मामला एक महिला द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर दर्ज किया गया था। जांच के बाद धुरकी थाना कांड संख्या 130/25 29 सितंबर को विधिवत पंजीकृत किया गया। इस मामले मेंविभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में अभियुक्त रूसिया गांव निवासी राजन कुमार को नामजद किया गया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अभियान चलाकर राजन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को विधि अनुसार न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून और व्यवस्था को चुनौती देने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## आस्था : जय मां शेरावाली भंडारा में शामिल हुए डीसी-एसपी

# दुर्गापूजा पर भंडारा कराने से मिलती है सुख-शांतिः डीसी

**दीप जलाकर और कुवांरी कन्याओं को भोजन कराकर किया भंडारा का शुभारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। दशहरा पर्व के अवसर पर गढ़देवी मंदिर परिसर के बगल में इस साल भी जय मां शेरावाली की ओर से भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डीसी दिनेश कुमार यादव, एसपी अमन कुमार, एसडीओ संजय कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, युवा समाजसेवी राकेश पाल, जिप अध्यक्ष शांति देवी, भंडारा के अध्यक्ष सुनील कुमार उर्फ नागर ने संयुक्त रूप से मां दुर्गा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान नव कुवांरी कन्याओं को प्रसाद भी खिलाया गया। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि जय मां शेरावाली भंडारा की ओर से भंडारा का आयोजन करना बहुत ही खुशी की बात है। कहा कि दुर्गा पूजा पर भंडारा का आयोजन करने से सुख एवं शांति मिलती है। वहीं, एसपी अमन कुमार ने कहा कि भंडारा का प्रसाद खाने के लिए सभी लोगों को नसीब नहीं होता हैं। दुर्गा के पूजा के अवसर पर भंडारा में प्रसाद खाने से सुख-शांति मिलती है। वहीं, भंडारा के अध्यक्ष सुनील कुमार नागर ने कहा कि सप्तमी से लेकर दसमी तक भंडारा का आयोजन होता है। कहा कि पिछले 25 वर्षों से लगातार दुर्गा पूजा के अवसर पर भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्य में शहर के लोगों का भरपुर सहयोग मिलता हैं। मौके पर भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, भाजपा नेता ईश्वर सागर चंद्रवंशी, सन्नी चंद्रवंशी, पिंकी केशरी, अनिता दत, संध्या सोनी, गुप्तेश्वर ठाकुर, कंचन साहू, विनोद बघेल उर्फ करीमन और राजमी पासवान आदि उपस्थित थे।

## आरएसएस ने मनाया शताब्दी वर्ष श्री विजयादशमी उत्सव



**रंका (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के आरएसएस कार्यकर्ताओं ने संगठन के 100 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को रंगिला बाबा परिसर में शताब्दी वर्ष श्री विजयादशमी उत्सव मनाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा, आलोक कुमार, राजेश कुमार पाण्डेय, और अभिषेक सिन्हा के नेतृत्व में पथ संचलन किया, जो कार्यक्रम स्थल से निकल कर थाना मोड़ सर्वेश्वरी पेट्रोल पंप से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 343 पर चलते हुए बाजार से रंगीला बाबा पहुंचे जहां पथ संचलन समाप्त और बौद्धिक सत्र का शुभारंभ हुआ। जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्र भावना, अनुशासन और समर्पण का संदेश दिया गया। बौद्धिक सत्र में नितीश कुमार ने कहा कि संघ का कार्य राष्ट्र भावना और अनुशासन को जगाना। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केवल संगठन नहीं बल्कि राष्ट्रसेवा और समर्पण का प्रतीक है। सभा का समापन राष्ट्रगान से किया गया। इस मौके पर रानू राजकमल सिंह,सौरभ कुमार, अमरेन्द्र कुमार, मोहित कुमार चौधरी, सोनू कुमार मद्धेशिया आदि उपस्थित थे।

# पूजा पंडालों के पट खुले, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**भव्य पूजा पंडाल और आकर्षक विद्युत सज्जा बना आकर्षण का केंद्र**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** चालू नवरात्र के दौरान दुर्गा पूजा के उत्सव में जिले के शहरी और ग्रामीण इलाके पूरी तरह रंग गये है। सोमवार को सभी पूजा पंडालो में दुर्गा प्रतिमाओ की स्थापना कर माता के कालरात्रि स्वरुप की पूजा-अर्चना की गयी। पुरोहितो और श्रद्धालुओं ने जलाशयों में जाकर पूजा-अर्चना करने के पश्चात नवपत्रिका की स्थापना पूजा पंडाल में किया। पूजा पंडालों में भगवती की महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सोमवार की सुबह पंडालो के पट खुलते ही माता भगवती के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा पंडालों में उमड़नी शुरू हो गयी। सुबह से देर रात तक पूजा पंडालों में दर्षनार्थियो की भीड़ से पूजा पंडाल की रौनक देखते बन रही थी। साज सजावट, विद्युत सज्जा शहर के सड़को पर गहमा गहमी भीड़ लोगों को दुर्गा पूजा उत्सव का एहसास करा रहा था। पूजा पंडालों को आकर्षक और भव्य तरीके से निर्माण करने के साथ पंडालो के प्रवेष द्वार में बड़े और सुंदर तोरणद्धार बनाया गया है। पूजा समिति के उत्साहित युवाओं ने पंडाल को आकर्शक और भव्य बनाने में कोई कसर नही छोड़ रखा हैं। पूजा के दौरान पंडाल और विद्युत सज्जा लोगों के आकर्शण का केंद्र बना हुआ हैं। षहर के पंडाल एक से बढ़कर एक बनाये गये हैं। विद्युत की लड़िया से पंडाल आने जाने सड़कों की सजावट की गयी हैं। षहर के पंडाल एक से बढ़कर एक बनाये गये हैं। वर्तमान में रेलवे साईडिंग, बीआइडी, थाना टोली, ब्लाक मोड़, बक्सीडीपा, षास्त्री चौक, अमला टोली, हटिया गार्डेन, चंद्रषेखर आजाद चौक, महावीर चौक, राणा चौक, वीर षिवाजी चौक, हरिजन स्कूल, मैना बगीचा आदि के पूजा पंडाल आकर्षक बनाये गये हैं। यहां पर के पंडाल निर्माता देष के विभिन्न प्रसिद्ध मंदिरों और धामो का आकार देने में लगे है।

**पूजा पंडालों में है सुरक्षा के कड़े इंतजाम :** शहरी क्षेत्र से लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। दुर्गा पूजा पंडालों के अलावा विभिन्न चैक-चैराहों के पुलिस बल के साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। साथ ही लगातार गश्ती की जा रही है। एसपी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे से उपद्रवियों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने दुर्गा पूजा के अवसर पर जिलेवासियों से किसी भी प्रकार के अफवाह पर ध्यान नहीं देने, किसी प्रकार की सूचना मिलने पर तुरंत प्रशासन को देने की बात कही है।








## मां कालरात्रि की पूजा के लिए मंदिरों में उमड़ी भीड़

अपने महाविनाशक गुणों से शत्रु और दुष्टों का संहार करनेवाली दुर्गा महारानी का सातवां स्वरुप माता कालरात्रि की पूजा अर्चना विधि विधानपूर्वक की गयी। स्थानीय सभी दुर्गा मंदिरों और पूजा पंडालों में दिनभर माता कालरात्रि की पूजा को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। सुबह के वक्त मंदिर में दुर्गा सप्तषती और मां की स्तुति सामूहिक रुप से की गयी। भक्तों ने हवन में सामूहिक आहुतियां डाली। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया वैसे ही श्रद्धालुओं की भीड़ भी बढ़ती गयी। सुबह आठ बजे तक काली मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालु माता के दर्षन कर चुके थे। यह सिलसिला दोपहर तक अनवरत चलता रहा। शहर के हटिया गार्डेन स्थित काली मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। इस मंदिर में शाम के वक्त सामूहिक आरती में खासी भीड़ रही। देवी माता के दर्षन के लिए बच्चे, बूढ़े, जवान, महिला, पुरुष की भीड़ उमड़ती रही। हाथ में जल का लोटा और पूजन सामग्री लेकर पहुंचे श्रद्धालु माता की जय जयकार कर रहे थे। काली मंदिर के पुजारी पंडित आनंद पाठक ने बताया कि आकृति और सांस्सारिक स्वरुप में यह कालिका का अवतार यानी काले रंग की अपनी विशाल केश राशि को फैलाकर चार भुजाओं वाली दुर्गा माता है। यह वर्ण और केष में अर्द्धनारीष्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती है। शहर के छतरबगीचा से लेकर बीआईडी, मिशन चैक, बरवाटोली, राणा चौक, महावीर चौक, अपर बाजार, तिवारी दूरा, हटिया गार्डेन, थाना टोली, शास्त्री चैक, अमलाटोली, रेलवे साईच्डग बस पड़ाव, ब्लाक मोड़, मैना बगीचा, हरिजन स्कूल, दुर्गा बाड़ी, पतराटोली आदि स्थानों में की गयी सजावट लोगों को मोहित कर रही है।

## कुडू में एसपी ने पूजा पंडालों का लिया जायजा



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आगामी दुर्गा पूजा पर्व को लेकर सुरक्षा और प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लेने सोमवार को पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कुडू प्रखंड मुख्यालय और आसपास के गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण कर समिति पदाधिकारियों से विस्तृत बातचीत की। एसपी ने विद्युत व्यवस्था, अग्निशमन प्रबंध, भीड़ नियंत्रण और आपातकालीन निकासी मार्ग की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने समितियों को पर्याप्त वालंटियर तैनात करने औरअग्निशामक यंत्र उपलब्ध रखने का निर्देश दिया। एसपी रिजवी ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। वहीं थाना प्रभारी और दंडाधिकारियों को संवेदनशील स्थानों, चौक-चौराहों और भीड़-भाड़ वाले इलाके पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया। निरीक्षण के मौके पर थाना प्रभारी मनोज कुमार, पुलिस एसोसिएशन के मंत्री मुरारी कुमार, युवा समाजसेवी ओमप्रकाश साहू, गोल्डन कुमार, संजय चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बिजली कर्मियों ने आवेदन देकर स्विच बोर्ड ऑपरेटर पर कार्रवाई की मांग की

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा प्रखंड में कार्यरत बिजली गर्मियों ने ऊर्जा शक्ति उप केंद्र उदरंगी के स्विच बोर्ड ऑपरेटर संजय प्रजापति पर लापरवाही पूर्वक काम करने का आरोप लगाते हुए स्विच बोर्ड ऑपरेटर पर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में बिजली कर्मियों ने विद्युत विभाग के कनीय अभियंता, सहायक अभियंता और कार्यपालक अभियंता को आवेदन दिया है। उक्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि ऊर्जा शक्ति उप केंद्र उदरंगी का स्विच बोर्ड ऑपरेटर लापरवाही पूर्वक काम करता है। जिसके कारण विद्युत कर्मियों की जान माल की हानि होने की संभावना बनी रहती है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि 27 सितंबर को जामवंत प्रजापति 11 हजार बिजली पावर का शटडाउन लेकर बलसोटा गांव में ट्रांसफार्मर में काम कर रहा था। शटडाउन लेने के बाद भी बिना सूचना के स्विच बोर्ड ऑपरेटर संजय प्रजापति द्वारा 11 हजार लाइन प्रवाहित कर दिया गया। इस घटना में जामवंत प्रजापति बाल बाल बच गया। बिजली कर्मियों के अनुसार इससे पूर्व भी एक बार इसी तरह के लापरवाही स्विच बोर्ड ऑपरेटर के द्वारा लापरवाही पूर्वक काम की गयी थी। जिसमें एक बिजली कर्मी सुचिंद्र प्रजापति इसके करंट में आ गया था, और पोल से गिरने के कारण उसका पैर टूट गया था। विद्युत कर्मियों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि स्विच बोर्ड ऑपरेटर के द्वारा बराबर ही लापरवाही पूर्वक काम किया जा रहा है। जिससे कभी भी किसी अप्रिय घटना की संभावना बनी रहती है। इस मामले पर कनीय अभियंता सहायक अभियंता और कार्यपालक अभियंता, अधीक्षण अभियंता को आवेदन देकर जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। बिजली कर्मियों का कहना है कि इस मामले पर जांच कर कार्रवाई नहीं की जाती है तो प्रखंड के सभी विद्युत कर्मी आंदोलन के लिए बात हो जायेंगे।

## गांव में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**सेन्हा - लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अंतर्गत चौकनी ग्राम में वार्ड सदस्य और आंगनबाड़ी सेविका के नेतृत्व में महिला पुरुषों द्वारा स्वच्छता अभिया चलाया गया। स्वच्छता अभियान के क्रम में गांव के महिला पुरुषों ने वार्ड सदस्य उर्मिला देवी और आंगनबाड़ी शेविक शिला कुमारी के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र, अखाड़ा, जलमीनार और सड़क के अगले बगल साफ-सफाई किया गया। वहीं वार्ड सदस्य व आंगनबाड़ी सेविका ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिये बताया कि गांव में गंदगी रहने से मच्छर पनपता है। मलेरिया, टाइफाइड, चेचक, हैजा जैसे खतरनाक बीमारी फैलता है। गांव को और अपने घर के अगल-बगल साफ रखें जिसे बीमारियों से बचा जा सकता है। साथ ही बताया कि पेयजल स्वच्छता विभाग के निर्देश पर जिला और प्रखंड से लेकर गांव में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम से पूर्व सभी लोगों ने गांव को साफ और स्वच्छ रखने और सफाई को अपने नित्य कार्य मे शामिल करने के लिये सभी लोगों ने शपथ लिया। मौके पर जल सहिया पुनीत एक्का, सहायिका जसिंता भगत और हरिश्चंद्र ठाकुर, धर्मनाथ महली, महावीर महली, पिंकी देवी, संगीता देवी, सुमन कुमारी, रमन्ती कच्छप, रोमा कुमारी नीतिशा कुमारी समेत अन्य ग्रामीण महिला पुरुष सफाई अभियान में मौजूद थे।

## बांग्ला रीति रिवाज से दुर्गाबाड़ी में होती है विशेष पूजा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** श्री श्री दुर्गा बाड़ी मंदिर लोहरदगा श्रद्धालुओं की गहरी आस्था से जुड़ी है। सन 1936 ईस्वी से यहां दुर्गा पूजा की परंपरा चली आ रही है। बांग्ला रीति-रिवाज से मां दुर्गा की आराधना होने से इसकी श्रद्धालुओं में अलग से पहचान बन गयी है। इस मंदिर में शहरी और ग्रामीण इलाकों समेत दूसरे जिले के श्रद्धालु भी दुर्गा अध्यात्मिका अमृत पान करने आते हैं। इस मंदिर का संचालन और पूजा पाठ का दायित्व स्थानीय बंगाली समुदाय और लोहरदगा के गणमान्य लोगों के ऊपर है। मंदिर की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दुर्गा उपासक स्वर्गीय लाल गोपीनाथ सहदेव, स्वर्गीय ललित मोहन राय, स्वर्गीय श्री कंठ दत्ता, स्वर्गीय गोपेंद्र नाथ चंद्र, स्वर्गीय दिनेश चौधरी, स्वर्गीय रुक्मिणी भूषण राय, स्वर्गीय डॉक्टर सचिंद्र मोहन घोष, स्वर्गीय देवेंद्र कुमार कार, स्वर्गीय डॉ भुवन मोहन दत्ता, स्वर्गीय शारदा चरण देवघरिया, स्वर्गीय सुबोध चंद्र देवघरिया और उपेंद्र नाथ मुखर्जी आदि ने दुर्गा बाड़ी मंदिर पर शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव मनाने की शुरुआत किये थे। लगभग 89 वर्ष बीतने के बाद लगातार इस मंदिर का विकास और आस्था बढ़ती गयी है। इस मंदिर में मां दुर्गा की कृपा श्रद्धालुओं में बने रहने की मान्यता मानी जाती है। प्रतिमाह अमावस्या काली पूजा, दुर्गा पूजा, गरीबों में भंडारे का आयोजन करने की परिपाटी चली आ रही है। बंगाल के कलाकार, ढाकी व पुरोहित, कोलकाता के शिल्पी के द्वारा प्रतिमा का निर्माण और महाआरती धूना नाच विशेषता बन गयी है। समिति के पदाधिकारियों में अध्यक्ष विजय गोपाल दत्ता, देवाशीष कार, तापस राय, कोषाध्यक्ष निमाय चन्द्र दास, भास्कर दास गुप्ता, प्रवीर दत्ता, सोमू दत्ता आदि ने बताया कि मंदिर की खास परंपरा यह रही है कि यहां पूजा नव पत्रिका प्रवेश होते ही प्रतिदिन संध्या में ढाक वादन के साथ धुन नाच का कार्यक्रम होता है।

## कुडू में निकाली गयी भव्य कलश यात्रा



**कुडू - लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** चैत नवरात्रा महासप्तमी पर सोमवार को कुडू शहर के पांचों पूजा समितियों केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति दुर्गा बाड़ी, जय माता दी पूजा समिति निचे स्टैंड, मां शक्ति पूजा समिति बस स्टैंड, मां भवानी पूजा समिति भवानीपुर, और मां अंबे पूजा समिति ब्लॉक मोड़ की ओर से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। हजारों महिलाएं और बालिकाएं माथे पर कलश लिए गाजे-बाजे के साथ ऐतिहासिक टीको नदी पहुंचीं, जहां पुरोहितों ने सामूहिक पूजा व जल भराई करायी। इसके बाद कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए विभिन्न पंडालों तक पहुंची और विधिवत स्थापना की गयी। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य गंगोत्री देवी समेत पूजा समितियों के कई गणमान्य लोग और श्रद्धालु शामिल हुए।

### विधायक प्रतिनिधि की पत्नी की हत्या का पुलिस ने 48 घंटे में किया खुलासा

# दुष्कर्म के बाद की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**पेड़ की टहनी काटने के दौरान महिला से किया दुष्कर्म, विरोध पर कुल्हाड़ी से की गयी हत्या**

**हथियार और खून से सने कपड़े बरामद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गारु।** गारु प्रखंड के बारेसांढ़ थाना अंतर्गत भेलवाकोना जंगल में विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव की पत्नी रिंकी देवी की नृसंस हत्या का खुलासा पुलिस के द्वारा 48 घंटे के अंदर ही कर लिया गया। एसडीपीओ शिवपूजन बहेलिया ने बारेसाढ़ थाना परिसर में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पत्रकारों को बताया कि मृतिका शुक्रवार को संध्या करीब तीन बजे दतवन तोड़ने की बात बोलकर घर से जंगल के तरफ निकली थी। देर शाम तक नहीं लौटने पर महिला को ढूंढने के लिए ग्रामीणों का सहयोग लिया गया। अगले दिन गुमशुदा महिला का शव बरामद किया गया। इसके बाद बारेसांढ़ थाना में कांड संख्या 05/2025 दिनांक 27/09/2025 को दर्ज की गयी। अनुसंधान में लक्ष्मण यादव ने पूछताछ के क्रम में अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि 26/09/2025 को चार बजे शाम को भेलवाकोना में पशु चराने और पशु के बच्चें के लिए पत्ता तोड़ने गये थे। उसी क्रम में महिला वहां पर पहुंची। तत्पश्चात पेड़ों की टहनी काटने के दौरान लक्ष्मण यादव (45) पिता नंद कुमार यादव के द्वारा महिला का जबरन बलात्कार किया गया। इसके बाद महिला के हल्ला करने और अभियुक्त को धमकी देने के कारण साक्ष्य मिटाने की नीयत से कुल्हाड़ी से महिला के गाल, कपाल, सर के पीछे बायें तरफ कुल्हाड़ी से काट दिया। जिससे महिला की मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गयी। अभियुक्त के निशानदेही पर घटना में प्रयोग किया हुआ कुल्हाड़ी और अभियुक्त के द्वारा घटना के समय पहने हुए खून से सने कपड़ों को जब्त किया गया। कांड में अभियुक्त लक्ष्मण यादव पिता नंदकुमार यादव को गिरफ्तार कर मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया।

### छापामारी दल में ये रहे शामिल

उक्त घटना के उद्भेदन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया, थाना प्रभारी बारेसाढ़ प्रभात कुमार दास, महिला थाना प्रभारी सुशीला केशरी,थाना प्रभारी महुआडांड मनोज कुमार, थाना प्रभारी गारु पारसमणी,पु.अ.नी बारेसाढ़ विजय कुमार महतो,पु.अ.नी. महुआडाड़ इंद्रदेव रजवार समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। मामले के इतने कम समय में खुलासा होने पर ग्रामीणों का पुलिस प्रशासन का प्रति विश्वास बढ़ा है।

## पूजा पंडालों का पट खुलते ही उमड़ा जनसैलाब



**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर षष्ठी को बेल वरन के उपरांत नवपत्रिका पुजन के पश्चात पुजा पंडालों में स्थापित माता का पट श्रद्धालु भक्तों के लिए खोल दिया गया। वहीं प्रखंड क्षेत्र के सभी पुजा पंडालों का पट खुलते ही भक्तों के मन में दर्शन और पुजन को लेकर पुजा पंडालों में श्रद्धालु भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। वहीं पुरोहित अवनीश पाठक, नन्दकिशोर पांडेय, पंकज, सनतकुमार पांडेय ने बताया कि सप्तमी के मौके पर माता के सप्तम स्वरूप देवी कालरात्रि माता की पुजा कि गयी। पुजन के बाद पुजा पंडालों के पट खुलते ही दर्शन और पूजन के लिये श्रद्धालु भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सभी लोगों ने विधि विधान से माता देवी कालरात्रि का पूजा अर्चना कर सुख शांति, समृद्धि और ऐश्वर्य के लिये मंगल कामना किया गया।

## लोहरदगा में निकली कलश शोभा यात्रा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** निंगनी के बरवाटोली स्थित भांवरटोली लोहरदगा में सोमवार को मां दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। माता की यात्रा के दौरान दुर्गा माता की जय, जय श्री राम आदि के नारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रही थी। शोभा यात्रा में लोहरदगा के प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ टी साहू शामिल हुए। जय मां दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष नीतेश कुमार द्वारा मुख्य अतिथि को चुनरी ओढ़ा कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात श्री साहू द्वारा पंडाल का विधिवत उद्घाटन फीता काट कर किया गया। मौके पर डॉ साहू ने माता रानी से राज्य की सुख शांति और समृद्धि की कामना की। मौके पर कृष्णा प्रसाद साहू दीपक साहू, रंजीत साहू, अंबुज कुमार समेत क्षेत्र के भारी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

# लोहरदगा में विजयादशमी मेले की तैयारियां शुरू बन रहे रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले

**60 फीट का रावण, 50 फीट का कुम्भकर्ण और 55 फीट का मेघनाथ रहेगा आकर्षण का केंद्र**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा में विजयादशमी मेला की तैयारी शुरू हो गयी है। इसको लेकर पुतला निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। जिले में लगभग 60 फीट ऊंची रावण, 50 फीट ऊंची कुम्भकर्ण, और 55 फीट ऊंची मेघनाथ का पुतला बनाया जा रहा है। जो आकर्षण का केंद्र होगा। पुतलो का निर्माण बिहार के गया जिले के अनुभवी कारीगरों के द्वारा निर्मित किया जा रहा है। राजधानी रांची में जितने उचाई की रावण बन रही है, उसी के टक्कर में लोहरदगा की भी रावण करीब 60 फिट, कुम्भकर्ण 50 फिट और मेघनाथ 55 फिट की बनायी जा रही है। पुतला निर्माण कर रहे मो आजाद ने बताया कि वे लोग नौ सदस्यीय टीम बनाकर बिहार के गया से लोहरदगा आये है। पिछले 15 दिनों से वे पुतला निर्माण का कार्य कर रहे हैं। उनके साथ में रोहित राज उर्फ मुन्ना, मो मोनू, मो खुर्शीद, रौशन आलम, मो जुल्फिकार शाह, मो आजाद, मो पप्पू समेत नौ सदस्यीय टीम है। सभी गया जिले के मानपुर के निवासी है। उन्होंने बताया कि पिछले पांच साल से लोहरदगा में पुतला निर्माण कर रहे हैं। इस पुतले के निर्माण में लगभग डेढ़ लाख रुपये खर्च आ जाता है जिसमें हमलोगों की अच्छी आमदनी हो जाती है। कहा कि इस बार सभी पुतले बड़े बन रहे है। वही रावण का निर्माण दस सिरों के साथ किया जा रहा है। वहीं कुंभकर्ण और मेघनाद के सिर पर छतरी बनी रहेगी जो आकर्षण का केंद्र बनेगी। इन सभी पुतलों के निर्माण में बड़ी मात्रा में बोरा, बांस, कपड़ा, पेपर, रस्सी का उपयोग किया जाता है। अभी इन सभी पुतलों का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है अब फिनिशिंग टच बाकी है।

## डांडिया नृत्य कार्यक्रम का आयोजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** तिवारी दुरा स्थित सनातन धर्म समिति बौली बगीचा दुर्गा पूजा समिति और महिला शक्ति स्वरूपा शास्त्री चौक लोहरदगा के द्वारा नवरात्रि के शुभ अवसर पर षष्ठी पूजा के दिन डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दुर्गा मां की आरती और मां की भक्तिपूर्ण गानों के साथ डांडिया गरबा से की गयी। बौली बगीचा के कार्यक्रम के उद्‌घाटन के मौके पर राजेश महतो, हीरा अग्रवाल ने किया। जिसमें अविनाश महतो, सुनील अग्रवाल, कपिल मिश्रा, रामविलास सिंह, मदन मोहन पांडेय, बलबीर देव, बिनोद राय, सुमन राय, अभय महतो, नंदलाल महतो मौजूद थे। जबकि शास्त्री चौक के कार्यक्रम में निधि गुप्ता, खुशबू गुप्ता,रीमा साहू, प्रियंका खत्री, पूजा चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में एम बीडीए वी विद्यालय के प्रिंसिपल की धर्मपत्नी किरण झा और पूर्व प्रोफेसर महिला कॉलेज मंजू खत्री के द्वारा किया गया। छोटी कन्याओं के द्वारा मां के नौ रूपो के स्वरूप में फैंसी ड्रेस कंपटीशन कराया गया था मां दुर्गा, मां शैलपुत्री, मां कालरात्रि, मां कात्यायनी, मां चंद्रघंटा, मां कूष्मांडा आदि। जिसमें सभी बच्चों को पुरस्कार दिया गया। डांडिया रास नृत्य में धार्मिक प्रासंगिकता का पारंपरिक नृत्य के रूप में मनाया जाता है। इसके बाद माता रानी के लिए भोग प्रसाद लगाकर सभी के बीच भोजन की व्यवस्था की गयी। लोहरदगा शास्त्री चौक दुर्गा पूजा पंडाल के निकट बहुत सारी महिलाएं और लड़कियों की डांडिया और गरबा कार्यक्रम में भागीदारी रही। इस कार्यक्रम में शांति केसरी, उषा केसरी, शशिकला सिंह, प्रियंका केसरी, पुष्पा गुप्ता, निक्की केसरी, आवृत्ति गुप्ता, वंदना खत्री, निधि खत्री, बबीता देवी, कविता गुप्ता, रचना राय, आकांक्षा पाठक, आकांक्षा सर्राफ, निशा कुमारी, स्वाति चौधरी, आशा देवी, मनीषा देवी, प्रतिमा देवी, सुनीता देवी, राधा देवी और दुर्गा मां के स्वरूप में केसरी आस्था, मिष्टी, खुशी, अनमोल, शिवानी महिमा अश्वी ट्विशा अनाया आदि महिलाएं और बच्चे शामिल हुए।

## बरवाडीह में रक्तदान शिविर का आयोजन



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा और समर्पण भाव से जोड़ते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) बरवाडीह मंडल की ओर से सोमवार को पुराना ब्लॉक परिसर में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष सह शिविर संयोजक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। शिविर का उद्‌घाटन छिपादोहर मंडल के वरिष्ठ जनसंघी अशोक यादव ने फीता काटकर किया। 10 यूनिट रक्तदान करने वालों में जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेता कन्हाई सिंह, अमित कुमार, मनोज प्रसाद, अचल सिंह, विकास कुमार प्रजापति, रवि माली, वरुण सिंह, मनोज यादव और प्रवीण कुमार शामिल रहे। रक्तदान शिविर के संयोजक प्रवीण कुमार ने कहा कि यह रक्त उस समय काम आती है जब कोई मरीज आपात की स्थिति में होते हैं। भाजपा महामंत्री मनोज प्रसाद ने कहा कि रक्तदान महादान है और पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। शिविर में कार्यक्रम सह संयोजक पारस जायसवाल, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, सोशल मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर, जिला विशिष्ट कार्यसमिति सदस्य कन्हाई प्रसाद, किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य नंददेव सिंह, मंडल कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद, अनुसूचित जाति मोर्चा के दिलीप पासवान, उज्ज्वल कुमार समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। शिविर के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ जीवन और दीर्घायु की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दीं। साथ ही तय किया कि भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई जायेगी।

# डांडिया नाइट की सफलता ने इतिहास रचा : अरुणा शंकर

## थैंक यू पुलिस प्रशासन : प्रियंका सिंघानिया

प्रथम महापौर ने फिर एक बार कहा कि निगम चुनाव के बाद पलामू में बड़े स्टार्स को आमंत्रित कर कोयल महोत्सव का आयोजन किया जायेगा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं चेंबर लेडीज विंग द्वारा आयोजित दो दिवसीय डांडिया नाइट 2025 का शानदार समापन हुआ। मेदिनीनगर शहर के इतिहास में संभवत यह पहला कार्यक्रम है जहां हजारों की संख्या में महिलाओं ने एक साथ डांडिया खेल इतिहास रच दिया। दो दिवसीय कार्यक्रम में जहां फिल्म स्टार डेजी शाह एवं यूट्यूब मिलेनियम स्टार अंजलि अरोड़ा ने शहर की बहनों के साथ डांडिया खेल समा बांध दी। वहीं डीजे श्रेया ने शानदार धुन बजाकर बहनों को देर तक डांडिया खेलने पर मजबूर कर दिया। वहीं एंकर अंशिका गुप्ता ने अपने जबरदस्त एंकरिंग से कार्यक्रम में चार चांद लगा दी। कार्यक्रम की शुरूआत महिला हुनर हाट में बनी मिस और मिस्टर मेदिनीनगर ने अपने और अपने टीम की शानदार परफॉर्मेंस से आगाज की। सांस्कृतिक कार्यक्रम का देखरेख लाल के डायरेक्टर अजीत ने संभाल रखा था। वहीं इवेंट इंचार्ज रतन रवानी और मोनू ने कार्यक्रम में आर्टिस्ट को मुंबई से लाना और सजाने का काम किया।

इस अवसर पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि शहर हमारा सुंदर, संस्कारयुक्त संस्कृति के साथ विकसित हो रहा है यही हम सबों का लक्ष्य है और बहनें एवं बच्चे जो डांडिया के परिधान में डांडिया खेल इस नवरात्र के उत्सव को मना रहे, यही हमारी संस्कृति है। प्रथम महापौर ने फिर एक बार कहा कि निगम चुनाव के बाद पलामू में बड़े स्टार्स को आमंत्रित कर कोयल महोत्सव का आयोजन किया जायेगा।

चेंबर महिला विंग की सदस्यों ने कहा कि पहले दिन एक छोटी सी घटना को कार्यक्रम को बाधित करने के लिए सोशल मीडिया में कुछ लोगों ने बढ़ा चढ़ा कर प्रदर्शित करने का प्रयास किया। लेकिन दूसरे दिन मेदिनीनगर का उत्साह, बहनों का प्यार चेंबर के आयोजकों पर विश्वास दूसरे दिन दुगनी संख्या में महिलाएं, बच्चे, छात्राएं और बुर्जुगों का आना वैसे लोगों के चेहरे पर तमाचासीसी है। अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया ने कहा कि प्रथम महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में आगे भी महिलाओं द्वारा बड़े-बड़े कार्यक्रम किये जाने के बात कहीं ताकि हमारे शहर की पॉजिटिव पहचान बन सके।

इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला शक्ति की पहचान पलामू एसपी रीष्मा रमेशन एवं पूरे कार्यक्रम को सुरक्षा दे रहे राजीव सिंह, ज्योति लाल रजवार सर, ट्रैफिक की व्यवस्था संभाल रहे समाल अहमद एवं पलामू चेंबर के तमाम सदस्यों का पलामू डीसी खासकर चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने सबों को बधाई दी और कहा कि आप सबों के सहयोग के बिना इतना बड़ा कार्यक्रम संभव नहीं था। इस अवसर पर महिला विंग की अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया, उपाध्यक्ष कोमल अग्रवाल, रंजीता केडिया, सचिव शिखा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पूजा भिवानिया, एग्जीक्यूटिव संध्या जायसवाल, अलका सिंघानिया, आरती आनंद, शिवानी आनंद, मिस प्रीति, गुंजन अग्रवाल एवं काफी संख्या में महिला सदस्य उपस्थित थी।

# देवी दुर्गा की उपासना का एक जरिया नृत्य भी है : डॉ. सुनील

केकेएन स्टेडियम में आयोजित डांडिया नाइट का सुनील खवाड़े ने किया उद्घाटन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** डॉल्फिन डांस एकेडमी और चंद्रा इवेंट की ओर से केकेएन स्टेडियम में आयोजित डांडिया नाइट के दूसरे दिन के कार्यक्रम का उदघाटन वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. सुनील खवाड़े ने किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. खवाड़े ने कहा कि नवरात्र चल रहा है और नृत्य भी मां की उपासना का एक जरिया है। इसीलिए कार्यक्रम में भाग लेने वाली माताएं, बहनें, बेटियां सभी आदी शक्ति की स्वरूप हैं और समर्पित होकर डांडिया करें, ताकि मां की आराधना में डूब सके। उन्होंने कहा कि अपने शहर के कलाकार अजीत केसरी और मानस झा ने इस मिथक को तोड़ दिया है कि डांडिया अब आभिजात्य वर्गों से निकलकर देवघर जैसे छोटे से शहर में भी हो रही है। डांडिया और गरबा के लिए पहले गुजरात, दिल्ली जैसे महानगरों का रुख करना पड़ता था, लेकिन अब देवघर में भी डांडिया और गरबा के कई आयोजन हो रहे हैं, जो देवघर के सांस्कृतिक राजधानी होने की विरासत को और भी मजबूत करती है। डॉल्फिन डांस एकेडमी को मैं शैशवावस्था से जानता हूं, जब इसके चालू होने पर एकेडमी से जुड़े कलाकारों को विरोध का सामना करना पड़ा था। उस विषम परिस्थिति में भी मैंने अजीत केसरी और मानस झा को हौसला दिया था, जिससे आज कलाकारों का यह संगठन अपने उच्चतम शिखर पर पहुंच चुका है। डॉल्फिन डांस एकेडमी देवघर में पिछले 13 साल से नवरात्र पर डांडिया का आयोजन कर रही है। डॉल्फिन के आयोजन में चंद्रा इवेंट्स में चार चांद लगाया है। आने वाले दिनों में यह आयोजन और बेहतर होगा, ऐसी माता रानी से दुआ करता हूं।

## दुर्गा पूजा को लेकर ऊंटारी में निकाला गया फ़्लैग मार्च



ऊंटारी रोड़ (पलामू) (आजाद सिपाही) । ऊंटारी रोड़ में दुर्गा पूजा के दौरान विधी व्यवस्था बनाए रखने के लिए सोमवार को उंटारी रोड क्षेत्र में पुलिस और प्रशासन द्वारा फ़्लैग मार्च निकाला गया। फ़्लैग मार्च का नेतृत्व विश्रामपुर एसडीपीओ आलोक टुंडी एवं उंटारी रोड के बीडीओ श्रवण कुमार भगत ने किया। ऊटारी रोड़ सीओ वासुदेव राय एवं उंटारी रोड थाना प्रभारी संतोष कुमार गिरी एवं पांडू थाना प्रभारी विगेश राय सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे। इस दौरान ग्रामीणों को भरोसा दिलाया गया कि दुर्गा पूजा का पर्व शांति और सुरक्षा के साथ सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है और प्रतिबद्ध हैं। थाना प्रभारी संतोष गिरी ने लोगों से अपील किया की पर्व को आपसी भाईचारा और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं। साथ ही किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधी दिखने पर मामले की जानकारी तुरंत हमें सुचित करें। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योंहार के दौरान गड़बड़ी फैलाने वालों पर सख्त करवाईं की जायेंगी।

## हरिहरगंज में खुली रिद्धि प्लाइवुड और पेंट की दुकान



दुकान का उद्घाटन करते संचालक माता और अन्य।

हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)। नवरात्र के महासप्तमी के शुभ अवसर पर सोमवार को हरिहरगंज शहर के सब्जी मंडी स्थित रिद्धि प्लाईवुड, हार्डवेयर और पेंट्स का दुकान उद्घाटन हुआ। इसका उद्घाटन प्रोपराइटर उमेश विश्वकर्मा के माता सावित्री देवी ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद फीता काट किया। इस मौके पर आजसू पार्टी के नेता जितेंद्र विश्वकर्मा, भाजयुमो नेता राजीव रंजन, पूर्व मुखिया मथुरा रजक, अखिलेश मेहता, संजय जायसवाल, संतोष विश्वकर्मा, राजेश शर्मा, अजय शर्मा, दिनेश, अशोक, पवन आदि उपस्थित थे।

## मधुपुर में स्वर्गीय लता मंगेशकर का जन्मोत्सव मना



मधुपुर (आजाद सिपाही)। मधुपुर आर्टिस्ट ग्रुप एंड अकादमी सह किशोर कुमार फैन्स क्लब मधुपुर के बैनर तले सुर कोकिला स्वर्गीय लता मंगेशकर के 96वीं जन्मोत्सव पर 'मेरी आवाज ही पहचान है' संगीत मयी शाम मधुपुर शहर के मीनाबाजर स्थित रंजीत कुमार के निजी आवास पर आयोजित किया गया। जिसमें ग्रुप के संयुक्त सचिव श्री अशोक बारी ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मंच संचालन एंकर कुमार राजीव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रुप के सदस्य रंजीत कुमार, देवाशीष यादव कौशल किशोर, जय प्रकाश रवानी, संध्या कुमारी, वैष्णवी कुमारी, संजय सिंह, अजित डूबे, अशोक बारी, शैलेंद्र गौतम, नंद किशोर शर्मा, अखिलेश कुमार ने सराहनीय भूमिका निभाया।

# माता रानी की भक्ति से मिलती है अलौकिक शक्ति : हितेंद्र अवस्थी

पूजा पंडालों का खुला कपाट, दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**आजाद सिपाही संवाददाता**



कपाट खुलने के बाद पंडाल के सामने खड़े अतिथि।

**विश्रामपुर (पलामू)।** नवरात्र सप्तमी को विशेष पूजा अर्चना के बाद दुर्गा पूजा पंडालों का कपाट सोमवार को खोल दिया गया। कपाट खुलते ही मां के दर्शन के लिये पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द के दुर्गा पूजा पंडाल का कपाट भी आज श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोला गया। इससे पहले ग्रासिम इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, जनसंपर्क अधिकारी नीतेश पांडेय व रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरूआ ने मां दुर्गे की विशेष पूजा अर्चना कर कपाट खोलने की औपचारिकता पूरी की। हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि मां दुर्गा आदि शक्ति हैं। माता रानी की भक्ति से एक अलौकिक व विशेष शक्ति मिलती है। माता की भक्ति से मिले शक्ति का उपयोग हमेशा धर्म व समाज के हित में करना चाहिए। मौके पर नवयुवक संघ पूजा कमिटी के अध्यक्ष जयकांत शुक्ला, लायजन हेड नितेश पांडेय, वरिष्ठ समाजसेवी रामनाथ कश्यप, सुरेंद्र शुक्ला, विजय कांत शुक्ला, यजमान सुशील शुक्ला, आलोक शुक्ला, मदन शुक्ला, शशि भूषण शुक्ला, अनिल गिरी, विक्की शुक्ला, विष्णु शुक्ला, छोटे शुक्ला, ब्रजकिशोर शुक्ला, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, पार्षद दिनेश शुक्ला, प्रभात दुबे, अरविंद शुक्ला मुखिया, दीपक शुक्ला, मिथिलेश चौबे, पप्पू दुबे सहित पूजा कमिटी के सभी पदाधिकारी, सदस्य व काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# दुर्गा पूजा को लेकर मधुपुर अनुमंडल प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मधुपुर।** दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज हो गयी है। वहीं सोमवार को मधुपुर एसडीओ राजीव कुमार सिंह और डीएसपी सतेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में मधुपुर थाना से निकलकर थाना रोड, गांधी चौक, एसआर डालमिया रोड, हटिया रोड,पंच मंदिर रोड, पनाह कोला रोड,कमर मंजिल रोड, डंगाल पाड़ा, स्टेशन रोड होते हुए मधुपुर थाना पहुंचा। दुर्गा पूजा पर्व को देखते हुए मधुपुर प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला ताकि पूजा शांतिपूर्ण व सद्भाव पूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार सिंह ने कहा की दुर्गा पूजा को शांति और सौहार्द के साथ मनायें तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ना दें। उन्होंने कहा की किसी भी तरह की शांति व्यवस्था में बाधा डालने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। एसडीपीओ सतेंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है कि दुर्गा पूजा का आयोजन शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न हो।

मौके पर सीओ यामुन रविदास, प्रशासक नगर परिषद मधुपुर सुरेंद्र किस्कु, अंचल पुलिस निरीक्षक देवेश कुमार भगत थाना के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद नईम, मोहम्मद औरंगजेब, युसूफ मल्लिक, शौकत खान, उमेश रजक, एएसआई डीके मिश्रा, सामंत कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में पुलिस के जवान ने फ्लैग मार्च कर शहर में शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की। साथ ही दुकानदारों को भी हिदायत दी कि त्यौहार को देखते हुये मुख्य सड़क का अतिक्रमण न करें।

# मां की पूजा कर विधायक संजय ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली मांगी

यह बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व है : विधायक संजय यादव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



फीता काटकर पूजा पंडाल का उद्घघाटन करते विधायक संजय सिंह यादव।

**हुसैनाबाद ।** हुसैनाबाद शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में मां दुर्गा का दुर्गोत्सव शुरू हो गया है। शहर के पटेल चौक के समीप दुर्गा पूजा कमिटी द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है, जिसका उद्घाटन सोमवार को स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक श्री यादव ने कहा कि दुर्गा पूजा का पर्व मां दुर्गा के नौ रूपों से शक्ति और सामर्थ्य ग्रहण करने का अवसर है। यह बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व है। वह मां दुर्गा से मंगल कामना करते है कि सबके जीवन में खुशियां और समृद्धि की लौ जलती रहे। मौके पर दुर्गा पूजा कमिटी के अध्यक्ष राजकुमार राज, सचिव सोनू पटेल, मोहित पटेल, अमित पटेल, मनीष पटेल, प्रदीप पटेल, विकास पटेल, कमलेश पटेल, जाकिर अली, प्रमोद सिंह समेत काफी संख्या धर्म प्रेमी श्रद्धालु उपस्थित थे।

भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक ने वोटर लिस्ट में गड़बड़ी को लेकर विपक्ष पर साधा निशाना, कहा

# एसआइआर लोकतंत्र के लिए आवश्यक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**देवघर।** देवघर पहुंचे भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट में हो रही गड़बड़ी को ठीक करने के लिए SIR कराया जा रहा है। इस पर कांग्रेस और झामुमो का विरोध अनावश्यक है। शशांक राज ने कहा कि राहुल गांधी और हेमंत सोरेन को आपत्ति क्यों है? क्या वह दौर भूल गये हैं कि जब बूथ लूट होते थे, बम फेंके जाते थे और लोग मतपेटी उठाकर ले जाते थे? वह दौर लालू जी के बिहार का दौर था, जो असली वोट चोरी थी। आज जब वोटर लिस्ट का सत्यापन हो रहा है ताकि केवल असली वोटर ही सूची में रहें, तब कांग्रेस और झामुमो सवाल उठा रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि झारखंड में भी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में वोट चोरी की घटनायें सामने आती रही हैं। राजमहल में ही 20 से 25 हजार वोटर अचानक बढ़ जाते हैं। ये वोटर आते कहां से हैं? यह साफ करना बेहद जरूरी है। SIR इस देश और लोकतंत्र दोनों के लिए आवश्यक है। प्रदेश अध्यक्ष ने हेमंत सोरेन पर हमला बोलते हुए कहा कि वह दूसरे राज्यों में जाकर वोट चोरी का मुद्दा उठाते हैं, लेकिन झारखंड में हो रही गड़बड़ी पर चुप रहते हैं। इसके अलावा शशांक राज ने भारत की पाकिस्तान पर क्रिकेट जीत को भी ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा, 'यह सिर्फ खेल नहीं बल्कि देश की भावना है। जैसे हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को करारा जवाब दिया था, वैसे ही भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को मैदान में हराकर देश का मान बढ़ाया है।'

# वैदिक मन्त्रोंचारण के बीच मां दुर्गा का खुला पट

## पांकी विधायक ने मां दुर्गा की पूजा कर क्षेत्रवसियों के लिए सुख-समृद्धि और खुशहाली मांगी

**अमलेश ठाकुर**



**पांकी / पलामू (आजाद सिपाही)।** रामजानकी मंदिर परिसर मे नवरात्रि के सप्तमी तिथि कों वैदिक मंत्रोंचार के साथ पूजा पंडाल का पट खुला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ शशिभूषण मेहता विशिष्ट अतिथि भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश के कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता, प्रमुख पंचम प्रसाद, बीडीओ सह सीओ ललित प्रसाद सिंह, पांकी मध्य जिला परिषद खुशबू कुमारी, पुलिस इंस्पेक्टर पुनम टोप्पो, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मुरली प्रसाद, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, उपप्रमुख अमित चौहान, पांकी मुखिया प्रेम प्रसाद, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री अजय प्रसाद गुप्ता सहित अन्य अतिथियों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर पट खोला गया। मां दुर्गा का पट खुलते ही पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। इस अवसर पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि दुर्गा पूजा का पर्व मां दुर्गा के नौ रूपों से शक्ति और सामर्थ्य ग्रहण करने का अवसर है। यह बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व है। उन्होंने पांकी विधानसभा क्षेत्र वासियों के लिए मां दुर्गा से सुख शांति और समृद्धि कामनाओ के साथ नवरात्रि की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम का संचालन विकाश प्रसाद गुप्ता उर्फ गोलू ने किया।

मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, साधु मांझी, समाजसेवी अनूप गुप्ता, ललित मेहता, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडे, पारसनाथ सिंह, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, सुनील कुशवाहा, अनारिक राम, समाजसेवी सुनील गुप्ता, लोहरसी मंडल अध्यक्ष रौशन सिंह, दुर्गा पूजा की कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता, समाज सेवी उपेंद्र गुप्ता संस्कार सोनी, रुपेश प्रसाद, पप्पू गुप्ता अजीत प्रसाद, संजय गुप्ता, चिंटू गुप्ता, विकाश गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने हरिहरगंज दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन कर भाईचारे का दिया संदेश



हरिहरगंज मेन बाजार स्थिति दुर्गा मंदिर पूजा पंडाल का उद्घाटन करते विधायक

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। नवयुवक सांस्कृतिक समिति द्वारा हरिहरगंज स्थित श्री दुर्गा मंदिर के मेन बाजार में आयोजित दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन सोमवार को राजद प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने महासप्तमी के दिन फीता काट कर किया। इस अवसर पर विधायक ने भक्तों के लिए माता रानी का दरबार खोला, जिसके बाद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने इस मौके पर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी और कहा यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस पर्व के दौरान हम सभी को जात-पात और आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर भाईचारे के साथ इसे मनाना चाहिए। विधायक के साथ इस कार्यक्रम में उनके पुत्र रवि यादव भी उपस्थित रहे, जिन्होंने क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान राजद के प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, राजद नेत्री कुशवाहा संगीता, संजय यादव, महादेव यादव, रंजित पासवान, अशोक यादव, अशोक जायसवाल, कामाख्या सिंह, शशि पासवान, राज अल्ली, दीपक कुमार यादव, आलमगीर आलम उर्फ टुडे, छोटेलाल गुप्ता, राजेंद्र यादव, अवधेश यादव, राजकुमार पासवान, बिरेंद्र पासवान सहित अन्य कई गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

## देवघर में चिकित्सा और जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का घेराव 03 अक्टूबर से

देवघर (आजाद सिपाही)। झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, देवघर के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र ने सिविल सर्जन कार्यालय के विरुद्ध आंदोलन की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि यदि बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो 03 अक्टूबर 2025 को अपराह्न 1 बजे से सिविल सर्जन कार्यालय का घेराव किया जाएगा, जो वेतन भुगतान होने तक जारी रहेगा। संघ की ओर से बताया गया कि जिले के 2211 शीर्ष और बॉन्ड सेवा के कर्मचारियों का मार्च 2025 से वेतन/मानदेय लंबित है। विडंबना यह है कि आवंटन उपलब्ध होने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया। संघ का आरोप है कि तत्कालीन लेखा लिपिक के स्थानांतरण के बाद 2211 शीर्ष समेत अन्य महत्त्वपूर्ण संचिकाएं स्थानी को हस्तांतरित नहीं की गईं, जिसके चलते वेतन भुगतान ठप हो गया है। इस स्थिति से कर्मचारियों में गहरा रोष व्याप्त है और सर्वसम्मति से आंदोलन का निर्णय लिया गया है। जिलाध्यक्ष मिश्र ने बताया कि जब इस संदर्भ में पत्र देने संघ के पदाधिकारी सिविल सर्जन कार्यालय पहुंचे तो कार्यालय बंद पाया गया। उन्होंने बकाया वेतन से वंचित सभी कर्मचारियों से आह्वान किया है कि वे निर्धारित समय और स्थल पर अवश्य पहुंचें और आंदोलन को सफल बनाएं।

## मधुपुर स्टेशन पर एएमपीएस और केटरिंग में स्वच्छता की जांच की गयी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मधुपुर।** मधुपुर सीटीआई अमरदीप कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रम के तहत सोमवार को मधुपुर रेलवे स्टेशन के एम.पी.एस और केंटरीन स्टॉल विक्रेताओं को स्टेशन परिसर और ट्रेनों में स्वच्छता बनाये रखने का निर्देश दिया है, जिसके तहत खाना बनाते और परोसते समय व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखने, सिर पर कैप पहनने और ग्लव्स पहनने, तथा कचरा निर्धारित कूड़ेदान में ही फेंकने के निर्देश दिए गए हैं। इस निर्देश का पालन न करने पर वेंडर के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी गयी है। स्टॉल संचालकों और कर्मचारियों को खाना बनाते और परोसते समय व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया है। खाद्य सामग्री बेचने वाले वेंडरों को निर्देश दिया गया है कि वे कचरा इधर-उधर न फेंकें, बल्कि निर्धारित कूड़ेदान में ही डालें। नख और नाखूनों की सफाईः खाद्य पदार्थ तैयार करते समय स्टाफ के नाखूनों की गंदगी साफ रखने का निर्देश दिया गया है।

रेलवे प्रशासन द्वारा समय-समय पर इन स्टॉलों की जांच की जाती है और अनियमितता मिलने पर वेंडर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। यह निर्देश रेलवे के 'स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत यह अभियान चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य यात्रियों को स्वच्छ वातावरण और खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। मौके पर स्वास्थ्य निरीक्षक कुमार अभिमन्यु, सीसीटीसी कुमार रंजन समेत रेलवे कर्मी मौजूद थे।

### सिसई थाना रोड के श्री दुर्गा पूजा समिति पूजा पंडाल के अलावा बसिया, कोनबीर और घाघरा सहित विभिन्न जगहों पर पूजा पंडालों का हुआ उद्घाटन

# पंडालों के पट खुलते ही मां दुर्गा के दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

आजाद सिपाही टीम

**सिसई/बसिया/घाघरा।** थाना रोड स्थित श्री दुर्गा पूजा समिति की ओर से बनाये गये आकर्षक एवं भव्य पूजा पंडाल का सोमवार को मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, जिला परिषद अध्यक्ष किरण बाड़ा, पूजा समिति के अध्यक्ष बिट्टू गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन से पूर्व आचार्य कृष्ण कुमार मिश्रा ने विधिवत पूजा अर्चना कराया। उसके बाद सभी ने माता रानी का जयकारा लगाते हुए दर्शन किया। मुख्य सलाहकार आकाश लाल ने बताया कि इस वर्ष नव युवकों द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है। भक्तों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इसके लिए समुचित व्यवस्था की गई है। कहा कि यहां के दुर्गा पूजा का 75 वर्ष से गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। साल 1950 में दुर्गा पूजा की शुरूआत हुई थी। दो वर्ष तक माता रानी की फोटो रखकर पूजा की गयी। इसके बाद साल 1952 से मूर्ति स्थापित कर पूजा की जा रही है। बताया जा रहा कि नवमी को डांडिया कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें शामिल होने के इच्छुक श्रद्धालु समिति से संपर्क कर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। वहीं, दशमी को भक्ति जागरण कार्यक्रम और एकादशी को नगर भ्रमण के साथ मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम आयोजित होगा। उधर, उद्घाटन समारोह में भूमि दाता के पुत्र लक्ष्मी नाथ भगत, समाज सेवी राजकिशोर शर्मा, रोहित शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव डेविड, पंकज कुमार साहु, तेजमोहन साहु, माना गुप्ता, पंकज गुप्ता, विनय कुमार केशरी सहित पूजा समिति के कार्यकर्ता और भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। इस असर पर पुजारी कुंदन शर्मा ने बताया कि महासप्तमी को बिल्व वृक्ष पूजन, शाखा ग्रहण, नव पत्रिका स्नान, नव पत्रिका प्रवेश के साथ नेत्र दान अनुष्ठान किया गया इसके साथ ही माता रानी का पट खोला गया। जिसके बाद भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। बताया कि मंगलवार को 1.44 बजे महाअष्टमी पूजन और संधि बलि, बुधवार की सुबह 11.30 बजे से दोपहर दो बजे तक महानवमी पूजन, कन्या पूजन एवं हवन होगा। दूसरी ओर, दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर घाघरा प्रखंड मुख्यालय का माहौल भक्तिमय हो गया है। सोमवार को बीडीओ दिनेश कुमार और थाना प्रभारी पुनीत मिंज ने संयुक्त रूप से घाघरा चांदनी चौक दुर्गा पूजा समिति, थाना चौक दुर्गा पूजा समिति, मिलन चौक दुर्गा पूजा समिति, हनुमान वाटिका दुर्गा पूजा समिति और नौडीहा दुर्गा पूजा समिति के पंडालों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने कहा कि दुर्गा पूजा शक्ति, आस्था और सद्भाव का पर्व है। उन्होंने पूजा समितियों और उपस्थित श्रद्धालुओं से अपील की कि त्योहार को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह या अनुशासनहीनता से बचें। वहीं, थाना प्रभारी पुनीत मिंज ने सुरक्षा व्यवस्था पर बल देते हुए कहा कि पूजा के दौरान पुलिस बल और स्वयंसेवक हर समय तैनात रहेंगे। उधर उद्घाटन के बाद पूजा समितियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर माता का कपाट खोल दिया। जिसके बाद माता के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। वातावरण देवी गीतों और जयकारों से गूंज उठा। पूजा समितियों ने भरोसा दिलाया कि वे प्रशासन के सभी दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे और शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में महोत्सव संपन्न कराएंगे। दूसरी ओर, **कोनबीर ऊपर चौक** पूजा समिति की ओर से पूजा की शुरूआत 1962 में की गयी। पूर्व में प्रखंड मुख्यालय कोनबीर हुआ करता था। उस समय के बीडीओ की पहल पर दुर्गा पूजा की शुरूआत 1962 में की गई थी। पूजा समिति के प्रथम अध्यक्ष स्व ईश्वर पांडेय थे। इस वर्ष केदारनाथ का प्रारूप में पंडाल का निर्माण मुन्ना टेंट हाउस बसिया द्वारा किया गया है। वहीं, **बसिया** मुख्यालय में इस वर्ष से सरना मैदान स्टेडियम के समीप रामचंद्र कुमार सिंह के संरक्षण और नमन कुमार चौधरी की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा की शुरूआत की गयी है। पंडाल का निर्माण स्थानीय टेंट हाउस द्वारा किया गया है। **बसिया प्रखंड** के बनई में दशहरा के दशमी में लगभग 450 वर्षों से भैंसा बलि देने की परंपरा चली आ रही है। बनई में दुर्गा पूजा एवं भैसा बलि देने की शुरूआत राय परिवार द्वारा शुरू की गयी थी। रॉय परिवार के पूर्ण चंद्र राय ने बताया कि लगभग 450 वर्ष पूर्व से बनई में दुर्गा पूजा एवं दशमी के दिन भैसा की बलि देने की परंपरा चली आ रही है। पूर्ण चंद्र राय के परदादा किशोरी मोहन राय, दादा दिगम्बर राय एवं पिता आनंद मोहन राय ने भी इस परंपरा को बनाये रखा। इसके अलावा दुर्गा पूजा समिति नीचे चौक भागीडेरा कोनबीर में दुर्गा पूजा की शुरूआत 2017 से हुआ जिसके प्रथम अध्यक्ष विश्वम्बर पांडेय बनाये गये। एक वर्ष इसके अध्यक्ष अरुण मिश्रा भी रहे। कोनबीर नीचे चौक का पंडाल का साज सज्जा इस वर्ष बेहतर बनाया गया है। वर्तमान में मुन्ना चौधरी पूजा समिति के अध्यक्ष है। जबकि बसिया प्रखंड के लौंगा गांव में 1993 से दुर्गा पूजा की शुरूआत शिक्षक विजयत कुमार गुप्ता के पहल से ग्रामीणों की एकजुटता से सामुदायिक भवन में शुरूआत की गयी। पूजा पंडाल सामुदायिक भवन को ही साज सज्जा कर की जाती रही है। बसिया मुख्यालय स्थित धर्मशाला में दुर्गा पूजा की शुरूआत 1958 से हुई है। पूर्व में केवल बसिया से सुदूरवर्ती बनई में दुर्गा पूजा होती थी, लेकिन दूरी को देखते हुए स्थानीय समाजसेवियों द्वारा 67 वर्ष से भव्य रूप से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। उधर, घाघरा के चांदनी चौक दुर्गा पूजा पंडाल इस वर्ष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। भव्य सजावट, रंग-बिरंगी रोशनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पंडाल जगमगा रहा है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। पूजा समिति ने सुरक्षा एवं सुविधा के विशेष प्रबंध किये हैं, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्वक दर्शन कर सकें। **घाघरा थाना चौक** स्थित मां दुर्गा मंदिर में वर्ष 1926 से लगातार पूजा हो रही है। इसकी शुरूआत तत्कालीन थानेदार बंगाली बाबू ने कराई थी। तभी से यहां परंपरागत ढंग से पूजा-अर्चना जारी है। नवरात्रि पर मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ती है और धार्मिक उत्साह का माहौल रहता है। घाघरा प्रखंड मुख्यालय से सात किलोमीटर दूर देवाकी गांव में वर्ष 2004 से दुर्गा पूजा आयोजित हो रही है। इसकी शुरूआत डॉ रंजीत सरकार ने ग्रामीणों का मनोबल बढ़ाकर कराई थी। तब से यहां पूजा उत्साहपूर्वक होती आ रही है।













घाघरा थाना चौक दुर्गा मंदिर की प्रतिमा


देवकी गांव में विराजी मां दुर्गा




बनई दुर्गा पूजा समिति


लौंगा दुर्गा पूजा समिति




कोनबीर नीचे चौक दुर्गा पूजा समिति

## हड्डी और मस्तिष्क विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार 4 अक्टूबर को गुमला में

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड के प्रसिद्ध नस हड्डी और मस्तिष्क विशेषज्ञ डॉ. अनिल कुमार चार अक्टूबर को गुमला में रहेंगे। वे पालकोट रोड स्थित निलेश मेडिकल हॉल में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक रोगियों की जांच करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए निलेश मेडिकल हॉल के संचालक दिलीप निलेश ने बताया कि समय पर पहुंच कर रोगी डॉ अनिल से मिल कर रोग संबंधी परामर्श ले सकते हैं।

## प्रशासनिक बैठकों में उपाध्यक्ष को शामिल करने का आग्रह



**गुमला (आजाद सिपाही)।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने दक्षिणी छोटानागपुर अंतर्गत पड़ने वाले जिलों के डीसी और एसपी को पत्र भेजकर प्रशासनिक बैठकों में चेंबर की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी को भी शामिल करने का आग्रह किया गया है। पत्र में जानकारी दी गई है कि इस क्षेत्र के लिए चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के रूप में रमेश कुमार चीनी प्रतिनिधित्व करेंगे। इस स्थिति में व्यवसायिक और औद्योगिक समस्याओं का समाधान उनके द्वारा संपादित किया जाएगा। इसलिए किसी भी प्रकार की वार्ता को लेकर रमेश चीनी से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने प्रशासन की ओर से गठित समन्वय एवं सलाहार समितियों में उन्हें शामिल करने का अनुरोध किया है।

## दसई करम पूर्व संध्या एवं मिलन समारोह का आयोजन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** मुख्यालय के प्लस टू स्टेडियम में प्रखंड स्तरीय दसई करम पूर्व संध्या एवं मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न गांवों से आए महिलाओं और पुरुषों ने आदिवासी परिधान में मंदार नगाड़ा के खोड़ा नृत्य प्रस्तुत किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बिशुनपुर थाना प्रभारी अर्जुन कुमार यादव और समिति के अध्यक्ष बिरसाय उरांव मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। थाना प्रभारी अर्जुन कुमार यादव ने कहा कि करम पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़ने और पारंपरिक मूल्यों को अपनाने का अवसर प्रदान करता है। मैं इस आयोजन के लिए समिति और स्थानीय लोगों को बधाई देता हूं। कार्यक्रम में खोड़ा नृत्य और अन्य आदिवासी नृत्यों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर सेरका मुखिया जयमती देवी हेलता मुखिया सुशील मुंडा सोमा उरांव, जोगेंद्र उरांव संतोष उरांव बंधन उरांव प्रकाश बड़ाईक कैलाश खेरवार धनलाल उरांव प्रकाश उरांव जोशेफ उरांव बिगलाल उरांव चंद्रेश उरांव संजय दिल को सहित कई लोगों ने आयोजन में सक्रिय योगदान दिया।

## महासप्तमी को निकली कलश यात्रा शामिल हुईं 251 महिलाएं-बच्चियां

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर सोमवार को सप्तमी पर कलशयात्रा निकाली गई। जिसमें 251 श्रद्धालु महिलाएं-बच्चे शामिल हुए। जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड मुख्यालय स्थित सार्वजनिक दूर्गा पूजा मंदिर परिसर में सोमवार की सुबह सात बजे के स्थानीय श्रद्धालु महिलाएं-बच्ची काफी संख्या में एकत्रित हुए। इसके बाद अरुण ठाकुर के नेतृत्व में शंख, घंटा और गाजे-बाजे के साथ सभी महिलाएं कामडारा के स्थानीय बड़ा तालाब पहुंचे। वहां पुरोहित पंडित देवनारायण मिश्र ने विधिपूर्वक मंत्रोच्चारण कर कलश में जल का उठाव कराया। इसके बाद कुल 251 महिलाएं 'जय श्रीराम और दुर्गा माता की जयकारे के साथ कलशयात्रा निकाली, जो कामडारा बस्ती-नगर की परिक्रमा करते हुए सार्वजनिक दूर्गा मंदिर परिसर पहुंची। वहां कलश को स्थापित की गई। इस दौरान दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष यमुना प्रसाद गुप्ता, संतोष साहु, अनिरुद्ध ठाकुर, बबलू रजक आदि उपस्थित थे। उधर कामडारा प्रखंड क्षेत्र के पोकला गेट और सालेगुटू पंचायत क्षेत्र अंतर्गत गांव बकसपुर में सोमवार को विधिपूर्वक सप्तमी पूजन किया गया। दोनों स्थानों पर पूजा पंडाल को काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया है। शाम को पूजा के बाद सभी स्थानों पर पंडाल का पट दर्शनार्थियों के लिए खोल दिया गया।



## गुमला पुलिस की कई होटलों और रेस्तरां में की छापामारी

## भारी मात्रा में अवैध शराब-बीयर जब्त, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** एसपी हरिश बिन जमां को त्योहारों में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री की सूचना मिलने पर गुमला के सिलाफारी गांव स्थित विभिन्न होटलों में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान सिलाफारी स्थित जनता फैमिली रेस्टोरेंट में छापामारी के क्रम में 12 बोतल और 12 केन बीयर बरामद हुआ। इसके बाद रेस्टोरेंट संचालक जनता साहू को जब्ती सूची बनाकर गिरफ्तार किया गया। वहीं, सिलाफारी स्थित राजकुमार साहू ढाबा में भी छापामारी की गयी। होटल के फ्रिज में नामी कंपनी की 24 बोतल बीयर बरामद हुई। इसके बाद राजेश साहू के ढाबा में छापामारी की गयी। होटल के फ्रिज एवं बोरा में छिपाकर विभिन्न ब्रांड्स के 16 बोतल शराब जब्त की गयी। वहीं, जायसवाल ढाबा होटल के बड़ा फ्रिज में 49 बोतल शराब-बियर बरामद हुआ। इसके बाद रात एक बजे सिलाफारी स्थित मनोज ढाबा में छापामारी की गयी। वहां से 12 बोतल शराब और 64 केन-बोतल बियर बरामद हुआ। जिसे जब्त कर होटल के संचालक गोविंदा साहू को गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त तीनों अभियुक्तों से पूछताछ की गयी। उन लोगों ने बताया कि पोडहा सिसई निवासी मुनेश्वर साहू उनकी दुकानों में शराब-बीयर पहुंचाता था। इसके बाद एएसआई मिंटू कुमार सिंह ने गुमला थाना में उपरोक्त सभी लोगों के विरूद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर होटल संचालक जनता साहू, गोविंदा साहू और राजकुमार साहू को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया।



## बिशुनपुर में सप्तमी को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** प्रखंड क्षेत्र स्थित मां दुर्गा की मंदिरों में सोमवार को सप्तमी पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मां का पट खुलते ही श्रद्धालु दर्शन के लिए कतारबद्ध होकर अपनी श्रद्धा प्रकट की। देर शाम मां की संध्या आरती में भी काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पुजारी जयशंकर पंडित ने कहा कि सप्तमी पूजा के अवसर पर मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन मां कालरात्रि की पूजा होती है, जो दुष्टों का नाश करने वाली हैं। श्रद्धालुओं ने मां की विशेष पूजा-अर्चना की और अपनी श्रद्धा प्रकट की। इस मौके पर सभी मंदिर परिसर में विशेष सजावट की गई थी। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना की।



## आशा लकड़ा ने पूजा पंडालों का किया उद्घाटन

**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो के स्कूल चौक शिवपुरी दुर्गा पूजा समिति के बने पूजा पंडाल का सोमवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा एवं समिति के सदस्यों ने विधिवत उद्घाटन किया। आचार्य सुदर्शन मिश्रा एवं भारत भूषण मिश्रा द्वारा विधि विधान से पूजा कराई गयी। सभी ने माता रानी के चरणों में मत्था टेककर सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद बाजार टांड स्थित श्री विष्णु मंदिर के दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचे, जहां आचार्य अवधेश मिश्रा एवं अंकित मिश्रा ने उन्हें पूजा अर्चना करवाया। इस दौरान माता रानी का चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके बाद हरिजन मुहल्ला स्थित दुर्गा मंदिर पहुंचे, जहां आचार्य ऋषीकेष मिश्रा ने उन्हें विधिवत पूजा अर्चना करवायी। इसके बाद ब्लॉक चौक स्थित शक्ति क्लब दुर्गा पूजा पंडाल पहुंची जहां आचार्य गौतम मिश्रा ने उन्हें विधिवत पूजा अर्चना करवाया और माता रानी का चुनरी ओढ़ाकर एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी पूजा पंडालों में मां का दर्शन कर मत्था टेकते हुए राज्य और देश की तरक्की के लिए आशीर्वाद मांगा। साथ ही क्षेत्रवासियों को नवरात्र, दशहरा और विजय दशमी की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। इस मौके पर रामानंदन शाही, बजरंग केशरी, सतीश केशरी, भगवती केशरी, अभिषेक केशरी, मुरारी केशरी, मनीष गुप्ता, रंजीत गुप्ता, अमित गुप्ता, बादल शाही, श्याम लाल अग्रवाल, संजय गुप्ता, मनोहर लाल केशरी, हरिशंकर शंकर शाही, श्रीकांत केशरी, पीके सिंह, सुदामा केशरी, गोपाल सिंह, विवेक केशरी, भवेश मिश्रा, बिट्टू गुप्ता, शम्भू केशरी, राजकुमार केशरी, भूषण ठाकुर, सब इंस्पेक्टर अभिनंदन कुमार, निर्मल प्रसाद, सीआई शाहिद अनवर, बीएचओ मनोज कुमार झा, विवेक कुमार आदि मौजूद थे।



## बारिश में गिरा महिला का मकान, मुआवजे की मांग

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र की गुनिया गांव में बारिश के कारण पार्वती उरांव नामक महिला का घर क्षतिग्रस्त हो गया। इस संबंध में पीड़िता पार्वती ने बताया कि बारिश के कारण रविवार की रात घर की दीवार क्षतिग्रस्त होकर गिर गयी। जिससे घर में रखे कई सामान दब कर नष्ट हो गये। घर के छप्पर भी गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। बताया कि घर की स्थिति काफी दयनीय है। आर्थिक स्थिति भी खराब है। पार्वती ने आंचल प्रशासन से मुआवजे की मांग की है, ताकि घर बनाया जा सके। उधर, घटना की सूचना पाकर समाजसेवी करिमन उरांव ने पीड़ित महिला से मुलाकात कर आंचल प्रशासन से मुआवजा दिलाने की दिशा में सहयोग करने की बात कही।



आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 30 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# बीएसएल प्लांट हादसे में झुलसे मजदूरों से मिलने बोकारो जनरल अस्पताल पहुंचे डीसी

## एसडीओ चास, फैक्ट्री इंस्पेक्टर और बीएसएल को हादसे की जांच रिपोर्ट देने का निर्देश

**उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि घायलों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो ।** बोकारो स्टील लिमिटेड (बीएसएल) प्लांट में रविवार को घटित हादसे में झुलसे तीन मजदूरों का इलाज बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) के आईसीयू वार्ड में चल रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त अजय नाथ झा एवं अनुमंडल पदाधिकारी, चास प्रांजल ढ़ांडा रविवार देर रात अस्पताल पहुंच घायलों की स्थिति का जायजा लिया।

इस हादसे में झुलसे मजदूर में ओम प्रकाश महली, प्रवीर कुमार एवं ब्रजेश महथा है। उपायुक्त ने आईसीयू वार्ड में घायलों का उपचार कर रहे चिकित्सकों की टीम से बातचीत कर उपचार संबंधी जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि घायलों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाये।

उन्होंने हादसे की जांच के लिए एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा को 12 घंटे में रिपोर्ट उपलब्ध कराने को निर्देश दिया। फैक्ट्री इंस्पेक्टर एवं बीएसएल ईडी को भी हादसे की अलग रिपोर्ट समर्पित करने को कहा गया। उपायुक्त ने स्पष्ट तौर पर कहा कि रिपोर्ट में जिस स्तर से लापरवाही पायी जायेगी उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने घायल के परिजनों को उचित मुआवजा एवं ऐसी घटना की पुनरावृत्ति भविष्य में नहीं हो। इसको लेकर बीएसएल प्रबंधन को ठोस पहल करने को कहा है।


घायल श्रमिक का हाल पूछते डीसी और डीडीसी।

### सांसद ढुल्लू महतो बीजीएच पहुंचकर घायल कर्मियों का हालचाल जाना



बोकारो इस्पात प्लांट हादसे की जानकारी मिलते ही धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो भी बीजीएच पहुंचे और घायल कर्मियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों को बेहतर से बेहतर इलाज उपलब्ध कराने को कहा और घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की। सांसद ने इस हादसे को सेल प्रबंधन की घोर लापरवाही करार दिया। कहा कि यह दुर्घटना बीएसएल प्रबंधन की सेफ्टी टीम की नाकामी का प्रत्यक्ष परिणाम है। इस घटना के दोषी अधिकारियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। इस मामले को उच्च स्तर पर उठाया जायेगा।

### मणिकांत धान ने कहा, बीजीएच में भर्ती ठेका श्रमिकों के लिए राउरकेला और भिलाई से बुलाये गये विशेषज्ञ


बीएसएल संचार प्रमुख मणिकांत धान।


28 सितंबर को बीएसएल के एसएमएस -2 में हुई घटना में बर्न इंजूरी के कारण भर्ती किये गये तीनों ठेका श्रमिकों के बेहतर इलाज के लिए प्रबंधन प्रयासरत है। इस दिशा में 29 सितंबर को सुबह एक विशेष विमान से इस्पात जनरल अस्पताल, राउरकेला से विशेषज्ञ डॉ गिरिजा शंकर साहू बोकारो बुलाये गये हैं। जहां वे बीजीएच के बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ अनिंदो मंडल के साथ मिलकर मरीजों का इलाज करेंगे। इसी कड़ी में भिलाई स्टील प्लांट के जेएलएन अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर से बर्न यूनिट के विभागाध्यक्ष डॉ उदय कुमार भी बीजीएच के चिकित्सकों की टीम को मरीजों के इलाज में सहयोग करने हेतु 29 सितंबर की शाम बोकारो पहुंच जायेंगे। बोकारो स्टील प्रबंधन ने घटना की जांच के लिए तीन सदस्य कमिटी का गठन कर दिया है। बोकारो इस्पात प्रबंधन इस कठिन समय में प्रभावित कर्मियों और उनके परिवारों के साथ खड़ा है, साथ ही उन्हें हर संभव चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता है।

# डांडिया महोत्सव में आये भोजपुरी कलाकार के प्रोग्राम में हुई चाकूबाजी, एक युवक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो के नया मोड़ स्थित वेस्टर्न फॉर्म में आयोजित डांडिया महोत्सव में हुई विवाद के बाद चली चाकू बाजी में एक युवक घायल हो गया। यह विवाद दो पक्षों के बीच हुई है। जानकार बताते हैं कि इस घटना में तीन लोग घायल हुए हैं। घटना में घायल युवक का नाम नीरज कुमार बताया जा रहा है। गुजरात के तर्ज पर बोकारो में इन दिनों डांडिया महोत्सव का आयोजन बोकारो में किया जा रहा है और आयोजकों द्वारा इस महोत्सव में भोजपुरी कालाकार के कई हिरो और हिरोइन को बुलाया जा रहा है और मनोरंजन के नाम पर अश्लीलता खूब परोसी जा रही हैं।

इस मामले पर बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा ने भी संज्ञान लेते हुए आदेश जारी किया कि किसी भी महोत्सव में अश्लीलता ना परोसी जाये अन्यथा उन पर कानून सम्मत कार्रवाई की जायेगी। लेकिन उपायुक्त के आदेश के बाद भी आयोजक के द्वारा आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए अश्लीलता परोसने का व्यापार उनका जारी है इसी का खामियांजा रहा की नया मोड़ के वेस्टर्न फॉर्म में डांडिया महोत्सव में यह घटना घटी जिसमें भोजपुरी कलाकार कलुआ को बुलाया गया था और इसी आयोजन में दो पक्षों में विवाद हुई और फिर चाकूबाजी तक चली। इस घटना के बाद सेक्टर 4 थाना पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल में जुटी हुई है।



### भूतगाड़िया बस्ती में युवक की चाकू घोंपकर हत्या


मृतक गणेश भुइयां का फाइल फोटो।

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** बोर्रागढ़ ओपी क्षेत्र के भूतगढ़िया भुइयां बस्ती में रविवार देर रात एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गयी। मृतक की पहचान 22 वर्षीय गणेश भुइयां, निवासी बस्ताकोला चांदमारी, के रूप में हुई है। इस घटना में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार गणेश भुइयां अपनी ससुराल भूतगढ़िया बस्ती में रहता था। रविवार की रात किसी बात को लेकर उनकी एक शख्स से बहस हो गयी। देखते ही देखते बहस हाथापाई और फिर चाकूबाजी में बदल गयी। इसी दौरान गणेश भुइयां पर ताबड़तोड़ चाकू से वार कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद प्राथमिक उपचार के लिए टाटा अस्पताल ले जाया गया। वहां स्थिति गंभीर होने पर दोनों को धनबाद रेफर कर दिया गया। लेकिन धनबाद पहुंचते ही गणेश भुइयां ने दम तोड़ दिया। बोर्रागढ़ थाना प्रभारी निरंजन कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह घटना आपसी झगड़े का परिणाम लग रहा है। उन्होंने पुष्टि की कि गणेश भुइयां की मौत चाकू के वार से हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी। पुलिस आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी को लेकर छानबीन कर रही है।

## धनबाद के विभिन्न दुर्गा मंडपों में पूजा शुरू



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोलाबऊ स्थापना के साथ ही धनबाद के विभिन्न दुर्गा पूजा मंडपों में महा सप्तमी की पूजा का शुभारंभ हुआ। बंगाली परंपरा के अनुसार सप्तमी की सुबह विभिन्न पूजा समितियों के सदस्यगण ढाक, शंख और उलू ध्वनि के बीच नाचते-गाते स्थानीय तालाबों से जल भरकर और नवपत्रिका को स्नान कर पूजा पंडालों में लेकर पहुंचे। इसके बाद विधि-विधान के साथ कोलाबऊ यानी नवपत्रिका की स्थापना कर महा सप्तमी पूजा आरंभ की गयर। हीरापुर क्षेत्र के मंदिरों और पूजा पंडालों में परंपरा अनुसार आयोजन हुआ। नेपाल काली मंदिर, हीरापुर दुर्गा मंदिर, जगदंबा मंदिर, खोखन तालाब स्थित मंदिर, बंगाली कल्याण समिति, देवी पाड़ा और झरना पाड़ा की समितियों ने जेसी मल्लिक रोड स्थित खोखन तालाब से जल और नवपत्रिका लाकर शोभायात्रा के रूप में मंडपों में स्थापना की। इसी प्रकार हीरापुर हरि मंदिर, जगद्धात्री मंदिर, वाच एंड वार्ड कॉलोनी और हीरापुर पार्क मार्केट स्थित बंगाली वेलफेयर सोसाइटी ने पंपु तालाब से नवपत्रिका और घट जल लाकर मंडपों में स्थापित किया। धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में यह परंपरा पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ निभाई गयी, जिससे पूरे शहर का वातावरण भक्ति और उमंग से सराबोर हो गया।

## राजगंज में धूमधाम से निकाली गयी शोभायात्रा



**राजगंज (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र की पावन सप्तमी तिथि पर सेवा समिति राजगंज की ओर से नव पत्रिका आगमन हेतु भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। सुबह ठीक 6 बजे मां दुर्गा के जयकारों और ढाक-ढोल की गूंज के बीच शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई। यह यात्रा पूरे राजगंज क्षेत्र का भ्रमण करते हुए श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में गली कूल्ही स्थित बड़का बांध पहुंची। यहां हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में विधिवत मंत्रोच्चारण और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ आचार्य द्वारा नव पत्रिका पूजन संपन्न कराया गया।

## दुर्गा पूजा के शताब्दी वर्ष उपलक्ष्य में मां दुर्गा सेवा संस्थान ने आयोजित किया सम्मान समारोह



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद जिला के कलियासोल प्रखण्डांतर्गत नयाडीह ग्राम में दूर्गापूजा के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नशामुक्ति अभियान के मां दूर्गा सेवा संस्थान के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि नयाडीह ग्राम के ब्राह्मणों को बसाने वाले स्व पं दामोदर चौबे के पौत्र स्व पं गंगाधर चौबे ने सौ वर्ष पहले नयाडीह में मां दूर्गा स्थापना का शुभारंभ किया था। गंगाधर चौबे तत्कालीन समय लोदना कोलियरीज (ईस्ट इंडिया कंपनी) के सुप्रसिद्ध ठेकेदार थे। इस आयोजन की अध्यक्षता कर रहे डा.भवेश चंद्र चौबे अध्यक्ष हैं। उपस्थित सभी सज्जनों को अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्पुर्ण विप्र समाज के राष्ट्रीय महासचिव मुकुल ओझा, धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी, निरसा विधायक अरुप चटर्जी तथा पांडरा समाज के भारी-भरकम ब्यक्तित्व के मालिक मनु तिवारी सहित कई एक लोगों ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ब्राह्मणों में एकजुटता पर विशेष ध्यान देना होगा। मंच का संचालन मृणाल कांत चौबे तथा नयन कुमार चौबे ने किया। इस मौके पर शिखर मजलीश, नवागढ़ समाज,आर्ष परिषद कतरास समाज, अठगांवा समाज, शेरगढ़ समाज के साथ साथ धनबाद से भी बहुत ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित हुए। चुंकि यह सम्मान समारोह था इसलिए कार्यक्रम के साथ साथ अंत में संस्थापक स्व. पं दामोदर चौबे तथा स्व पं गंगाधर चौबे के तैल चित्र पर श्रद्धांजलि पुष्प अर्पित किया। मौके पर जेएमएम नेता तपन तिवारी, सुबल चंद्र तिवारी, संपुर्ण विप्र समाज के प्रदेश महासचिव सुरेश चंद्र तिवारी,राजेश्वर द्विवेदी, मीडिया प्रभारी बलराम उपाध्याय, रविन्द्र तिवारी, मुन्ना चौबे,राजेश पांडेय, चितरंजन दूबे, शेरगढ़ समाज के अध्यक्ष अजय उपाध्याय, बंसत मिश्रा तथा उद्धव नारायण तिवारी उपस्थित हुए।


# एमए ज्वेलर्स और मोती मार्ट में लगी भीषण आग, लाखों रुपये के नुकसान की आशंका

**फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां 4 घंटे के मशक्कत के बाद पायी आग पर काबू**

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो (बेरमो)।** बेरमो थाना अंतर्गत पुराना वीडिओ ऑफिस स्थित फुसरो बाजार के सबसे बड़ा ज्वेलरी दुकान एमए ज्वेलर्स तथा कपड़े का मॉल मोती मार्ट में भीषण आग लग गयी। इस आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 5 गाड़ी लगाना पड़ा, तब जाकर चार घंटे के मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। मोती मार्ट युवा व्यावसायिक संघ के संरक्षक देवदास की तथा एमए ज्वैलर्स उनके भाई गोपाल दास तथा रामानंद दास का है। दोनों दुकान एक ही बिल्डिंग में है, मोती मार्ट दुकान ग्राउंड फ्लोर में तथा एमए ज्वेलर्स फर्स्ट फ्लोर पर स्थित है। घटना के दौरान कई लोग बिल्डिंग में मौजूद थे हालांकि सभी लोग बाहर निकाले जा चुके हैं। देवीदास ने बताया कि दोनों दुकान के पीछे कपड़े का गोदाम है। जिसमें शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। जब सुबह 11 बजे ज्वेलरी दुकान खोला गया तो पीछे से धुआं उठता देखा गया तब आग लगने की पता चला। इस आगलगी में दुकान के सारे फर्नीचर जल गये। बताया जाता है कि दुकान का फर्नीचर अभी हाल में ही बनवाया गया था। इस घटना में दोनों दुकानों में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

इस घटना को सुनकर बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह, पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडे घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति की जायजा लिया।



# फूड सेफ्टी ऑफिसर ने एक दर्जन से अधिक मिठाई और किराना दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**40 मिठाई के नमूनों की स्पॉट पर की जांच, लगाया 29 हजार जुर्माना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉ राजा कुमार ने बलियापुर में एक दर्जन से अधिक मिठाई व किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

फूड सेफ्टी ऑफिसर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सभी मिठाई दुकानों में रसगुल्ला, लड्डू, चटनी, पनीर, खोया एवं अन्य खाद्य सामग्रियों की स्पॉट पर जांच की गयी। जो खाद्य सामग्री जांच में विफल हुई उनको फेंकवाये गया और खाद्य कारोबारी पर जुर्माना किया गया।


मिठाई दुकान का निरीक्षण करते फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉ राजा कुमार।

इस क्रम में अरविंद स्वीट्स, कर्माटांड मोड़ को समोसा मसाला और लड्डू में अखाद्य रंग के उपयोग करने पर 15000 रुपये जुर्माना किया गया। गणपति स्वीट्स के परिसर में अत्यधिक गंदगी के कारण 10000 रुपये का जुर्माना किया गया, जबकि आसनी स्वीट्स को अखाद्य रंग इस्तेमाल करने पर 2000 रुपये तथा मदन स्वीट्स को मिठाई में मृत तेलचट्टे पाये जाने के कारण 2000 रुपये जुर्माना किया गया और मिठाई फेकवा दिया गया। निरीक्षण में करीब 40 मिठाई के नमूनों की स्पॉट पर जांच की गयी।

इस दौरान सभी को मिठाई बनाने के लिए रसोई को स्वच्छ रखने, केवल खाद्य रंगों का इस्तेमाल करने, हेयर कवर और एप्रन पहनने और पूरे परिसर में समय समय पर कीटनाशक का छिड़काव करवाने का सख्त निर्देश दिया गया। साथ ही बताया गया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 का अनुपालन नहीं करने पर कड़ी करवाई की जायेगी। अभियान के दौरान बलियापुर थाना के पुलिस बल भी मौजूद थे।

# हमें अपने देश में निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए : कर्मवीर सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** विधायक राज सिन्हा ने आज जीएसटी रिफॉर्म एवं बचत उत्सव के तहत धनबाद के बिग बाजार एवं सरायढेला के विभिन्न बाजारों में भ्रमण एवं संवाद कार्यक्रम चलाया। विभिन्न दुकानदारों और व्यवसायीयों से मिलकर जीएसटी रिफार्म बचत उत्सव की चर्चा की एवम उपभोक्ताओं से बातचीत कर उन्हें गुलाब भेंट किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह उपस्थित थे।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाओं का अभियान हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और देश के विकास में योगदान देने के लिए स्वदेशी उत्पादों को अपनाना चाहिए। हमें अपने देश में निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए और विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम करनी चाहिए।

आइए, हम सब मिलकर आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाओं के अभियान में योगदान दें और अपने देश को मजबूत और समृद्ध बनाने में मदद करें।




विधायक राज सिन्हा ने दुकानदार भाइयों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लागू जीएसटी रिफॉर्म ने व्यापारियों को कर प्रणाली से बड़ी राहत दी है। इससे पारदर्शिता आई है, टैक्स चोरी रुकी है और आमजन को सस्ते दामों पर वस्तुएं उपलब्ध हो रही हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा महानगर जिला अध्यक्ष सरवन राय प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव अग्रवाल, ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, जिला महामंत्री मानस प्रसून, जिला मंत्री पंकज सिन्हा, सहित कई पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति का रजिस्ट्रेशन फॉर्म सप्तमी को लांच



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सोमवार को सर्व धर्म सामुहिक विवाह समिति के द्वारा दुर्गा महोत्सव के सप्तमी के दिन पूजा अर्चना कर रजिस्ट्रेशन फार्म का लांचिंग कर दी गयी है। प्रथम सोमवार को पहले दिन एक रजिस्ट्रेशन फार्म भी सामुहिक विवाह के लिए प्रमोद तिवारी के द्वारा ले ली गयी है। समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने जनकारी देते हुए बताया की प्रत्येक वर्ष की भांति लगातार 12 वें वर्ष गल्फ ग्राउण्ड धनबाद में 18 जनवरी 2026 को 101 जोडों का विवाह सभी धर्मों से जुडे लडके एवं लडकियों का विवाह की जायेगी, जिसकी तैयारी शुरू की जा चुकी है। फार्म लेने वाले इच्छुक जोडे रजिस्ट्रेशन फार्म ले सकते है। फार्म लेने के लिए- तीन स्थान 1. बेकार बांध स्थित पंडीत डेकोरेटर 2 मनईटाड स्थित ब्यूटी डेकोरेटर नीयर पानी टंकी के समीप 3.चीरागोडा स्थित कार्यालय होटल उडलैण्ड के समीप चयनित किये गये है। इसके लिए सम्पर्क सूत्र मोबाइल नो. 9431315954 है। बैठक में द्वारिका प्रसाद तिवारी, तारक नाथ दास, राधेश्याम, भरतजी भगत, अशोक पंडीत आदी मौजूद थे।

# नौवीं राष्ट्रीय पिकलबॉल प्रतियोगिता संपन्न

# झारखंड ने दो गोल्ड और दो सिल्वर मेडल जीता

**महाराष्ट्र और हरियाणा के बाद भारत में झारखंड ने तीसरा स्थान प्राप्त हासिल किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड पिकलबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बी सुधीर ने धनबाद स्थित अपने आवासीय कार्यालय में जानकारी दी की जम्मू में आयोजित 9 वीं राष्ट्रीय पिकलबांल प्रतियोगिता संम्पन्न हुआ। झारखंड 2 गोल्ड मेडल 2 सिल्वर मेडल और प्राप्त कर महाराष्ट्र और हरियाणा के बाद भारत में तीसरा स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी हासिल किया। जीगर विश्वकर्मा और सोनू कुमार ने अंडर -16 और ओपन कैटेगरी मे प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता, जबकि सोनू कुमार विश्वकर्मा और दीपक कुमार पासवान कि जोडी ने डबल्स मुकाबले में और शशि कुमार ने अंडर -19 कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीत कर झारखंड का मान राष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा किया। झारखंड पिकलबांल संघ के सचिव प्रभात कुमार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इन खिलाड़ियों का सम्मान समारोह करने कि घोषणा किया। इस उपलब्धि पर पिकलबांल संघ के पदाधिकारियों मे नीता कुमारी, उपाध्यक्ष बी. सुधीर, नरेश कुमार, गुंजन कुमार, देवराज आनंद, राजेश सिन्हा, विकास सिन्हा, अमित कुमार, निशांत भास्कर आदि पिकलबांल खेलप्रेमियों ने बधाई दिया।



# अपने कार्य में प्रतिदिन कुछ नया करें और सीखें : श्रीजीविन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जारंगडीह।** सीसीएल कथारा क्षेत्रीय स्टोर में कैटेगरी वन मजदूर भोला कुमार और चंदन कुमार मांझी को ग्रेड थर्ड में पदोन्नति का पत्र दिया गया। भोला कुमार स्टोर में सामान इश्यू करने और चंदन कुमार मांझी स्टोर कार्यालय में कार्यरत है। उन्हें थर्ड क्लर्क का प्रमोशन मिलने का कार्य हुआ है। विभागाध्यक्ष एमएम श्रीजीविन कुरियाकोस ने दोनों कर्मियों को फूलमाला पहनाकर प्रमोशन पत्र प्रदान किया। उन्होंने उपस्थिति कर्मियों से कहा मेरी ओर से किसी को कोई शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। दो तीन लोगों को और प्रमोशन देना है जिसकी प्रक्रिया जारी है। लेकिन सिर्फ प्रमोशन लेना ही आपकी उपलब्धि नहीं है। अगर जीवन में और आगे बढ़ना है तो प्रतिदिन एक दो नया काम सीखिए, आपकी मंजिल बहुत आगे है। जिस प्रकार कंपनी आपके सुख सुविधा का ख्याल रखती है आप भी प्रतिदिन समय से कार्यस्थल पर निर्धारित समय में उपस्थित होकर अपने कार्य को लगन के साथ पूरा करे।

चीफ स्टोरकीपर शिवपूजन सिंह ने कहा कुछ सहकर्मी ऐसे हैं जिनको स्टोर में आने के बाद काम दिखता ही नहीं, जबकि करनेवालों के लिए प्रतिदिन बहुत काम है। उन्होंने कहा मोबाइल से तकनीकी ज्ञान अर्जित करने की जगह कई लोग अपना समय वेवजह कार्यों में जाया कर देते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में स्टोर में ऐसे विभागाध्यक्ष आए हैं जो हमेशा हम सभी के सुख सुविधा का ख्याल रखते हैं। यहां उपस्थित सभी सदस्यों ने भोला कुमार और चंदन कुमार मांझी को बधाई दिया। इस अवसर पर चीफ स्टोर कीपर शशि कुमार, अरुण कुमार सिंह, गोपी चंद यादव, बिंदेश्वर यादव, नर बहादुर, मदन प्रसाद मुर्मू, जय प्रकाश पंडित, राजेंद्र पासवान, विनोद, पुसनी देवी और भवानी देवी उपस्थित थे।



## बरेली बवाल में पुलिस की बड़ी कार्रवाई


# मौलाना तौकीर के करीबी डॉ नफीस की मार्केट सील

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरेली।** बरेली में बवाल कराने के आरोपी आरोपी मौलाना तौकीर रजा खान फिलहाल जेल में हैं। वहीं उनके करीबी आइएमसी के पूर्व प्रवक्ता डॉ नफीस और पूर्व जिला अध्यक्ष नदीम खां पर भी जिला और पुलिस प्रशासन ने शिकंजा कस दिया है।

नगर निगम ने सोमवार को नावल्टी चौराहे स्थित डॉ. नफीस की मार्केट को सील कर दिया है। नफीस ने बवाल से पहले पुलिस के हाथ काटने और वर्दी उतरवाने की धमकी दी थी।

शहर के नावल्टी चौराहे पर पहलवान साहब के मजार के पास स्थित नफीस की मार्केट पहले से ही विवादित है। पूरा मार्केट नाले पर बनी होने का मामला कोर्ट में चल रहा है, जिस पर स्टे है।



### हाथ-पैर काटने की धमकी दी थी धमकी

डॉ नफीस ने आई लव मोहम्मद लिखे पोस्टर उतारने पर किला इंस्पेक्टर को हाथ पैर काटने और वर्दी उतारने की धमकी दी थी। उसका वीडियो भी वायरल हुआ था। वीडियो में वह कहा रहा है कि मैंने किला इंस्पेक्टर से साफ कह दिया कि बैनर पर हाथ लगाया तो हाथ काट लूंगा। वर्दियां नहीं बचेगी। इस वीडियो के वायरल होने पर किला थाने में नफीस के खिलाफ रिपोर्ट लिखी है।

### नावल्टी स्थित मार्केट में 48 दुकानों के साथ आइएमसी दफ्तर भी सील

नावल्टी स्थित मार्केट में 48 दुकानों के साथ मौलाना तौकीर रजा की पार्टी आइएमसी (इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल) का दफ्तर भी है, जो दूसरे फ्लोर पर है। दुकानों के साथ आइएमसी का दफ्तर भी सील किया है। डॉ नफीस मौलाना तौकीर का दाहिना हाथ बताया जाता है। वह खुद को वक्फ की बोर्ड संपत्ति का मुतवल्ली (संपत्ति की देखरेख करने वाले) बताकर किराये की वसूली करता है।

### वक्फ की संपत्ति खरीद-फरोख्त का आरोप

डॉ नफीस पर वक्फ की संपत्ति के साथ उसकी खरीद फरोख्त के भी आरोप लग चुके हैं। नौमहला मस्जिद के पास वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर बनायी गयी दुकानों को भी बेचने के मामले ने तूल पकड़ा था। हालांकि दबाव में आकर मामले को रफा दफा कर दिया गया। इस पूरे प्रकरण डॉ नफीस पर उसके बिगड़ैल बोल अब भारी पड़ते जा रहे हैं।

## करूर भगदड़ : राज्य सरकार की कमेटी ने जांच शुरू की

# सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए नये नियम बनेंगे : स्टालिन

- जेपी नड्डा ने एनडीए के 8 सदस्यीय दल का गठन किया, जो करूर का दौरा करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**करूर, तमिलनाडु।** करूर भगदड़ की जांच रिटायर्ड हाइकोर्ट जस्टिस अरूणा जगदीशन की अध्यक्षता वाली कमेटी को सौंपी गयी है। सोमवार को रिटायर जस्टिस करूर सिविल अस्पताल पहुंचीं। घायलों की हाल जाना।

वहीं, सीएम स्टालिन ने सोमवार को कहा कि कमेटी की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। साथ ही राजनीतिक दलों और अन्य संगठनों के आयोजित पब्लिक इवेंट्स (रैली-सभा) के लिए नये नियम बनाये जायेंगे।

सोमवार को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एनडीए के 8 सदस्यीय दल का गठन किया, जो करूर का दौरा करेगा। मथुरा सांसद हेमा मालिनी को दल का कन्वीनर बनाया गया है। अनुराग ठाकुर, तेजस्वी सूर्या भी इसमें शामिल हैं। बता दें कि तमिल एक्टर विजय की पॉलिटिकल पार्टी टीवीके की चुनावी रैली में 27 सितंबर का शाम भगदड़ मची थी। अब तक 41 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में 18 महिलाएं, 13 पुरुष और 10 बच्चे शामिल हैं। 95 लोग घायल हैं, जिनमें से 51 आइसीयू में भर्ती हैं।



### केंद्रीय मंत्रियों का करूर दौरा, पीड़ित परिवारों से मिले

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने सोमवार को करूर के वेलुसामीपुरम का दौरा किया। यहीं पर भगदड़ मची थी। इसके बाद अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। दोनों पुथुर गांव पहुंचे। यहां के पांच लोगों की भगदड़ में हुई। इधर, रविवार रात एक्टर विजय के नीलांकरई स्थित घर को बम से उड़ाने की धमकी मिली। चेन्नई पुलिस को कॉल पर बताया गया कि घर में बम रखा है।

### एक्टर विजय के घर को बम से उड़ाने की धमकी

बता दें कि रविवार रात एक्टर विजय के नीलांकरई स्थित घर को बम से उड़ाने की धमकी मिली। चेन्नई पुलिस को कॉल कर बताया गया कि घर में बम रखा है। पुलिस ने तुरंत एक्टर के घर की सुरक्षा बढ़ाई और बम स्क्वॉड ने तलाशी ली। हालांकि, अब तक विस्फोटक मिलने की खबर नहीं है।

## गांधी आश्रम धुर्वा में दो अक्टूबर को धूमधाम से मनायी जायेगी गांधी जयंती : मोख्तार सिंह



**रांची (आजाद सिपाही)।** हर वर्ष की भांति गांधी आश्रम सेक्टर-2 धुर्वा में आगामी 2 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे गांधी जयंती धूमधाम से मनायी जायेगी। यह जानकारी मोख्तार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि बड़े हर्ष की बात है कि उसी रोज मां दुर्गा की भी पूजा है। पहले हम सभी मां दुर्गा से देश की रक्षा, जनता की भलाई और सब तरह से देश समृद्ध हो, का आशीर्वाद मांगेंगे। इसके बाद बापू के बताये हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लेंगे। आइए, बापू के आदर्शों पर चलने का संकल्प लें और 2 अक्टूबर को बापू के बताये उन तमाम रास्तों और आदर्शों पर चलेंगे और देश की रक्षा करने के लिए, प्रजातंत्र की रक्षा करने के लिए, हम हर तरह की कुर्बानी करने का संकल्प लेंगे और बापू के रास्ते पर चलकर देश को अचल और अमर बनायेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के बाद महाभोग में प्रसाद का वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अंत में मां दुर्गा के चरणों में प्रणाम करते हुए आशीर्वाद लेकर और बापू के रास्ते पर चलने का संकल्प लेकर समारोह को समाप्त किया जायेगा।

Eye Care | Eye Hospital | Eye Wear
Nayan Sukh Opticians
Your EYES are precious Please Take Care of them
- Screening for all types of Eye diseases
- Hearing Aids ■ Machine
- All Types of latest & Luxury branded Frame
- Eye Glasses, Sun Glasses & Contact Lenses
H.B.Road, Beside Santovita Hospital, Ranchi
Tel.: 0651-2201795, Mob.: 9334424892

## शिक्षा सबसे बड़ा धन : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**राजधनवार, गिरिडीह** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने सोमवार को धनवार प्रखंड क्षेत्र के कैलाढाब पंचायत के रूपनाडीह गांव में एक सौ केवी ट्रांसफार्मर का लोकार्पण किया। श्री सिंह ने कहा कि अरगाली गांव में ट्रांसफार्मर का लोर्कापण के समय रूपनाडीह गांव के लोग भी ट्रांसफार्मर जल जाने की समस्या से हमें अवगत कराया था, जहां वरीय अधिकारियों से संपर्क कर नया ट्रांसफार्मर दिलाया। मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने बच्चों और युवाओं को मन लगा कर पढ़ाई करने की राय दी। कहा कि शिक्षा ही सबसे बड़ा धन है। इसके बाद श्री सिंह भाजपा कार्यालय बरजो पहुंचे और लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। कुछ लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निदान भी कर दिया। लोकार्पण के मौके पर भाजपा युवा नेता उपेंद्र सिंह, चेतलाल वर्मा, कौशल पंडित, पंकज पंडित, लखन यादव, टिंकू यादव, नारायण साव और प्रकाश दास आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

WIG HOUSE
Before After Before After Before After
OUR PRODUCTS & SERVICES
- Non Surgical Hair Replacement
- Hair Weaving
- Hair Patch Servicing
- Clip in hair Extensions
- Tape in Hair Extensions
- Pre Bonded Hair Extensions
- Micro Bead Hair Extensions
- Wefted Boundles
- Closure
- Frontal
- 360 Frontal
OUR PRODUCTS & SERVICES
- Cancer Patient Wigs
- Full Lace Wigs
- Front Lace Wigs
- Mono Silk Topper
Before After Before After
2nd Floor, Beside Novelty Shop, GEL Church Complex, Main Road, Ranchi-834001
Call : 7250847497, 8210170843

UC URBAN CLASSES
URBAN CLASSES
Scholarship Up To 100%
FACULTY - IIT/NIT
JEE/NEET
XI-XII FOUNDATION
IX-X PRE-FOUNDATION
Congratulations!
95.8% 12th PCM in 3 month
DPS Ranchi Kumar Harsh
FREE ADMISSION
SPOKEN ENGLISH FOREIGN LANGUAGES
★ FRENCH
★ SPANISH
★ RUSSIAN
★ GERMAN
★ KOREAN
★ JAPANESE
8877441121
8877441124
Head Office-RS Tower 3rd Floor Lalpur Opp K.C Roy Memorial Hospital Ranchi-1

TEXMO® AQUATEX®
TEXMO® Borewell Submersibles Single Phase/Three Phase Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX® Agricultural Monoblocks Open-well Submersibles Pumps Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

Pankaj Kumar Prop.
Festival Offer 20% off
PERFECT JEANS
All Men's Wear
Piska More, Ranchi,
6203505097/6203392926

VP VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आवश्यकता
आजाद सिपाही दैनिक अखबार
धनबाद के लिए कैमरामैन,
एंकर एवं विज्ञापन के लिए
लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है
मासिक वेतन न्यूनतम 10,000/-
योग्यता अनुसार दिया जाएगा
संपर्क सूत्र : 6200085283, 9386849203

Ethics IVF and Fertility Centre
IVF टेस्ट ट्यूब बेबी
अब आपकी 'नन्ही सी खुशी' का इंतज़ार होगा खत्म
रजिस्ट्रेशन करने पर पाए IVF पैकेज पर 20% तक की छूट
आई.वी.एफ OPD मिलें अनुभवी IVF विशेषज्ञ से
प्रत्येक रविवार को
IVF OPD & FREE | ULTRASOUND - FREE
SEMEN TEST - FREE
V.I.P. चौक, देवघर पैलेस V-MART के पिछे दूसरे तल्ला पर, झारखण्ड (814112)
+91 8866 86 5216
+91 7486 07 9830

VACCINE HOUSE वैक्सीन हाउस
Vaccination Center
The Vaccination Experts Since 2007
वैक्सीनेशन की सुविधा घर पर
Vaccinations available for
- Newborn
- Adult
- Pregnant Woman
- Senior Citizen
Painless Vaccines | Varicella MMR | Influenza Hepatitis A | Typhoid (TCV) MCV
HYGIENIC ECONOMICAL TIME SAVING
- अन्य क्लिनिकों के मुकाबले टीके कम कीमत पर उपलब्ध
- 100% ऑरिजिनल प्रोडक्टस ● 100% कोल्ड चेन मेंटेन्ड स्टोरेज
- प्रमाणित और प्रशिक्षित स्टाफ नर्स द्वारा टीकाकरण
www.vaccinehouse.com
Ranchi : Bariatu Road, Opp. Middle School, Karamtoli Chowk 9304342555
Patna : Vijay Aman Apt., 1st Floor, Nr. Gravity Mall, Main Road, Kankarbagh 8102526611

Yogendra Mistri : 9199053376 Amin Macanic : 86178782
NEW MOTOR KRAFT
(A Multi Brand Car Service Center)
SERVICE DENTING AND PAINTING BREAKDOWN SERVICE
AC WORK PICKUP AND DROP SERVICE FREE
Available Genuine Parts With Genuine Service Charges.
TATA SUZUKI HYUNDAI TOYOTA Mahindra
Add : Khelgaon Road, Khatanga, Ranchi, Jharkhan

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र•वास्तु शास्त्र•हस्त शास्त्र•अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**